

सीईसी के साथ बैठक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीच में छोड़ी- 12



वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 7-8 % की वृद्धि दर कायम रखना शीर्ष प्राथमिकता - 12



ट्रंप को ईरान से समझौते की उम्मीद खामेनेई की युद्ध के विरुद्ध चेतावनी - 13



दिल्ली की नजरें लगातार चौथी बार फाइनल में पहुंचने पर- 14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.53
सूर्यास्त 05.53

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया 12:40 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 3 फरवरी 2026, वर्ष 35, अंक 364, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# आम बजट से प्रदेश को मिलेगी विकास की नई उड़ान : योगी

## सेमीकंडक्टर, रक्षा-एमएसएमई और इन्फ्रास्ट्रक्चर से यूपी बनेगा निवेशकों की पहली पसंद

- हाई-स्पीड रेल, फ्रेट कॉरिडोर व जलमार्गों से प्रदेश को मिलेगा लॉजिस्टिक्स हब का दर्जा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने आम बजट 2026-27 को उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट राज्य के औद्योगिक, आर्थिक व सामाजिक विकास को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि सुधार, वृद्धि व वित्तीय अनुशासन का संतुलित दस्तावेज होने के कारण यह बजट 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य में यूपी की भूमिका को और मजबूत करेगा।

सोमवार को आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने जिस सुधारवादी विकास यात्रा को अपनाया है, उसका ठोस प्रतिबिंब इस बजट में दिखाई देता है। किसान, युवा, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग सभी की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर बजट तैयार किया गया है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य होने के कारण यूपी को इसका सर्वाधिक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ के विशेष फंड की घोषणा यूपी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश में करीब 96 लाख एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं, जो लगभग तीन करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार देती हैं। यह प्रावधान ओडीओपी योजना को नई तकनीक, स्किल ट्रेनिंग, आधुनिक पैकेजिंग और वैश्विक निर्यात से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि 12.2 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय से यूपी में सड़क, रेल, औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ-साथ हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से प्रदेश राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभरेगा। बजट में घोषित सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में से दो उत्तर प्रदेश को मिलने से यात्रा समय घटेगा और उद्योग, व्यापार व पर्यटन को नई गति मिलेगी।

इनलैंड वाटरवे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी–हल्दिया जलमार्ग पहले ही संचालित है और इसके विस्तार से माल ढुलाई की लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। वाराणसी में शिप रिपेयर और मेंटिनेंस इकोसिस्टम के विकास से प्रदेश का जलमार्ग नेटवर्क और अधिक सशक्त होगा। औद्योगिक विकास की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर पार्क, डेटा सेंटर और बायो-फार्मा हब से उत्तर प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। प्रदेश में 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक के डेटा सेंटर निवेश हो चुके हैं। ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क और गौतम बुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क यूपी को वैश्विक फार्मा हब की दिशा में आगे ले जा रहे हैं। पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म और आयुर्वेद पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में 15 पुरातात्विक स्थलों के विकास का प्रावधान किया गया है, जिनमें सारनाथ और हस्तिनापुर शामिल हैं। इससे पर्यटन के साथ रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। 10 हजार टूरिस्ट गाइडों के प्रशिक्षण से स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में यूपी देश में अग्रणी बन चुका है। देश के 55 प्रतिशत मोबाइल फोन और 60% इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का निर्माण यहां हो रहा है। खेल उद्योग में मेरठ, आगरा और कानपुर तेजी से उभरते क्लस्टर बन रहे हैं। आम बजट 2026-27 यूपी को विकास, निवेश और विश्वास का केंद्र बनाते हुए विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाएगा।



लखनऊ में बजट के संदर्भ में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### प्रत्येक जिले में इमरजेंसी व ट्रॉमा सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आम बजट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर सेंटर खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 'गोल्डन आवर' में समय पर उपचार मिलने से अनमोल जानें बच सकेंगी और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

### पीडीए बहाना, असली लक्ष्य परिवारवाद

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पीडीए के नाम पर किए जा रहे राजनीतिक हमले केवल बहाना हैं, असली उद्देश्य परिवारवाद को बचाना है। उन्होंने कहा कि आज देश को परिवार मानकर गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में काम हो रहा है। यह बजट नए भारत और नए उत्तर प्रदेश का प्रतिबिंब है। जहां सड़कें भी हैं और गति भी, निवेश भी है और विश्वास भी, पहचान भी है और आत्मगौरव भी।

# चीन मुद्दे पर लोस में हंगामा

## नरवणे के संस्मरण को लेकर राहुल का सत्तापक्ष पर वार





- प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री पर निशाना साधा, सत्तापक्ष और कांग्रेस के बीच हुई तीखी नोकझोंक
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा-नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सदन में पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण के मसौदे के कुछ अंश का हवाला देकर प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री पर निशाना साधने का प्रयास किया, जिस पर सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को मिला तथा सदन की कार्यवाही बाधित हुई।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष की बातें पूरी तरह से काल्पनिक हैं और वह सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सदन में गतिरोध बने रहने पर सभा की बैठक पहले अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक, दूसरी बार तीन बजकर आठ मिनट पर शाम चार बजे तक और फिर चार बजकर 10 मिनट पर मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष सदन में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के मसौदे के उस अंश को पढ़ना चाहते थे जिसमें 31 अगस्त, 2020 की एक घटना का उल्लेख है।

यह संस्मरण अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस नेता से कई बार यह अपील की कि वह पुस्तक या किसी पत्रिका को सदन में उद्धृत नहीं कर सकते, हालांकि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख का हवाला देते हुए चीन के साथ भारत के सैन्य तनाव का विषय उठाने का प्रयास किया और दावा किया कि पूर्व सेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चरित्र के बारे में भी बताया है। इस विषय पर कार्यवाही पहली बार स्थगित होने से पहले जब लोकसभा में गतिरोध जारी था तब प्रधानमंत्री मोदी भी सदन में मौजूद थे।

### नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए



गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा कि सदन में पुस्तक और पत्रिका में प्रकाशित बातों को नहीं रखा जा सकता और नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए। बिरला ने राहुल गांधी से कई बार कहा कि वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखें। जब राहुल इस संस्मरण के कुछ अंश सदन के पटल पर रखने पर अड़े रहे तो बिरला ने कहा, आप लगातार आसन की अवमानना कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वह आसन को चुनौती नहीं दे रहे हैं, बल्कि चीन के साथ भारत के रिश्ते के बारे में बात रखना चाहते हैं। सदन में लगातार गतिरोध बने रहने पर बिरला ने लोकसभा की बैठक अपराह्न दो बजकर नौ मिनट पर अपराह्न तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा की बैठक पुन: शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर इसी मुद्दे को रखने का प्रयास किया और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

## ब्रीफ न्यूज

### वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर टीम सिंगापुर एयर शो में लेगी भाग

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर टीम तीन से आठ फरवरी तक आयोजित होने वाले सिंगापुर एयर शो 2026 में भाग लेगी। सारंग एरोबैटिक टीम का गठन 2005 में किया गया था जिसमें पांच अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एएलएच ध्रुव मॉडल पर आधारित हैं।

### रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 44 पैसे के सुधार के साथ 91.49 पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की ऊंची कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आरबीआई 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया।

# महिला का अपहरण कर जबरन धर्म परिवर्तन कर किया निकाह

- विरोध करने पर गाली गलौज कर धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के युवक पर अपनी 20 वर्षीया पत्नी का अपहरण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट और विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि वह अनुसूचित जनजाति (थारू) समाज से है। उसकी 20 वर्षीय पत्नी को सिंगाही के मोहल्ला गुड़ मंडी वार्ड संख्या 9 निवासी इरफान तीन दिन पूर्व बहला-फुसलाकर जबरन धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाने के उद्देश्य से अपने साथ ले गया। पीड़ित के अनुसार पूरे प्रकरण में इरफान का भाई हनीफ और पिता नईम भी शामिल हैं। इरफान पहले से शादीशुदा है। जब उन्होंने आरोपी इरफान के घर जाकर पत्नी को वापस करने की बात कही तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट पर आमादा हो गए और गालियां देते हुए भगा दिया।

आरोप है कि 31 जनवरी को इरफान ने मैसेंजर आईडी के माध्यम से फोन कर जातिसूचक गालियां दीं और धमकी दी कि उसकी पत्नी का धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लिया गया है। साथ ही शिकायत करने पर उसे और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसकी जानकारी जब बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं को हुई तो वह थाने पहुंचे और कड़ा विरोध जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इरफान, उसके भाई और पिता के खिलाफ एससी एसटी एक्ट, विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पैराग्लाइडिंग



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में सोमवार को बर्फ से ढकी सोलांग घाटी में स्कीइंग और पैराग्लाइडिंग करते पर्यटक।

# आठ मेडिकल कॉलेजों में कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य के आठ स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यों की नियुक्ति कर दी है। इन चिकित्सा महाविद्यालयों में निवर्तमान प्राचार्यों का निर्धारित तीन साल का कार्यकाल बीते 20 जनवरी को पूर्ण होने के बाद नए प्रशासनिक नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिन महाविद्यालयों में कार्यवाहक प्राचार्यों की नियुक्ति की गई है, उनमें कानपुर देहात में उसी कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ.हरप्रीत सिंह, सोनभद्र में उप प्रधानाचार्य डॉ.आनंद कुमार, अमेठी में पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ.योगेश यादव, कुशीनगर में उप प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष गुप्ता शामिल हैं। इसके अलावा बुलंदशहर में जनरल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ.संजय कुमार मिश्र, गोंडा में बायोकेमिस्ट्री विभाग की डॉ.बीना सिंह, सुल्तानपुर में उप प्रधानाचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा और बिजनौर में उप प्रधानाचार्य डॉ.तुहिन वशिष्ठ को भी वहीं का कार्यवाहक प्राचार्य बनाया गया है।

# सीबीआई ने साइबर वित्तीय अपराध के खिलाफ देशव्यापी कार्रवाई की, दो गिरफ्तार

- व्यापक बहुराष्ट्रीय कार्रवाई के तहत 10 राज्यों के 35 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने साइबर वित्तीय अपराधों पर व्यापक बहुराष्ट्रीय कार्रवाई के तहत देश में 35 स्थानों पर एक व्यापक तलाशी अभियान चलाने के बाद दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' नाम से यह कार्रवाई 30 जनवरी को अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय में शुरू की गई थी।

सीबीआई अधिकारियों ने दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों में 35 स्थानों पर तलाशी ली। इस अभियान के तहत देश में कई साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की गई, जो अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत में लोगों को निशाना बनाते थे। सोमवार को सीबीआई ने बताया कि एजेंसी ने एक और अंतर्राष्ट्रीय साइबर वित्तीय अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो नयी दिल्ली, गाजियाबाद और कर्नाटक से संचालित हो रहा था।

### जाली कुवैती ई-वीजा व कई डिवाइस जब्त

यह नेटवर्क कुवैती ई-वीजा उपलब्ध कराने व पैसे के बदले कुवैत की प्रमुख कंपनियों में नौकरी दिलाने की आड़ में संचालित किया जा रहा था। अभियान के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड डिस्क जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, जिनमें जाली कुवैती ई-वीजा और प्रमुख कंपनियों में काम करने के लिए नियुक्ति पत्र थे। 60 लाख नकद भी बरामद किए हैं।

# तीसरे दिन चांदी 52,000 टूटी सोना 12,800 रुपये कमजोर

नई दिल्ली, एजेंसी

चांदी की कीमतें लगातार तीसरे दिन तेजी से गिरीं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में यह 52,000 रुपये टूटकर 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत डॉलर के बीच सोना टूटकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 52,000 रुपये, या लगभग 17 प्रतिशत टूटकर 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई।

शनिवार को, चांदी 19 प्रतिशत, या 72,500 रुपये गिरकर 3.12 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी। पिछले तीन सत्रों में, चांदी की कीमतें 1,44,500 रुपये, या लगभग 36 प्रतिशत गिरकर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे आ गई हैं। 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम का स्तर 29 जनवरी को दर्ज किया गया जो अब तक की सबसे ऊंची कीमत थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पर भी बिकवाली का असर पड़ा। सोमवार को यह 12,800 रुपये, या 7.73 प्रतिशत गिरकर 1,52,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया।



# कश्मीर में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल 4.6 रहा

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में सोमवार तड़के 4.7 तीव्रता का भूकंप आया जिससे बारामूला जिले के पट्टन व आसपास के इलाकों में लोगों में दहशत फैल गई। किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप तड़के पांच बजकर 35 मिनट पर 10 किमी की गहराई में आया व इसका केंद्र पट्टन क्षेत्र में था, जो पर्यटक स्थल गुलमर्ग से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

भूकंप के झटके करीब 20 सेकंड तक महसूस किए गए। कश्मीर घाटी एक अत्यंत सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा पिछले साल नवंबर में जारी राष्ट्रीय भूकंपीय जोखिम मानचित्र में कश्मीर समेत पूरे हिमालयी क्षेत्र को भूकंपीय जोन छह में रखा गया है।

**सुझाव** | जाति दर्ज करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

# जनगणना के प्रश्न सार्वजनिक करने पर विचार करे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2027 की सामान्य जनगणना में नागरिकों की जाति संबंधी आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से सोमवार को इन्कार कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र और भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय को जनहित याचिका में इस मुद्दे पर दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है।

शिक्षाविद् आकाश गोयल की ओर से दायर याचिका पर पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने कहा कि नागरिकों के जाति संबंधी विवरण को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले एक पारदर्शी प्रश्नपत्र को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि जाति संबंधी आंकड़ों की पहचान के लिए पहले से तय कोई आंकड़ा नहीं है। जनगणना की प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बनाए गए 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है जो प्रतिवादी प्राधिकारियों को जनगणना करने के विवरण और तौर-तरीके तय करने का अधिकार देते हैं।

सीजेआई ने कहा, हमारे पास इस बात पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता और ऐसे ही विचार रखने वाले कई और लोगों की ओर से जताई गई आशंका के मद्देनजर प्रतिवादी प्राधिकारी किसी भी तरह की गलती से बचने के लिए विशेषज्ञों की सहायता से मजबूत व्यवस्था विकसित कर चुके होंगे। हमें लगता है कि याचिकाकर्ता ने महापंजीयक को दिए गए प्रतिवेदन के जरिए कुछ प्रासंगिक मुद्दे भी उठाए हैं। पीठ ने कहा कि प्राधिकारी याचिका में उठाए गए सुझावों पर विचार कर सकते हैं।



### धर्मांतरण रोधी कानूनों के खिलाफ दाखिल याचिका पर केंद्र और 12 राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण रोधी कानूनों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली नेशनल काउंसिल ऑफ चर्चेज इन इंडिया (एनसीसीआई) की नई याचिका पर सोमवार को केंद्र के साथ राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश सहित 12 राज्यों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। एनसीसीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा के जरिए दाखिल इस याचिका में धर्मांतरण रोधी कानूनों के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एनसीसीआई की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए नई जनहित याचिका को इसी मामले में दाखिल अन्य याचिकाओं के साथ संबद्ध करने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ इन सभी पर एक साथ सुनवाई करेगी।

अमृत विचार



**न्यूज ब्रीफ**

### माघ मेला में लगीं 3800 रोडवेज बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित माघ मेला 2026 के दौरान उप्र. परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) द्वारा श्रद्धालुओं को सुविधाजनक बस सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। 1 फरवरी तक लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों ने परिवहन निगम की बसों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचकर संगम में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। यह जानकारी परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि माघ मेले के दौरान प्रदेश भर से लगभग 3800 बसों को प्रयागराज के लिए लगाया गया। परिवहन मंत्री ने बताया कि 3 जनवरी से 1 फरवरी के बीच प्रतिदिन औसतन 1,178 बसों का संचालन किया गया और लगभग 10 लाख यात्रियों ने परिवहन निगम की सेवाओं का उपयोग किया।

### दो औद्योगिक इकाइयों को 2.70 करोड़ प्रतिपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंदी गोपाल गुप्ता नंदी ने निवेश एवं उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए दो वृहद औद्योगिक इकाइयों को प्रतिपूर्ति राशि और एक इकाई को ब्याजमुक्त ऋण देने की स्वीकृति प्रदान की है। डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 1,53,49,543 रुपये और कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड को 1,17,34,221 रुपये की राशि प्रथम किस्त के रूप में देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस प्रकार दोनों कंपनियों को कुल 2,70,83,765 की प्रतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मंत्री नंदी ने चंदौली स्थित पावरकॉन सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड को 1.48 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त ऋण दिए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है।

### आपदाओं से निपटने की क्षमता को मजबूत करेंगे निर्देश : एडीएम

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जनपद, पंचायत तथा स्थानीय निकाय सहित सभी स्तरों पर आपदा तैयारी एवं प्रतिरोधकता में वृद्धि के लिए 37 दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आदित्य कुमार प्रजापति ने बताया कि ये दिशा-निर्देश तीन श्रेणियों हैजर्ड स्पेसिफिक, फैसिलिटी स्पेसिफिक एवं क्रॉस-कटिंग में विभाजित है। इसका उद्देश्य विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने की क्षमता को मजबूत करना है। गाइडलाइन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वेबसाइट एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। इन दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन से आपदा जोखिम में कमी लाने एवं त्वरित राहत-बचाव व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।



आदित्य कुमार प्रजापति, एडीएम।

### ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे वैशन आहरबीहर गांव निवासी राजू सरोज की तीन वर्षीया पुत्री मान्या सोमवार को दोपहर करीब एक बजे दरवाजे के बगल से गुजरी सड़क के किनारे खेल रही थी। इसी दौरान उधर से गुजर रही एक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। देखते ही परिजन घायल मासूम को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये। परीक्षण के बाद चिकित्सक ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने चालक समेत ट्रक को घेर कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया।



जनता दर्शन के दौरान बच्ची अनाबी अली से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

# योगी ने सराही मासूम अनाबी की कविता, लोरेटो कॉन्वेंट में एडमिशन के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को 'जनता दर्शन' के दौरान एक मासूम बालिका अनाबी अली के प्रार्थना पत्र पर शहर के लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में एडमिशन कराने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने उसकी कविता हम शेर बच्चे हैं हम बड़े होकर देश की शान बढ़ाएंगे.. सुनकर मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की। मुख्यमंत्री अपनी माताओं के साथ आए अन्य बच्चों से भी आत्मीय संवाद किया। साथ ही एक-एक कर सभी फरियादियों से मिले और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध कब्जा की शिकायतों पर दोषियों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री आवास पर अपनी मां के साथ बालिका अनाबी अली भी पहुंची। वह कान्वेंट स्कूल में एडमिशन की चाह लेकर आई थीं। इस दौरान उसने दिल को छू लेने वाली बातचीत की। उसकी बातें सुनकर योगी ने तत्काल उसका एडमिशन पक्का कराने के लिए अधिकारियों को आदेश दिया। योगी से मिलने के बाद अनाबी अली ने कहा कि ''मैं सीएम से मिली। उनसे लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में मेरा एडमिशन करवाने की रिक्वेस्ट की है। 'जनता दर्शन' में अवैध कब्जे से जुड़े कई प्रकरण सामने आए, जिन पर मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिक को न्याय के लिए भटकना न पड़े।

जनता दर्शन में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंचीं, जिनके बच्चे का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। महिला ने आर्थिक सहायता की मांग की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि 25 करोड़ प्रदेशवासी मेरा परिवार हैं। धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों को उपचार के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी।

# अंत: फसली खेती को मिशन मोड में करें लागू

## मुख्यमंत्री योगी ने समीक्षा बैठक में गन्ना के साथ तिलहन-दलहन की खेती को लेकर दिए निर्देश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



लखनऊ में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान अंत : फसली खेती को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाई देने का सबसे प्रभावी और व्यावहारिक रास्ता गन्ना आधारित तिलहनी-दलहनी अन्तःफसली खेती है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि बहु-गुणित करने की क्षमता रखता है।

मुख्यमंत्री सोमवार को इस विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उर्द और मूंग जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अन्तःफसल अपनाने से किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर नकदी प्रवाह मिलता है। इससे न केवल किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, बल्कि एकल फसल पर निर्भरता घटने से जोखिम भी कम होता है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल अतिरिक्त फसल, अतिरिक्त लाभ और अतिरिक्त सुरक्षा, तीनों एक साथ उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि योग्य भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं है। ऐसे में इकाई क्षेत्रफल से अधिक उत्पादन ही ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ने का व्यावहारिक रास्ता है। कहा कि गन्ना आधारित अन्तःफसली खेती प्रदेश के कृषि भविष्य का नया मॉडल है।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मिशन मोड में लागू किया जाए। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होती है, जिसमें 14.64 लाख हेक्टेयर नया बोया गया और 14.86 लाख हेक्टेयर पेड़ी क्षेत्र शामिल है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र में तिलहन-दलहन को व्यवस्थित रूप से जोड़ने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और प्रदेश को तिलहन-दलहन में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक बढ़त मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अन्तःफसल का चयन वैज्ञानिक और व्यावहारिक आधार पर हो तथा कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) और कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से इसे खेत-स्तर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अनुसंधान संस्थानों की सिफारिशों के अनुरूप रबी में सरसों-मसूर और जायद में उर्द-मूंग को प्राथमिकता देने को कहा।

# आधुनिक बीज नीति बनाएं : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- 5 वर्षों में पांच 'सीड पार्क', हर क्लाइमेटिक जोन में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि उत्पादन की वास्तविक शक्ति उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और प्रमाणित बीजों में निहित है। भूमि जोत के लगातार घटते आकार को देखते हुए अब रकबे के बजाय प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस करना होगा। इसी लक्ष्य के साथ उन्होंने प्रदेश के लिए एक नई, आधुनिक और भविष्य-दृष्टि वाली बीज नीति तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को आवास पर आयोजित बीज नीति को लेकर समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि उच्च उपज, रोग-प्रतिरोधी और जलवायु-सहिष्णु किस्मों के विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसी नीति बने, जो बदलती जलवायु और बाजार की चुनौतियों का समाधान दे। बीज नीति पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए बीज उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और उपलब्धता को नए स्तर तक ले जाने का ठोस रोडमैप बनाने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने भरोसेमंद आपूर्ति के लिए हर बीज की एंड-टू-एंड ट्रेसेबिलिटी अनिवार्य करने के निर्देश दिए। किसानों तक पहुंचने वाला हर बीज पैकेट परीक्षणित, प्रमाणित और मानक अनुरूप होना चाहिए। इसके लिए कृषि विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों, उपकार तथा निजी बीज उद्योग को एक मंच पर लाकर बीज अनुसंधान, नवाचार और किस्म-रिलीज प्रक्रिया को तेज करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने अगले पांच वर्षों में कम से कम पांच 'सीड पार्क' स्थापित करने की योजना पर तेजी से काम करने को कहा। ये पार्क उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता परीक्षण और भंडारण की एकीकृत सुविधाओं से लैस होंगे।

# श्री लंका में एशियाज आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित हुईं डॉ. अंजना

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जनपद की सुविख्यात साहित्यकार डॉ. अंजना सिंह सेंगर को श्रीलंका में आयोजित 'एशियाज आइकॉन अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें कोलंबो स्थित प्रधानमंत्री आवास में आयोजित समारोह में श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला यापा सिरिसेना द्वारा प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. अंजना सिंह ने कहा कि यह सम्मान जनपदवासियों को समर्पित है। क्षेत्र के लिए कुछ सार्थक व बड़ा करने की उनकी अभिलाषा सदैव बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि डॉ. अंजना सिंह सेंगर के पति आईएएस चंद्रभूषण सिंह वर्तमान में सचिव, माध्यमिक शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं। डॉ.अंजना को इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किए जाने पर जनपद के वरिष्ठ गजलकार राजमूर्ति सिंह 'सौरभ', गीतकार सुनील प्रभाकर, निर्झर प्रतापगढ़ी, अशोक सिंह, प्रेमशंकर पांडेय, राज नारायण शुक्ल राजन, अनूप अनुपम, रंजन सिंह, समीना अख्तर, उमा सिंह, अंकिता सिंह, विनय सिंह, फौजदार सिंह सहित अनेक साहित्यकारों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।



डॉ.अंजना सिंह सेंगर को सम्मानित करते श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला यापा सिरिसेना।

# 48 हजार कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न भरने पर सख्ती
- डीडीओ की जवाबदेही तय, नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल के आदेश पर मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण अपलोड नहीं करने वाले लगभग 48,000 राज्य कर्मचारियों का जनवरी 2026 का वेतन रोक दिया गया है। यह कार्रवाई राज्य सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है।

अमृत विचार ने पहले ही शासन की ओर से दी गई चेतावनी से कार्मिकों को अवगत कराया था कि 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण अपलोड नहीं कराने पर जनवरी माह का वेचन रुकेगा। अब मुख्य सचिव एसपी गोयल ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 के नियम-24 के अनुसार सभी राज्य कर्मचारियों के लिए अपनी चल (जैसे वाहन, बैंक बैलेंस, जेवर) और अचल (जैसे मकान, भूमि) संपत्तियों का विवरण हर वर्ष मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य है। इसके बावजूद समयसीमा के भीतर विवरण न देने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध यह सख्त कदम उठाया गया है।

मुख्य सचिव की ओर से यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि किसी ऐसे कर्मचारी का वेतन गलती से जारी हो जाता है, जिसने संपत्ति विवरण अपलोड नहीं किया है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित आहरण-वितरण अधिकारी (डीडीओ) की होगी। ऐसे मामलों में डीडीओ के खिलाफ विभागीय जांच और रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।

शासन स्तर पर यह भी स्पष्ट किया गया है कि कुछ समाचार माध्यमों में 68 हजार से अधिक कर्मचारियों के वेतन रोके जाने की जो बात सामने आई है, वह सही नहीं है। राष्ट्रीय सूचना केंद्र के आंकड़ों के अनुसार 31 जनवरी 2026 तक कुल 47,816 कर्मचारियों ने ही संपत्ति विवरण पोर्टल पर दर्ज नहीं किया और इन्हीं कर्मचारियों का वेतन रोका गया है। इन कर्मचारियों को वेतन तभी मिलेगा, जब मानव संपदा पोर्टल दोबारा खोलकर वे अपना विवरण अपडेट करेंगे।

गौरतलब है कि शासन ने 24 नवंबर 2025 को आदेश जारी कर 31 दिसंबर 2025 तक अर्जित संपत्तियों का विवरण 31 जनवरी 2026 तक अपलोड करने का निर्देश दिया था। इसके बाद 6 जनवरी 2026 को स्पष्ट किया गया था कि जो कर्मचारी समय पर विवरण नहीं देंगे, उन्हें फरवरी में जनवरी का वेतन नहीं दिया जाएगा। मुख्य सचिव के ताजा निर्देशों में सभी विभागों से कहा गया है कि वे ऐसे कर्मचारियों की सूची तत्काल तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी नियमों का उल्लंघन न हो। यदि किसी विभाग ने गलती से वेतन जारी कर दिया है, तो उसकी रिपोर्ट के साथ एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई विवरण शासन को भेजना होगा। साथ ही, संपत्ति विवरण न देने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



देवगढ़ स्थित वन्य जीव अभ्यारण्य में बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत करते मंत्री जयवीर सिंह।

## नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर ललितपुर के देवगढ़ स्थित महावीर स्वामी वन्य जीव अभ्यारण्य में 'उप्र. नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल-2026' का आयोजन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को 'वेटलैंड एंड ट्रेडिशनल नॉलेजः सेलिब्रेटिंग कल्चरल हेरिटेज' थीम पर आधारित इस फेस्टिवल का उद्घाटन किया। मंत्री जयवीर सिंह ने ललितपुर और झांसी में लगभग 24 करोड़ रुपये की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

## गबन सिद्ध होने पर वरिष्ठ सहायक की पदावनति

**अमृत विचार, लखनऊ :** गबन के आरोप में लखनऊ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक रेखा तोमर की पदावनति कर दी गई है। उन पर आरोप था कि उन्होंने रोगी कल्याण समिति में एकत्र सरकारी धनराशि, सरकारी खाते में जमा नहीं की थी। तत्कालीन निदेशक प्रशासन डॉ. राजागणपति द्वारा की जांच में गबन सिद्ध हो गया था, आज यह दंडात्मक कार्रवाई की गयी है।

पदावनति के बाद रेखा तोमर को अब कनिष्ठ सहायक के पद पर भेज दिया गया है। सोमवार को निदेशक प्रशासन द्वारा जारी किए गए दंडादेश में यह स्पष्ट किया गया कि यह कदम अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उठाया गया है। पदावनति के साथ ही, यह भी कहा गया है कि यदि भविष्य में इस तरह के किसी अन्य मामले में लापरवाही या भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है, तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय में तैनाती के दौरान का यह मामला है।



प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में एकजुटता प्रदर्शित करते राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य नेता। अमृत विचार

## मनरेगा कानून को बचाने की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस : अविनाश पांडेय

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव-प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने कहा कि आज जब हम मनरेगा जैसे जन प्रिय कानून को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं तो एक बात स्पष्ट हो गई है कि पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस के कार्यकर्ता ही जन भावनाओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून को कांग्रेस ने बनवाया था, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक अहम कदम था। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह इस जनप्रिय कानून को खत्म करने की कोशिश कर रही है। उप्र. प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मनरेगा अधिनियम के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को ''संविधान संवाद एवं राज्य स्तरीय मनरेगा बचाओ संग्राम'' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से आप सभी ने हमें एक बहुत बड़ी ताकत दी है और इस ताकत का सार्थक उपयोग करते हुए हम इस निरंकुश और तानाशाही सरकार को बदलने का काम करेंगे।

## पुलिस पर हमले के आरोप में 55 के खिलाफ रिपोर्ट, 23 गिरफ्तार

**कुंडा (प्रतापगढ़)**

**अमृत विचार :** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बिछलहला साहूमई गांव निवासी पवन श्रीवास्तव के 22 वर्षीय बेटे की 30 जनवरी को संदिग्धावस्था में जहर खाने से मौत हो गई थी। 31 जनवरी को पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया तो मां सुनीता देवी ने गांव के अमन सोनकर, बब्लू पटेल, प्रधानपति विनोद पटेल के खिलाफ जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। एक फरवरी को आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के बाद ही अंतिम संस्कार करने की बात कहते हुए लोग शव घर पर रखकर बैठ गए। शाम को जबरन शव दफनाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस से भिड़ंत हो गई। शव की खींचा तानी के दौरान बात बिगड़ी तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडे, ईंट पत्थर से हमला कर दिया। इंस्पेक्टर समेत 12 लोग घायल हुए। उसी मामले में पुलिस ने एसाई देवीदीन बुंदेला की तहरीर पर 25 लोगों को नामजद करते हुए 55 के खिलाफ के पुलिस पर हमला, सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त करने, जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा आदि विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया। इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह, दरोगा नदीम खान, दरोगा अरुण सिंह, दरोगा अमर सिंह पुलिस टीम के साथ रात में ही छापामारी कर 23 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**व्याख्यान** | लविवि में अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अभिजीत बनर्जी ने निर्धनता के पांच स्तंभों का किया विस्तार से वर्णन

# आय बढ़ाने की जगह प्राथमिकता और व्यवहार में परिवर्तन जरूरी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** वर्ष 2019 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अभिजीत बनर्जी ने कहा कि आय बढ़ाने की तुलना में प्राथमिकताओं और व्यवहार में परिवर्तन लाना अधिक प्रभावी परिणाम दे सकता है। गरीबी को प्रभावित करने वाले पांच प्रमुख स्तंभ हैं। पोषण, सूक्ष्म ऋण (माइक्रोक्रेडिट), शिक्षा, गरीबी का जाल व छोटे प्रयास। उन्होंने भूख और वैश्विक गरीबी जैसी समस्याओं के समाधान हेतु प्रयोगात्मक दृष्टिकोण के अनुप्रयोग पर चर्चा की और कहा कि मौजूदा समय में व्यापक ढांचे की जगह जमीनी स्तर पर ध्यान देने से बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।



लखनऊ विश्वविद्यालय में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री प्रो. अभिजीत बनर्जी का स्वागत करते कुलपति प्रो. जेपी सैनी व प्रो. अरविंद मोहन। अमृत विचार

सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान के दौरान प्रो. बनर्जी ने 147 देशों में किए गए अपने एक क्षेत्रीय अध्ययन का उल्लेख करते हुए बताया कि यह धारणा सही नहीं पाई गई कि आय में वृद्धि होने से पोषण स्तर में सुधार हो जाता है। उन्होंने तर्क दिया कि अत्यधिक महत्वाकांक्षी पाठ्यक्रम और कठोर शिक्षण पद्धतियां ऐसे विद्यालयी तंत्र के निर्माण के लिए उत्तरदायी हैं, जो प्रतिभा की पहचान नहीं कर पाता और बहुत कम वास्तविक अधिगम उत्पन्न करता है।

**यह रहे कार्यक्रम में मौजूद :** यूपी के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन, रोहित नंदन, मनोज कुमार सिंह, पूर्व कृषि उत्पादन आयुक्त प्रदीप भटनागर, अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी, अमित घोष, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, पूर्व कुलपति जीबी पटनायक, कुलपति प्रो. जेपी सैनीव प्रो. अरविंद मोहन आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### कर्ज की अनुपलब्धता फंसाती गरीबी में

ऋण की अनुपलब्धता लोगों को गरीबी के दुष्चक्र में फंसा देती है। उत्पादक परिसंपत्तियों के हस्तांतरण को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ संयोजित करने वाले कार्यक्रम परिवारों को गरीबी से आत्मरोज़गार की ओर ले जाने में सहायक हो सकते हैं। सूक्ष्म वित्त के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले 10 से 15 वर्षों में सूक्ष्म वित्त संस्थानों का तीव्र विस्तार हुआ है, फिर भी वे अब भी औसत व्यक्ति की पहुंच से बाहर हैं।

### सुशासन की नीतियां पर्याप्त नहीं

सुशासन, लोकतंत्र, विधि का शासन और व्यापार नीति अपने आप में नीति-निर्माण का मार्गदर्शन करने के लिए पर्याप्त हैं, सही नहीं है। नीति-निर्माण में जिस बात का अभाव है, वह सामाजिक नीतियों के क्रियान्वयन से संबंधित सूक्ष्म विवरणों पर स्पष्ट मार्गदर्शन है। यहीं "प्लम्बिंग" (कार्यान्वयन की बारीक प्रक्रिया) की आवश्यकता उत्पन्न होती है।

# महिला किसान नेता की हत्या, खेत में मिला शव

## नगर कोतवाली क्षेत्र के खजूर गांव की घटना, भाकियू अवध गुट में महिला विंग की जिलाध्यक्ष थीं, सिर पर मिले चोट के निशान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाकियू अवध गुट महिला विंग की जिलाध्यक्ष का खून से लथपथ शव एक खेत में पड़ा मिला। शव के हालात से साफ है कि किसी भारी वस्तु से वार कर हत्या की गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं रात से ही बंद मृतका के मोबाइल का विवरण खंगाला जा रहा है।

जानकारी के अनुसार यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की है। सोमवार सुबह भारतीय किसान यूनियन (अवध गुट) महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुनीता कश्यप का खून से लथपथ शव खजूर गांव के पास नहर के किनारे एक खेत में पड़ा मिला। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव देखा तो खबर तेजी से फैली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की ससुराल असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम अशरफपुर में है जबकि वह मूल रूप से जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बाबू का पुरवा की रहने वाली थी। घटनास्थल के अनुसार सुनीता के सिर पर किसी भारी चोट से वार के कई निशान मिले हैं।

**दुस्साहस**

● घटना का कारण स्पष्ट नहीं, जांच में जुटी पुलिस


सुनीता कश्यप (फाइल फोटो)

इससे ईंट से कई वार कर उसकी हत्या किए जाने की आशंका है। बतौर किसान नेता मृतका सुनीता जिले में काफी सक्रिय थीं। तीन दिन पहले वह किसी काम से जहांगीराबाद थाना भी गई थीं। हालांकि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मृतका के मोबाइल नम्बर की सीडीआर खंगाल रही है। जांच में पता चला कि रविवार रात आठ बजे सुनीता का मोबाइल फोन बंद हो गया था। पिछले कई साल से सुनीता ससुराल में नहीं रहती थी। हालांकि उसका आना जाना था। पति अपने चारों बच्चों के साथ हरिद्वार ऋषिकेश में रह रहा है। पति गंगाराम की मानें तो करीब 10 दिनों से उसकी बात पत्नी से नहीं हुई थी। सीओ सिटी संगम कुमार ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## फंदे से लटका मिला बैंक मैनेजर की पत्नी का शव


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोआपरेटिव बैंक मैनेजर की पत्नी का शव घर में फंदे से लटका मिला। पायका मैदान के सामने स्थित एक किराए के मकान में डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक की सूरतगंज शाखा प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह की पत्नी रीमा सिंह (35) ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा कि दोपहर करीब तीन बजे जब उनके दोनों पुत्र अंशु सिंह और आयुष सिंह विद्यालय से घर लौटे तो मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। बच्चों ने काफी देर तक आवाज लगाई, लेकिन प्रतिक्रिया नहीं मिली। बच्चों ने पड़ोसियों को सूचना दी। इसके बाद एक पड़ोसी छत के रास्ते मकान में दाखिल हुआ। कमरे में रीमा का शव लटकता मिला। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस और मृतका के पति सुरेंद्र सिंह को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

## संदिग्ध दशा में वृद्धा की मौत, गहने गायब


शकुंतला फाइल फोटो।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बंकी कस्बा के दक्षिण टोला में वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों को वृद्धा मृत अवस्था में मिली। उसके कान व हाथ के जेवर गायब मिले। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिवार वाले इसे लूट की घटना बता रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बंकी कस्बा के दक्षिण टोला मोहल्ला निवासी शकुंतला शुक्ला (80) के पति सत्य नरायन शुक्ल इस दुनिया में नहीं हैं। इनके बड़े बेटे अनिल शुक्ल की भी मौत हो चुकी है। घर में छोटा बेटा अशोक कुमार शुक्ल, इनकी पत्नी शिवकुमारी, भाभी सुधा और बच्चे रहते हैं। बच्चे अपनी बुआ के घर लखीमपुर खीरी गए हुए हैं। वृद्धा शकुंतला मकान में नीचे के कमरे में रह रही थीं जबकि पूरा परिवार पहली मंजिल पर रहता है। परिजनों के अनुसार सोमवार सुबह शिवकुमारी ने अपनी सास के कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन काफी देर तक उसे कोई जवाब नहीं मिला। इस पर वह बाहर की ओर लगे दरवाजे पर पहुंची तो दरवाजा खुला पाया, वहीं अंदर बिस्तर पर वृद्धा का शव पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि उनके कान की बालियां व हाथों से सोने के कड़े गायब थे जबकि नाक की कील बिस्तर पर पड़ी मिली। परिजनों का आरोप है कि बदमाशों ने गला दबाकर वृद्धा की हत्या की और आभूषण लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। इस संबंध में सीओ सिटी संगम कुमार ने बताया कि वृद्धा की मौत स्वाभाविक लग रही है। कोई सामान गायब नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रात में झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जल गया पशु पालक


बलराम फाइल फोटो

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार को आधी रात के समय पशुओं की निगरानी करते समय संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लगने से वहां सो रहे पशुपालक की जिन्दा जल जाने मौत हो गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं परिवार में कोहराम मच गया। घटना दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सुपुर मजरे मीनपुर में रविवार की आधी रात को हुई। ांव के बाहर बनी झोपड़ी में अचानक आग लगने से यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान बलराम (40) पुत्र स्वामीदीन के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार बलराम रोज की तरह पशुओं की निगरानी के लिए झोपड़ी में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे झोपड़ी में अचानक आग भड़क उठी। आग और धुएं में फंस गया बलराम बाहर नहीं निकल सका। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक झोपड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। पुलिस ने झोपड़ी के अंदर से जला हुआ शव बरामद किया। घटना की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे से मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**न्यूज ब्रीफ**

### मुख्य द्वार का किया लोकार्पण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन्स के मुख्य द्वार व परेड ग्राउन्ड मुख्य द्वार का जीर्णोद्धार होने के बाद लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवस्तव, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार पाठक तथा प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बकाया मांगने पर महिला से मारपीट

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** धान की फसल का भुगतान न मिलने को लेकर विवाद हो गया। सुनीता देवी का आरोप है कि उन्होंने करीब तीन माह पहले धान ग्राम जरखा निवासी सरोज यादव को बेचा था। कीमत लगभग 44,000 तय हुई, जिसे एक सप्ताह में देने का वादा किया गया था। आरोप है कि तय समय बीतने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। 26 जनवरी की सुबह सुनीता देवी जब बकाया रकम मांगने सरोज यादव के घर पहुंचीं, तो वहां उनके साथ गाली-गलौज व थप्पड़ मारकर मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे पीड़िता के पति और ग्रामीणों के सामने आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

### पेड़ काटने का विरोध करने पर दी धमकी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पैसार इलाके में प्लॉट पर लगे कदम के पेड़ को चोरी से काटे जाने का मामला सामने आया है। विरोध पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए फौजदारी पर अमादा हो गए। मसूद, अजरूद्दीन व अशरफ निवासी पैसार कोठी पैसार ने बताया कि रविवार की सुबह उनके घर के पास स्थित प्लॉट में लगा कदम का पेड़ मौलान अशरफ द्वारा काट दिया गया। आरोपी पेड़ की कटी लकड़ी को टाटा मैजिक पर लोड कर रहे थे। लकड़ी लोड करने की आवाज सुनकर जब पीड़ित मौके पर पहुंचे और विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और धमकी दी।

### पं. सुरेंद्रनाथ अवस्थी की पुण्यतिथि आज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक और विकास पुरुष स्व. पंडित सुरेंद्रनाथ अवस्थी (पुत्तू भैया) की 14वीं पुण्यतिथि आज महाविद्यालय परिसर स्थित स्मृति उपवन में मनाई जाएगी। ग्राम्यांचल सेवा समिति से जुड़े शरद अवस्थी, आशुतोष अवस्थी और सिद्धार्थ अवस्थी ने यह जानकारी दी।

### बाजार गए किशोर को दबंग ने पीटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहल्ला रानी-3 निवासी रामलखन के 13 वर्षीय पुत्र राजगुरु को बाजार जाते समय रास्ते में रोककर दबंग ने बेरहमी से पीटा। पिता रामलखन द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक, घटना एक फरवरी को दोपहर हुई। आरोप है कि नूतन उर्फ नीरज त्रिपाठी ने सब्जी की दुकान के पास उनके बेटे को रोक लिया लाठी व डंडों से मारपीट की। आरोपित ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कथा के छठवें दिन निकली हिंदू जन जागरण यात्रा


स्वामी गोविंदाचार्य का स्वागत करती महिला। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी के उत्तर टोला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सोमवार सुबह स्वामी गोविंदाचार्य के नेतृत्व में श्रीमद्भागवत कथा स्थल से हिंदू जन जागरण यात्रा निकाली गई। यात्रा भ्रमण करते हुए पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा का लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में आचार्य कुलदीप मिश्र, शिवाकांत तिवारी, पवन सिंह, सत्यम तिवारी और सुदामा ने भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। यात्रा में अशोक मौर्य, ममता, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, रागिनी, रामनाथ मौर्य, देवराज त्रिपाठी, राम सुरेश, रवि, रामकुमार मिश्र, सुदामा मिश्र, अमन चन्द्रशेखर, संगीता, वंदना, साक्षी, कनिष्का, कान्ति आदि मौजूद थे।

## नहर में मिला लापता अधेड़ का शव

**देवा, बाराबंकी: अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र से लापता अधेड़ का शव नहर में पड़ा मिला। मृतक मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के पिण्डसावां गांव निवासी अलाउद्दीन 50 पुत्र आजम अली बीती 27 जनवरी को घर से लापता हो गए थे। लापता होने के बाद उनके कपड़े कुर्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा नहर के किनारे मिले। इस आधार पर परिजनों ने नहर में कूदने की आशंका जताते हुए कुर्सी थाने में सूचना दर्ज कराई थी। सोमवार की सुबह अलाउद्दीन का शव किसान पथ के पास नहर में बरामद हुआ। कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा पूर्व में दी गई सूचना के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

## नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से डेढ़ लाख ठगे

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से लगभग डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यही नहीं पीड़ित को सऊदी अरब में बंदी बनाकर उससे शौचालय साफ कराया गया। रिश्तेदार की मदद से वतन लौटे पीड़ित की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला नूरवाफ के निवासी साजिद 25 पुत्र मोहम्मद अहमद ने पुलिस को बताया कि जून 2025 में उसकी मुलाकात एक होटल पर मोहम्मद फरीद उर्फ फरीदुद्दीन नामक व्यक्ति से हुई थी। फरीद ने खुद को विदेशों में नौकरी दिलाने वाला एजेंट बताते हुए सऊदी में वेटर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। वीजा, टिकट व कागजात के नाम पर आरोपी ने करीब 1,49,800 रुपये ले लिए।

बाद में बताया गया कि वेटर की जगह माल लादने-उतारने का काम मिलेगा। 12 नवंबर 2025 को साजिद सऊदी अरब पहुंच गया, जहां एयरपोर्ट से उसे एक व्यक्ति अपने साथ ले गया। आरोप है कि वहां उससे माल ढुलाई के बजाय शौचालय साफ करने को कहा गया। मना करने पर उसे एक मकान में बंद कर कई दिनों तक भूखा रखा और बेरहमी से पीटा। किसी तरह जान रिश्तेदार की मदद से वह 4 दिसंबर को भारत लौट सका। आने के बाद जब उसने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

## घर में आग लगने से लाखों का नुकसान

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** शॉर्ट सर्किट के चलते एक घर में आग लगने से करीब पच्चीस हजार रुपए नक़दी, अनाज, कपड़ा, बर्तन सहित आदि गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना में पीड़ित का करीब डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहरा नगर पंचायत के मोहल्ला सौरंगा निवासी संजय वर्मा सोमवार सुबह खेत चले गए थे, बच्चे भी बाहर खेलने निकल गए। तभी घर के पिछले कमरे में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कमरे में रखे तमाम सामान को अपनी चपेट में ले लिया। मकान से धुआं उठता देख पड़ोस के लोगों ने इसकी सूचना संजय को दी।

## एसआरएमयू ने वॉलीबॉल को अपनाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शिक्षा संस्थानों में खेलों को बढ़ावा देने की अपील के बाद श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (एसआरएमयू) ने वॉलीबॉल को अपना प्रमुख खेल घोषित किया है। इस घोषणा का ऐलान दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन के तुरंत बाद हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से कम से कम एक खेल अपनाने और इससे जुड़ी प्रतिभाओं का पोषण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और टीमवर्क की भावना विकसित करते हैं, जो समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। एसआरएमयू के चांसलर इंजीनियर पंकज अग्रवाल ने कहा कि सीएम योगी के विजन से जुड़कर हम गर्व महसूस कर रहे हैं। वॉलीबॉल अपनाने से कैंपस में टीमवर्क और नेतृत्व कौशल विकसित होंगे। प्रो-चांसलर इंजीनियर पूजा अग्रवाल ने भी समर्थन जताते हुए कहा कि लड़के और लड़कियों दोनों को समान अवसर दिए जाएंगे और आधुनिक सुविधाओं से वॉलीबॉल को उत्कृष्टता का केंद्र बनाया जाएगा। यूनिवर्सिटी की 5 सदस्यीय खेल समिति ने इस फैसले को मंजूरी दी। समिति अध्यक्ष और कुलपति डॉ. विजय तिवारी ने बताया कि वॉलीबॉल की पहुंच और टीम भावना इसे प्रमुख खेल बनाने का कारण बनी। विश्वविद्यालय प्रशिक्षण कैंप, टूर्नामेंट और स्कॉलरशिप के जरिए उत्तर प्रदेश की खेल क्रांति में योगदान देगा। एसआरएमयू की यह पहल शिक्षा क्षेत्र में खेलों को मुख्यधारा में लाने और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।


एसआरएमयू में वॉलीबॉल खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## सड़क हादसों में दो लोग घायल

**हैदरगढ़, बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबेहा थाना क्षेत्र के थलवारा गांव निवासी सत्य विजय यादव पुत्र सरजू प्रसाद यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सत्य विजय सोमवार दोपहर कमेला से वापस घर आ रहे थे कि तभी बाइक ने टक्कर मार दी। घायल को वहां से गुजर रहे समाजसेवी इंद्रजीत मौर्य ने वाहन से एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। कोतवाली असंद्रा क्षेत्र के मल्लूपुर गांव निवासी कल्लू (55) पुत्र पृथ्वीपाल सोमवार शाम को घर से सरसों की पेराई कराने मोपेड से मस्तान शाह आश्रम जा रहे थे। रास्ते में नहर पुलिया के निकट सामने से आई बाइक ने उसकी मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

**कार्यक्रम** धरती माता बचाओ अभियान के तहत आयोजित की गयी कार्यशाला

# खेती में पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनायें किसान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** धरती माता बचाओं अभियान के तहत उप कृषि निदेशक कार्यालय कृषि भवन सभागार में जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के उपयोग पर प्रशिक्षण भी दिया गया।

उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी डॉ. विनोद कुमार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी बाराबंकी विजय कुमार, इफको लखनऊ से डॉ. आनन्द श्रीवास्तव और इफको बाराबंकी के क्षेत्र प्रबन्धक राज कुमार के साथ-साथ जिले के कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में मिट्टी की खराब होती सेहत और रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुन्ध प्रयोग पर चिंता व्यक्त की गई। कृषकों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैव उर्वरक और जल विलेय उर्वरक जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने कृषकों को सुझाव दिया कि मिट्टी, पानी और हवा के प्रदूषण को कम करने के लिए रासायनिक उर्वरक कम करके जैविक उर्वरक अधिक से अधिक प्रयोग करें। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने संतुलित उर्वरक प्रयोग और मिट्टी के पीएच मान के महत्व पर प्रकाश डाला। भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. विनोद कुमार यादव ने नई कृषि तकनीकों के किसानों के हित में उपयोग पर जोर दिया। इफको क्षेत्र प्रबंधक श्री राज कुमार और डॉ. आनन्द श्रीवास्तव ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग और महत्व की विस्तृत जानकारी दी। क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्रों में कृषकों को प्रशिक्षण में साझा सुझाव अपनाने के लिए प्रेरित करें।



कार्यशाला में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

## सलारपुर झील में नेचर व बर्ड फेस्टिवल आयोजित


सलारपुर झील में नेचर व बर्ड फेस्टिवल के दौरान मौजूद रेंजर, वनकर्मी और बच्चे।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा रेंज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड दिवस के अवसर पर सलारपुर झील पर नेचर एवं बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर ग्राम खजुहा, सलारपुर, मुनियापुरवा, ताजपुर सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों तथा सलारपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। बच्चों और ग्रामीणों ने झील में मौजूद पक्षियों को नजदीक से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। क्षेत्रीय वन अधिकारी देवा मयंक सिंह ने सारस, बगुला, फूदक्की, सीपर, तालबुढ़की, टिटिहरी एवं बाइबल बगुला जैसे पक्षियों के बारे में बताते हुए कहा कि ये पर्यावरण संतुलन और वेटलैंड के स्वास्थ्य के प्रमुख संकेतक हैं। कार्यक्रम में रामनगर रेंज के वन दरोगा ओ.पी. यादव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रशांत कुमार, वन दरोगा मनोज कुमार, सुभाष श्रीवास्तव, प्रधान पुत्र सलारपुर शान बहादुर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## याद किये गये पद्मश्री के.डी. सिंह बाबू


केडी सिंह बाबू के चित्र पर माल्यार्पण करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पदमश्री सम्मानित महान हॉकी खिलाड़ी के.डी. सिंह 'बाबू' के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को स्टेडियम में सादे लेकिन भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाराबंकी हॉकी एसोसिएशन के सचिव मज़हर अज़ीज़ खां ने बाबू साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मज़हर अज़ीज़ खां ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष एसोसिएशन द्वारा इस अवसर पर हॉकी मैच का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार हॉकी ग्राउंड तैयार न होने के कारण मैच नहीं हो सका और प्रतीकात्मक रूप से चित्र पर माल्यार्पण कर जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम में हॉकी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम, संयुक्त सचिव चंदा रानी, हॉकी कोच विवेक सिंह, गौतम दास सहित अन्य खेल प्रेमियों ने भी बाबू साहब के चित्र पर फूल-माला अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। उपस्थित सभी लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने और हॉकी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## अजय बने उद्योग व्यापार संगठन के जिला प्रभारी


नियुक्ति पत्र देते भाजपा जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा 'भुल्लन'। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व सभासद अजय गुप्ता को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू द्वारा की गई, जबकि नियुक्ति पत्र भाजपा जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा 'भुल्लन' ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भूपेन्द्र शुक्ला ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुदीप सिंह सिद्धू, जिला उपाध्यक्ष कृपा शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी अमरेश शुक्ला, प्रवक्ता अमित सचदेवा, जिला मंत्री व शहर संयोजक अतुल गुप्ता, शहर अध्यक्ष मन्नू लाल चौरसिया एवं शहर महामंत्री मुकेश त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी सीवीओ ने डीएम से की औपचारिक भेंट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नवागत प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. सुधीर वर्मा ने जनपद का प्रभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को जिलाधिकारी से औपचारिक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल कुमार अवस्थी 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए थे, जिनके स्थान पर डॉ. सुधीर वर्मा को प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नामित किया गया है। सोमवार को कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के स्टाफ ने प्रधान सहायक मुस्तफा खां के नेतृत्व में डॉ. सुधीर वर्मा का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर निधि सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, राजेश कुमार, रामपाल, अभिषेक, अर्चना वर्मा, अनमोल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।


डीएम को बुके भेंट करते प्रभारी सीवीओ।

## नगर पंचायत को टॉप-10 में लाने की तैयारी तेज



सफाई अभियान चलाते स्वच्छता कर्मचारी। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत आदर्श नगर पंचायत बनाने के उद्देश्य से रामसनेहीघाट नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर की गलियों, प्रमुख मार्गों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई के साथ घर-घर कचरा संग्रहण कर सूखा और गीला कचरा अलग किया जा रहा है। किचन वेस्ट से खाद निर्माण की प्रक्रिया भी निरंतर जारी है। स्वच्छता में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और सहयोग करने वाले नागरिकों, दुकानदारों व मोहल्लावासियों को सम्मानित किया जा रहा है। ईओ संतोष चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन 30 से 40 टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है और सफाई कर्मियों की टीम को नियमित निगरानी के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संतोष चौधरी ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक प्राप्त कर रामसनेहीघाट को आदर्श नगर पंचायत के रूप में स्थापित करना प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है। इस पहल से नगरवासियों में सकारात्मक संदेश गया है और वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्ट्रांग रूम में रखे गए बोर्ड के प्रश्नपत्र

**उन्नाव, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से होनी हैं। इसके लिए सोमवार को बोर्ड के प्रश्नपत्र आ गए हैं। जिन्हें स्ट्रांग रूम में डीआईओएस की उपस्थिति में रखवाया गया। वहां पर 24 घंटे पुलिस का पहरा रहेगा। हाईस्कूल व इंटर के प्रश्नपत्रों के कार्टून बॉक्स को सुरक्षित इस बार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाकर रखा गया और उन्हें चारों ओर से सीज कर दिया गया।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ से आई एनडीआरफ टीम के कमांडर निरीक्षक दीपक कमलिया, कानपुर से एसडीआरएफ टीम के टीम कमांडर निरीक्षक अमित भार्गव व उन्नाव के अधिकारियों के साथ सदर तहसील में एसडीएम क्षितिज द्विवेदी के समक्ष फैमेक्स के संदर्भ में मीटिंग की। मीटिंग में बताया गया कि तहसील सदर की सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों परियर में लेखपाल प्रदीप कुमार के साथ भ्रमण किया व बाढ़ आपदा से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। जिससे वास्तविक आपदा की स्थिति में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### आत्महत्या का प्रयास

**उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के केसरीखेड़ा गांव निवासी काजल (19) सोमवार दोपहर घर के बरामदे में रस्सी के फंदे से लटक गई। कस्बा से लौटी मां रामेश्वरी ने उसे लटका देख शोर मचाया। इस पर पहुंचे पड़ोसियों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# आम बजट को किसी ने सराहा, किसी ने नकारा

## वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर कस्बे के वरिष्ठ लोगों ने व्यक्त की अपनी- अपनी राय

सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बीते रविवार वर्ष 2026-27 के लिए मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश किया। इसमें वित्तमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। केंद्र सरकार की केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा बीते रविवार आम बजट पेश किया गया। इसमें पूर्व की ही तरह 12 लाख तक की वार्षिक आय पर टैक्स नहीं लगेगा। इस बार बजट में सरकार का कुल खर्च लगभग 53.5 लाख करोड़ रुपये रहेगा। बजट को लेकर कस्बे के वरिष्ठ लोगों ने अपनी रॉय व्यक्त की।



केंद्र सरकार का यह बजट ऐतिहासिक है इसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, ग्रामीण विकास, पेयजल, जरूरतमंदों, किसानों व शिक्षा क्षेत्र का ध्यान रखते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने में सहयोग से परिपूर्ण ऐतिहासिक बजट है।

**सौरभ बाजपेयी, चेयरमैन प्रतिनिधि सफीपुर।**



यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ युवा, गरीब, महिला, किसान को सशक्त करेगा। युवाओं व किसानों का बेहद ध्यान रखा गया है। यह बजट वास्तव में ऐतिहासिक है।

**हरिपाल सिंह, किसान।**



केंद्र का यह बजट निराशापूर्ण है। लोगों की उम्मीद के अनुरूप इसमें ऐसा कुछ नहीं है जिसकी प्रशंसा की जाए। यह सिर्फ झूठे सपनों से भरा है। इसमें मध्यमवर्गीय परिवारों व व्यापारियों को उपेक्षित किया गया है। यह बजट देखकर निराशा हुई।

**दीपेंद्र सिंह ठाकुर, नेता कांग्रेस।**



सैन्य क्षेत्र में यह बजट भारत की सुरक्षा के लिए मजबूती वर्धन साबित होगा। हालांकि पैरामिलिट्री फोर्सेस के लिए इस बजट के माध्यम से वन रैंक वन पेंशन सहित पुरानी पेंशन योजना के लाभ को भी शामिल किया जा सकता था।

**अवधेश सिंह, पूर्व फौजी।**



बजट में हर वर्ग के कल्याण के लिए कई योजनाएं हैं। इसमें इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव न करने के साथ फंड व फंड्स स्टार्टअप इंडिया महिला उद्यमियों का मुद्रा लोन जीएसटी के एक राष्ट्र एक बाजार एक कर सहित महत्वपूर्ण योजनाएं समस्त देशवासियों को लाभान्वित करेंगे। **राजू चौहान भाजपा नेता।**



बजट पढ़ने से यह जाहिर होता है कि यह केवल एक छलावा है। इसे युवाओं, गरीबों, महिलाओं व किसानों का बजट बता उन्हें धोखा दिया जा रहा है। सरकार केवल जुमलेबाजी का बजट भी प्रस्तुत कर रही है।

**मकसूद अली सपा विधानसभा अध्यक्ष।**

# जान जोखिम में डालकर बनाई रील, जांच में जुटी पुलिस

- ट्रांस गंगा सिटी में स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र स्थित ट्रांस गंगा सिटी में लग्जरी कारों के साथ खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर 39 सेकेंड का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें कुछ युवक तेज रफ्तार कारों के काफिले के साथ सड़कों पर स्टंट करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में युवक कारों की खिड़कियों से बाहर लटकते, सनरूफ से निकलकर सेल्फी लेते और पंजाबी गानों पर रील बनाते दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो में कुछ युवक कार की छत पर बैठकर झूमते नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ खिड़कियों से आधे बाहर निकलकर खतरनाक अंदाज में वीडियो शूट कर रहे हैं। इतना ही नहीं, एक-दो युवक फायर गन चलाते हुए भी दिख रहे हैं, जिससे आम लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया है। अधिकारियों ने कारों के नंबर के आधार पर कार्रवाई के निर्देश गंगाघाट पुलिस को दिए हैं। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि स्टंट करने वाले युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी में कुछ युवकों के उन्नाव के एक विद्यालय से जुड़े होने की बात सामने आई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन और सार्वजनिक सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि आपका अमृत विचार अखबार नहीं करता है।

# आग की चपेट में आए वृद्ध की मौत

- अलाव तापते समय हुआ हादसा परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की बिंदा नगर चौकी अंतर्गत कंचन नगर में रविवार देर रात एक 75 वर्षीय वृद्ध की आग से झुलसकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

कंचन नगर निवासी मो. इस्माइल (75) पुत्र अबरार उर्फ झब्बन घर पर अकेले रहते थे। उनके चार पुत्रों में मो. मोनिस खान और आजम जाजमऊ में, मुजाहिद्दीन रावतपुर कानपुर में तथा दानिश मुंबई में रहते हैं। उनकी दो बेटियां भी हैं। बताया जाता है कि रविवार रात वह घर के भीतर अलाव ताप रहे थे। इसी दौरान उन्हें झपकी आ गई और करीब एक बजे वह जलते अलाव की चपेट में आ गए। कपड़ों में आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। बचाव के लिए वह मुख्य गेट तक पहुंचे और मदद के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कुंडी बंद होने के कारण दरवाजा नहीं खोल सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दीवार तुड़वाकर दरवाजा खुलवाया और उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



घर के बाहर मौजूद परिजन व अन्य महिलाएं एवं इनसेट में मो. इस्माइल की फाइल फोटो।

### राज्य आयुक्त के समक्ष दिव्यांग रखेंगे समस्याएं

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/प्रभारी अधिकारी दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया कि राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उप्र हिमान्शु झां की अध्यक्षता में 3 फरवरी को विकास भवन सभागार में 10 से 4 बजे तक मोबाइल कोर्ट आयोजित होगी। इसमें जिले के सुदूरवर्ती पिछडे क्षेत्रों/ग्रामीण इलाकों में रह रहे दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण हेतु दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की जानकारी दी जाएगी तथा समाज में उनके साथ हो रहे भेदभाव समाप्त कराते हुये पूर्ण व प्रभावी भागीदारी दिलाने व इस सम्बन्ध में उनकी शिकायतों व समस्याओं का त्वरित रूप से निपटारा किया जाएगा। दिव्यांगजनों से कहा गया कि वे अपनी शिकायतों व समस्याओं को मोबाईल कोर्ट में प्रार्थनापत्र के साथ उपस्थित होकर अपनी निस्तारण करा सकते हैं।

# शुक्लागंज के हास्य कलाकार चमके

- गंगापारी बकैत को मिला बेस्ट सोशल मीडिया ग्रुप क्रिएटर 2026 का अवॉर्ड

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** उन्नाव स्थित एक होटल में रविवार को आयोजित इन्फ्लुएंसर आइकन अवॉर्ड शो 2026 में शुक्लागंज में रहने वाले कुछ हास्य कलाकारों सोशल मीडिया पर गंगापारी बकैत के नाम से वीडियो बना रहे हैं। जो लोगों को बहुत गुदगुदा रहा है। उसी को लेकर गंगापारी बकैत को 'बेस्ट सोशल मीडिया ग्रुप क्रिएटर 2026' के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में देशभर से चयनित 25 टॉप इन्फ्लुएंसर्स को सम्मानित किया गया, जिसमें गंगापारी बकैत टीम ने अपनी अलग पहचान बनाई। नगर के युवाओं द्वारा गठित इस टीम ने महज पांच महीनों में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर साफ-सुथरे कॉमेडी कंटेंट के माध्यम से बड़ी लोकप्रियता हासिल की है। टीम के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य मनोरंजन के साथ सकारात्मक संदेश देना है। आयोजकों ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कम समय में इस तरह की उपलब्धि हासिल करना गर्व की बात है। अवॉर्ड मिलने पर गंगापारी बकैत टीम ने नगर वासियों और अपने दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे शहर का है। उन्होंने भविष्य में भी बेहतर और स्वच्छ मनोरंजन प्रस्तुत करने का संकल्प दोहराया।



बेस्ट सोशल मीडिया ग्रुप क्रिएटर अवॉर्ड के साथ गंगापारी बकैत की टीम।

# महिला की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर 6 के विरुद्ध रिपोर्ट

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर में अक्टूबर 2025 में हुई एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

गंगा नगर निवासी अब्दुल हामिद ने बताया कि उनकी पत्नी नफीसा बेगम के नाम 50 गज का एक प्लॉट था, जिसे उन्होंने अलाउद्दीन को बेचा था। आरोप है कि जमीन की बिक्री के 75 हजार रुपये बकाया थे। जब उनकी पत्नी पैसे की मांग करती थीं तो अलाउद्दीन टालमटोल करता रहता था। पीड़ित ने बताया कि पत्नी की तबियत खराब होने पर पैसों की मांग की। 25 अक्टूबर 2025 को अलाउद्दीन उसे कचहरी ले गया, जहां उसे पचास हजार रुपये दिये, और कहा कि मकान अगर किसी और को बेचा तो जान से मारने की धमकी दी। लौटने के बाद बीमार पत्नी को इसकी जानकारी दी। मकान को जाता देख सदमें में आने के कारण पत्नी की मौत हो गई। पीड़ित ने कोतवाली गंगाघाट व उच्चाधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने अलाउद्दीन, जियाउद्दीन, सूफियान, आजाद, शकील व एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकानदार से मारपीट करने वाले चार युवक पकड़े गए

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के रामलीला मैदान के पास बीती 28 जनवरी को बिरयानी खाकर रुपये न देने व दुकानदार से मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ था। दरोगा अंजनी सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले युवकों की तलाश शुरू की गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद सोमवार को मारपीट के आरोपी सुरेश कश्यप पुत्र शीतल निवासी अहिरवा थाना चकेरी, विशाल कश्यप पुत्र रामशंकर निवासी आंबेडकर नगर सरकारी फार्म थाना चकेरी, अभिषेक पुत्र रामबाबू करीब अहरिवां व सोनू कुशवाहा पुत्र सज्जन लाल बीबीपुर थाना चकेरी कानपुर नगर को पकड़ा गया है। आरोपियों व उनके परिजनों ने भविष्य में ऐसी गलती न करने की बात कही। इस पर पुलिस ने उनका शांतिभंग में चालान किया है।

# आनंद घाट आरती स्थल का निर्माण शुरू

- सात माह के अवरोध के बाद फिर से शुरू हुआ परियोजना का कार्य

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शुक्लागंज स्थित आनंद घाट पर बनारस की तर्ज पर निर्माणाधीन भव्य आरती स्थल का कार्य सात माह के लंबे विराम के बाद पुनः प्रारंभ हो गया है। जुलाई माह में गंगा नदी में आई अचानक बाढ़ के कारण यह निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप हो गया था। जिसके बाद सोमवार को दोबारा यह काम शुरू हुआ है।

इस परियोजना का शुभारंभ पिछले वर्ष 6 मार्च को सदर विधायक द्वारा भूमि पूजन के साथ किया गया था। राज्य सरकार द्वारा 1 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित यह आरती स्थल 25 मीटर लंबा और 11 मीटर चौड़ा होगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में लखनऊ की एक कार्यदायी संस्था ने 15 जून से पिलर पाइलिंग का कार्य शुरू किया था। हालाँकि, जून अंत से गंगा के बढ़ते जलस्तर ने कार्य में बाधा डालनी शुरू कर दी और 4 जुलाई को कार्यस्थल पूरी तरह जलमग्न हो गया था। सोमवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे मौके पर पहुंचे और कार्य को लेकर कार्यदायी संस्था से जानकारी ली।



नवीन पुल के नीचे आरती स्थल के लिये होता कार्य। ● अमृत विचार

# एनडीपीएस एक्ट के दोषी को मिली दो साल की सजा

- कोर्ट ने दोषी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** मादक पदार्थ की तस्करी में पकड़े गए व्यक्ति को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया।

बता दें कि गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के समय 1 अप्रैल-2022 को क्षेत्र के आजाद नगर निवासी अनीस रावत को रोककर तलाशी ली थी। इसमें उसके पास डेढ़ किलो गांजा मिला था। पूछताछ में उसने मादक पदार्थ की तस्करी करने की बात कबूली थी। इस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर उसे जेल भेजा था। एसआई मोहित कनौजिया ने साक्ष्य एकत्र कर 15 अप्रैल-2022 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को एडीजे-7 की कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। इसमें शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ल द्वारा पेश की गई दलीलों व साक्ष्य के आधार पर जज जयवीर सिंह नागर ने अनीस रावत को दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा सुनाई।

# वक्तव्य के लिए चुने गये 10 युवा

- विकसित भारत जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** डीएसएन कॉलेज में भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम 2025-26 का आयोजन हुआ। इसमें जिले के 18 से 25 वर्ष के 30 युवाओं द्वारा वक्तव्य दिए गए। उनमें 10 युवाओं का चयन विधानसभा उत्तर प्रदेश में वक्तव्य देने के लिए किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार से क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना, युवा अधिकारी राजेश तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। निर्णायक मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता, नायब तहसीलदार यशवंत सिंह, राजकीय डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर मीता अरोड़ा रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डा. रचना त्रिवेदी, संजय मिश्रा, डॉ. विपिन सिंह, आशीष शुक्ला, अमित अवस्थी, हरि शंकर यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. रेनू गुप्ता व डॉ. तूलिका रानी ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष व नायब तहसीलदार यशवंत सिंह ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है। बच्चों को संगठन बनाकर रहने की सीख दी।



प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद युवा व अतिथि। ● अमृत विचार

### जिम्मेदार अधिकारी न मिलने पर लौटे मतदाता

**औरास उन्नाव, अमृत विचार :** मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के फार्म में गड़बड़ी होने की नोटिस का जवाब देने के लिए मतदाता काउंटर पर पहुंचे। किंतु काउंटर पर कोई जिम्मेदार न मिलने से कुछ मतदाताओं का जवाब दाखिल हो सका जबकि, कुछ बिना दाखिल किये वापस लौटे गए। ब्लॉक सभागार औरास में मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत जिन मतदाताओं का फार्म में गड़बड़ी थी। उनको शासन प्रशासन द्वारा नोटिस भेजी गई थी। इसका जवाब देने के लिए मतदाता अपने प्रपत्र लेकर ब्लॉक सभागार पहुंचे। किंतु दोपहर 12 तक कोई अधिकारी-कर्मचारी जो काउंटर पर लगाए गए थे वह नदारद रहे। जिससे मतदाता नोटिस का जवाब नहीं दे सके और वापस लौट गए। मतदाता अभियान की नोटिस के जवाब के लिए जो भी काउंटर ब्लॉक क्षेत्र में खोले गए हैं उनमें अधिकांश काउंटर पर खानापूर्ति की जा रही है।

# एक दर्जन विद्यालयों में नहीं हो पाईं प्रयोगात्मक परीक्षाएं

- अंतिम तिथि समाप्त होने से अधर में लटक गया है छात्रों का भविष्य

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से 1 फरवरी तक होनी थीं। लेकिन, जिले के 208 में 12 विद्यालय ऐसे पाए गए जहां प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न नहीं हो पाईं। जिससे उन विद्यालयों के छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।

बता दें कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रयोगात्मक विषयों के लिए परीक्षकों की नियुक्ति की जाती है तथा उनकी सूचना उन विद्यालयों को भी दी जाती है। जहां से उसे परीक्षा लेने जाना है। इसमें 24 जनवरी से 1 फरवरी तक सीसीटीवी की निगरानी में प्रयोगात्मक परीक्षाएं होनी थीं। इंटर में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल व सिलाई सहित करीब एक दर्जन विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होनी थीं। जिले के 208 में 192 विद्यालयों की सभी विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 1 फरवरी तक संपन्न हो गईं। जबकि 4 विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने पहले ही लिखकर भेज दिया कि उनके यहां भौतिक विज्ञान का परीक्षक आने में असमर्थता जता चुका है। इसलिए बोर्ड ने उसे संज्ञान में ले लिया है जबकि 12 विद्यालय ऐसे हैं जिनकी विभिन्न विषयों की परीक्षाएं अंतिम तिथि बीतने के बाद भी नहीं हो पाई है। जिन विद्यालयों में परीक्षा नहीं हो पाई उनमें जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज कांथा गृह विज्ञान की 19 छात्राएं, एमआरआरएस इंटर कॉलेज पुरवा के भूगोल के 68 छात्र, सुभाष इंटर कॉलेज संदाना में भूगोल के 40 छात्र, चंद्रशेखर इंटर कॉलेज बिरसिंहपुर में गृह विज्ञान की 74 छात्राएं, नव चेतना इंटर कॉलेज हिलौली में भूगोल के 30 छात्र, रमाशंकर दीक्षित इंटर कॉलेज शिरधरपुर में गृह विज्ञान की 13 छात्राएं, जगन्नाथ प्रसाद इंटर कॉलेज गुलाब खेड़ा की सिलाई की 24 छात्राएं, ज्वाला देवी इंटर कॉलेज लगलेसरा की गृह विज्ञान की 31 छात्राएं, सविता इंटर कॉलेज हिंदपाल खेड़ा की भौतिक विज्ञान के 70 छात्र, महावीर सिंह शुघर सिंह इंटर कॉलेज बिरसिंहपुर के गृह विज्ञान की 81 छात्राएं, रामसहाय इंटर कॉलेज कुसलपुर के भौतिक विज्ञान के 58 छात्र व आरकेडी इंटर कॉलेज भूभवार के भौतिक विज्ञान के 127 छात्रों की परीक्षा नहीं हो पाई है। कंट्रोल प्रभारी रामचंद्र सिंह ने बताया कि नेहरू इंटर कॉलेज पहाड़पुर सुबस के भौतिक विज्ञान के 110, विद्याशरण इंटर कॉलेज हड़हा के भौतिक विज्ञान के 87, पंडित अवध बिहारी इंटर कॉलेज अचलगंज के भौतिक विज्ञान के 49, मां पूर्णा इंटर कॉलेज मुकुंद खेड़ा के भौतिक विज्ञान के 65 छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा न होने पर उन्होंने बोर्ड सचिव को अवगत करा दिया है कि उनके परीक्षक में कह दिया है कि हम इंटर भौतिक विज्ञान की परीक्षा के लिए योग्यता नहीं रखते हैं इसलिए वह परीक्षा कराने नहीं जाएंगे।

सख्ती

सदर तहसील क्षेत्र के दयाल खेड़ा गांव में उपजिलाधिकारी के निर्देश पर की गई कार्रवाई

# सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे पर गरजी जेसीबी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर तहसील क्षेत्र के दयाल खेड़ा गांव में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर कराए गए निर्माण को एसडीएम के निर्देश पर जेसीबी से ध्वस्त किया गया। साथ ही अफसरों ने हिदायत दी कि यदि पुनः कब्जे का प्रयास हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि सदर तहसील व कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव के मजरा दयाल खेड़ा में खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि संख्या 606 पर गांव के मेवालाल ने अवैध कब्जा कर निर्माण शुरू कराया था। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची तहसील टीम ने निर्माण रोकने की चेतावनी दी थी। लेकिन फिर भी निर्माण जारी रहने पर लोगों ने एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी से शिकायत की। एसडीएम ने जांच कराई तो अवैध कब्जे की बात सही निकली। सोमवार को एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी व लेखपाल आशु श्रीवास्तव तहसील अमले व जेसीबी के साथ पहुंचे। जहां नापजोख के बाद अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान कोई व्यवधान न आए इसके लिए मगरवारा चौकी इंचार्ज रवि पांडेय कोतवाली की फोर्स के साथ मौजूद रहे। नायब तहसीलदार ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर अवैध कब्जा ध्वस्त किया गया है।



अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### हाईकोर्ट के आदेश पर हटाया गया अतिक्रमण

**हसनगंज, उन्नाव :** तहसील क्षेत्र के फरहदपुर गांव में मोहान-अजगैन मार्ग की गाटा संख्या-322 रास्ते के नाम दर्ज हैं। जिस पर कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर दुकानें बना ली थीं। जिस पर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया था कि तत्काल प्रभाव से रास्ते की जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। उसके बावजूद भी अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जा रहा था। जिस पर हाईकोर्ट ने हसनगंज एसडीएम को 6 फरवरी की दोपहर 2 बजे अतिक्रमण न हटाने को लेकर स्वयं कोर्ट में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण तलब किया था। जिसे लेकर हसनगंज एसडीएम ने राजस्व कर्मी, पुलिस फोर्स व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेज कर जेसीबी मशीन से रास्ते की जमीन पर पक्का निर्माण व अन्य अतिक्रमण को गिरा दिया। जिससे सड़क किनारे किए हुए अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मच गया। इस संबंध में एसडीएम हसनगंज प्रज्ञा पांडे ने बताया कि जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने अवैध अतिक्रम हटाने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाया गया है।

# कल्लू पुरवा गोलीकांड में चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कल्लू पुरवा गांव में रविवार रात नशेबाजी का विरोध करने पर अधेड़ को गोली मारने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

कल्लू पुरवा निवासी ओम प्रकाश पुत्र बुद्धिलाल अपने बेटे के साथ बहू को विदा कराने जा रहे थे। गांव के पास स्थित एक चौराहे पर शिवम, विकास, विशाल और बुद्धिलाल सड़क के बीच बाइक खड़ी कर गाली-गलौज कर रहे थे। ओम प्रकाश ने जब युवकों से बाइक किनारे लगाने को कहा तो आरोप है कि वे भड़क उठे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट करते हुए तमंचे से फायर कर दिया। फायरिंग के दौरान गोली ओम प्रकाश के गले और कंधे को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायल की पत्नी जानकी की तहरीर पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिये दबिशें दी जा रही हैं।

न्यूज ब्रीफ

### जिलाधिकारी ने सुनीं 112 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कक्ष में सोमवार को जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 112 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। आज जन सुनवाई मे एक दिव्यांग पेशंन योजना, 02 राशन कार्ड, 04 बच्चों को स्पांशरशिप योजना, 02 बच्चों को बाल सेवा योजना तथा एक निराश्रित महिला पेशंन योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सजने-संवरने निकली दुल्हन रास्ते से फरार

**टड़ियांवा, हरदोई।** बारात से पहले सजने-संवरने के लिए दुल्हन अपने घर से ब्यूटी पार्लर के लिए निकली,उसी बीच से वह कहीं फरार हो गई,इस तरह की बात सुन कर न सिर्फ दूल्हा बल्कि सारे नाते-रिश्तेदार सन्न रह गए। पुलिस ने दी गई तहरीर पर दुल्हन के बहन-बहनोई के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के एक गांव में 5 फरवरी को बारात आनी थी,उसकी तैयारियां की जा रहीं थीं। शुक्रवार को सजने-संवरने के लिए दुल्हन ब्यूटी पार्लर के लिए निकली,लेकिन उसी बीच से वह कहीं फरार हो गई। सुबह सेले कर पूरी रात उसे ढूंढा गया,लेकिन कहीं से कुछ पता नहीं चला। दुल्हन के पिता ने आरोप लगाया कि उसे बदनाम करने की साजिश की जा रही है।

# बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोह लिया मन

## संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर उमंग कल्चरल फेस्ट का हुआ आयोजन

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव



कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव पर "उमंग" कल्चरल फेस्ट का आयोजन हुआ। विधायक श्रीकांत कटियार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रबंधक रिजवान अहमद ने मुख्य अतिथि को प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा झांसी की रानी, मनवा लागे, मोबाइल की लत, भूत बंगला सहित कई नाटक, प्रहसन व तथा लघु नाटिका प्रस्तुत कर श्रोताओं का मनोरंजन किया। इसमें पूर्व विधायक बदलू खां ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए सभी विधाओं में पारंगत होना जरूरी है। संचालन अर्सलान व सिमरन ने किया। प्रबंधक रिजवान अहमद ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यापिका ज़ेबा, श्रुति पटेल, रीमा सिंह, नेहा, मानसी, प्रतीक्षा अवस्थी, अंशिका आदि का आभार जताया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार व उपप्रधानाचार्य अंजू बाजपेई ने अतिथियों का आभार जताया। इसमें पूर्व सपा प्रत्याशी डॉ. मुन्ना अल्वी, आरजे साहिल, इरफान खान आदि उपस्थित रहे। इसमें शांभवी, श्रेयस, प्रिया, अर्चिता, श्रेया, दीपिका, एलिजा, आन्या, अबूजर, रितिका, पलक, पूर्वी, ध्रुव, राजवर्धन, आकर्ष, काशिफ, तौसीफ, आन्या पटेल, रितिका, आकृति, चैतन्या, नूर, तनु, जानवी, परी, शानवी, अनिका, लावण्या, हिबा, आईरा, हादी इब्राहिम, कबीर, रिया, सिद्धि, अलीशाबा, सामिया, अब्बास, अनन्या, अनाबिया फातिमा, अद्वैत, आदित्य, तनिष व इनाया आदि छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# फॉलोअप: महिला शिक्षामित्र हत्याकांड बनी अबूझ पहेली

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र में बीते मंगलवार घर में सो रही महिला शिक्षामित्र की गोली मारकर हुई हत्या का खुलासा करने में अभी पुलिस सफल नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच के बाद शीघ्र खुलासे के लिए किए गए दावे फिलहाल पूरे नहीं हुए। हालांकि हत्यारों तक पहुंचने के लिए पुलिस की टीमें अपना जाल बिछाए हैं।

बता दें कि असोहा थानाक्षेत्र के गोकुलपुर गांव निवासी श्रीकांति (38) पत्नी ओमकार रावत गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र थी। बीती मंगलवार रात वह घर का मुख्य द्वार बंद कर चारपाई में सो रही थी। पति के मुताबिक बेटी रिया व वह कमरे में अलग- अलग सो रहे थे। तभी रात डेढ़ से दो बजे के बीच गोली चलने की आवाज सुन उसकी नींद खुली तो पत्नी खून से लथपथ पड़ी थी। एक व्यक्ति जीने से चढ़कर जा रहा था। जिसे पकड़ने वह दौड़ा तो उसने हवा में फायर किया था। फोरेंसिक टीम ने भी जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। घर का गेट बंद होने के बाद अंदर हत्या कर हमलावर के फरार होने की बात पुलिस के गले नहीं उतरी थी। पति ने किसी से रंजिश से इंकार कर बताया था कि हमलावरों ने पहले घर के बाहर लगे पोल से आए विद्युत आपूर्ति का केबिल काट दिया इससे घर में अंधेरा था। बुधवार को जब पोस्टमार्टम हुआ तो इसमें महिला के दो गोली मारे जाने की बात सामने आई थी। एक गोली गर्दन से मारी गई जो भेजा चीरते हुए सिर से आरपार हो गई थी वहीं दूसरी गोली सीने से मारी गई। एक्सरे में वह लिवर में फंसी मिली थी। पुलिस को घटना में किसी करीबी के शामिल होने का शक था। इसी से वह शीघ्र खुलासा करने का दावा कर रही थी।

# कैंटीन संचालक ने फंदे से लटककर दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के जोरावरगंज गांव में देशी शराब ठेके की कैंटीन के संचालक का शव फंदे से लटका देख सह कर्मियों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। बारासगवर थानाक्षेत्र के कांटी गांव निवासी शेरा (35) पुत्र अशोक सिंह जोरावरगंज में एक देशी शराब ठेके की कैंटीन चलाता था। अक्सर वह रात में कैंटीन में ही रुकता था। सोमवार सुबह उसका शव ठेका परिसर के बरामदे की कुंडे में फंदे से लटका देख सेल्समैन व अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। कर्मियों की सूचना पर लखनऊ के निगोहा थानाक्षेत्र के गौतमखेड़ा गांव निवासी साले अभिषेक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत की खबर से पत्नी दीपांशु बेहाल हो गई। अभिषेक ने बताया कि वह 3 भाइयों में छोटा था। बड़े भाई की पहले मौत हो गई थी। मझला भाई मनोज मूक बधिर है। उसके दो बच्चों में बेटा शौर्य व बेटी गौरी हैं। अभिषेक बहनोई की आत्महत्या करने की वजह वह नहीं बता सका। उसने पारिवारिक विवाद से भी इंकार किया। बताया कि रात में बहन से बहनोई की फोन पर बात हुई थी।

# जहरीले धुएं से प्रदूषित हो रहा वातावरण

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** किसान की पराली जलाने पर सरकार ने मुकदमा दर्ज कराने का प्रावधान किया है। इसके विपरीत गांव गांव लगे गुड़ बनाने के क्रेशर जहरीला धुंआ छोंड़कर वातावरण को दूषित कर रहे है। खास बात यह है कि इन पर किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ती है। बताते चलें कि पंडरवा किला, भेरिया, सहादतनगर, जाजूपारा सहित पिहानी क्षेत्र के कई गांवों में गन्ना क्रेशर दिन-रात धधक रहे हैं। इन क्रेशरों से निकलने वाला काला धुआं, राख और दुर्गंध पूरे इलाके की हवा को जहरीला बना चुके हैं। और बना रहे हैं हालात यह हैं कि कई गांवों में सुबह होते ही धुएं की चादर छा जाती है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में सांस की बीमारी, आंखों में जलन और खांसी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

सबसे गंभीर सवाल यह है कि क्या प्रशासन की कार्रवाई सिर्फ गरीब किसान तक ही सीमित है ?जब किसान मजबूरी में पराली जलाता है तो तत्काल मुकदमा, जुर्माना और चेतावनीकृलेकिन गन्ना क्रेशरों के प्रदूषण पर न निरीक्षण, न नोटिस और न ही बंदी की कार्रवाई ।ग्रामीणों का आरोप है कि कई क्रेशर बिना किसी अनुमति और प्रदूषण नियंत्रण मानकों के संचालित हो रहे हैं। न चिमनियों में फिल्टर हैं, न अपशिष्ट निस्तारण की व्यवस्था। सड़क किनारे लगे ये क्रेशर राहगीरों और दुकानदारों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बने हुए हैं।



जहरीला धुआं छोड़ता क्रेशर। अमृत विचार



यात्रा पर जाने को तैयार भक्त। अमृत विचार

### पैदल चलकर श्री मुकुंद दास आश्रम पहुंचे भक्त

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म जागनी के युवा संगठन के तत्वावधान में माघ पूर्णिमा पर प्रणामी संप्रदाय के भक्तों ने बीते रविवार नगर के तिकोनिया पार्क के पास स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी शिरोमणि मंदिर से सुबह साढ़े 4 बजे श्री मुकुंद धाम मलिहाबाद के लिए पैदल यात्रा निकाली गई। इसमें करीब तीन दर्जन सुंदरसाथ ने भाग लिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह पर प्रणामी संप्रदाय के तमाम लोगों द्वारा भोजन व नाशते की भी व्यवस्था की गई। साथ ही जगह-जगह फूल-मालाओं से यात्रियों का स्वागत किया गया। यह यात्रा 70 किमी पैदल चलकर रात करीब 12.30 मलिहाबाद स्थित श्री मुकुंद दास आश्रम पहुंची। जहां के पीठाधीश्वर श्रीश्री 108 श्री ब्रम्ह ज्योति जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। यात्रा में राहुल गुप्ता, अनुज गुप्ता, श्याम जी गुप्ता, मधु गुप्ता, नीशू गुप्ता (दबौली), शोभित गुप्ता व नैन्शी गुप्ता आदि प्रणामी संप्रदाय के श्रद्धालु शामिल हुए।

# संदिग्ध हालात में गर्भवती की हुई मौत, जांच-पड़ताल शुरू

**हरदोई, अमृत विचार।** गर्भवती की अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया,जहां उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इसका पता होने पर पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है,उसका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के इकरी मजरा नगवां निवासी मधुर की 20 वर्षीय गर्भवती पत्नी सोनिका की सोमवार की सुबह तबियत बिगड़ गई,उसे तुरंत सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया,जहां मौत हो गई। मेडिकल रिपोर्ट पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ की,उसे बताया गया कि करीब दो साल पहले सोनिका की शादी हुई थी,वह पहली दफा मां बनने वाली थी, उसका पति चंडीगढ़ में नौकरी करता है,जो वहां से रवाना हो चुका है,इधर उसके मायके वाले भी उन्नाव से नहीं पहुंच सके है। बेनीगंज पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



महिलाओं को जानकारी देतीं निधी चौरसिया। अमृत विचार

### महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**संवाददता, हरदोई, अमृत विचार।** भक्तापुर गांव में अंतर्ध्वनि महिला विंग के तत्वावधान में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को व्यक्तिगत हाइजीन के महत्व के साथ-साथ पॉलीसिस्टिक ओवरी डिज़ीज़ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस बीमारी में अनियमित माहवारी, वजन बढ़ना और भविष्य में प्रजनन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। जागरूकता कार्यक्रम में 50 महिलाएं और 25 बच्चियां मौजूद रहीं। इस अवसर पर महिलाओं को सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए, वहीं बच्चियों को फल और चॉकलेट देकर पोषण और खुशी दोनों का संदेश दिया गया। इस मौके पर मंडल सचिव कालिन्द्री वैश्य ने कहा कि महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक होना बेहद ज़रूरी है ज़िला अध्यक्ष डॉ. आशी गुप्ता ने पॉलीसिस्टिक ओवरी डिज़ीज़ के लक्षण, कारण और समय पर इलाज की अहमियत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कालिन्द्री वैश्य, डॉ. आशी गुप्ता, निधि चौरसिया, गौरी गौर, संघमित्रा मुखर्जी, मानसी अग्रवाल, दीपिका मित्तल आदि मौजूद रहीं।

# करंट की चपेट में आए दो मजदूर

शॉपिंग माल में हादसा

संवाददाता हरदोई



नंद किशोर।



सोनू शर्मा।

**अमृत विचार।** शहर में एक निर्माणाधीन शापिंग माल में सोमवार की सुबह हादसे हो गया,वहां टीन शेड के लिए लोहे का एंगल तीसरी मंज़िल पर पहुंचाया जा रहा था,उसी बीच एंगल वहां से निकले हाइटेंशन तारों से टकरा गया,करंट की चपेट में आने से एक मज़दूर नीचे गिर पड़ा,जबकि दूसरा उसे बचाने में झुलस गया,वहीं तीसरे मज़दूर का हादसे की चपेट में आना बताया जा रहा है। सभी को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया है,जहां से देर शाम दो को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया।

बताया गया है कि शहर की सिनेमा रोड पर अरुण गुप्ता का शापिंग माल बन रहा है,सोमवार को उसकी प्रोफाइल तैयार की जा रही थी,तीसरी मंज़िल पर टीन शेड के लिए नीचे पड़े लोहे के एंगल ऊपर पहुंचाए जा रहे थे। बेहटा गोकुल थाने के असगरपुर निवासी 30 वर्षीय सोनू शर्मा,कोतवाली देहात के प्रगति नगर निवासी 38 वर्षीय नंदकिशोर गुप्ता और सुरसा थाने के केहरमऊ निवासी 48 वर्षीय गंगा प्रसाद वहां काम कर रहे थे,बताते है कि सोनू शर्मा एंगल पकड़ कर उसे ऊपर खींच रहा था,तभी वह हाइटेंशन तारों से टकरा गया,नतीजतन वह करंट की चपेट में आते ही नीचे गिर पड़ा,नंदकिशोर व गंगाप्रसाद उसे बचाने में झुलस गए,हादसा होते ही सिनेमा रोड जैसे पाश इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में हादसे की चपेट में आए मज़दूरों को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां भर्ती कर उनका इलाज चल रहा था,उसी बीच देर शाम हालत बिगड़ने पर सोनू शर्मा व नंदकिशोर को हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया।

### पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेडा बीबीजई निवासी एक युवक ने सरदारगंज चौकी इंचार्ज पर बार बार दौड़ाने का आरोप लगाते हुए एसपी को लिखित तहरीर देकर बीसी के रूपए लेकर भाग जाने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। विवेक शर्मा के अनुसार वह विनय भारती,प्रिंस कुमार, मनीष कुशवाहा, गौरव राठौर,करन राठौर,अंकुश सिंह, राहुल शर्मा, गौरव सैनी, रमन सिंह,विकास और साकिब अंसारी पुत्र मुजाहिद निवासी गिगियानी आपस में बारह लोग मिलकर हर माह दस दस हजार रूपए आपस में जमा करके आपस में बात कर व्यापार के लिए जिसको आवश्यकता होती थी उसको एक लाख बीस हजार रुपए उसे दे देते थे।

# मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ग्राम हसनापुर निवासी मधुर कुमार पाल के अनुसार वह 30 जनवरी अपने ताऊ गयादीन पाल के घर से टैम्पो लेकर निकल रहा था। तभी गांव निवासी कमलेश ने पत्नी जिन्ना संग उससे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। मोहल्ला निहालगंज रामनगर कॉलोनी निवासी मनीष अवस्थी के अनुसार उसकी अल्लाहपुर तिराहा पर देशी शराब की दुकान के निकट कैंटीन है जिसे वह अपने भाई जगत अवस्थी के साथ संचालित करता है। 30 जनवरी की रात करीब 9.30 पर मोहल्ला मूजागढ़ निवासी अखिलेश कश्यप ने काशीराम कॉलोनी निवासी अपने साथियों रोहित और मुन्ना कंजड़ के साथ पैसे देने के विवाद में उसके भाई को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया बचाने पर आरोपियों ने उसे भी लोहे के पंच से मारपीट कर घायल कर दिया।

# भीम आर्मी का प्रदर्शन, आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, पिहानी, हरदोई



प्रदर्शनकारियों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली पिहानी क्षेत्र के ग्राम सभा इटरा में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला तेजी से फैला और समाज के विभिन्न वर्गों में नाराजगी व्याप्त हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना 31 जनवरी की है, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं व समाज के लोगों को 1 फरवरी को प्राप्त हुई। जानकारी मिलते ही भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कोतवाली पिहानी पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की।तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज किया और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि युवक ने मोबाइल फोन के जरिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विरुद्ध आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हुआ।इसके बाद भीम आर्मी के धर्मेंद्र के नेतृत्व में कार्यकर्ता ग्राम सभा इटरा पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं का कहना था कि आरोपी को सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर तथा बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष आकर माफी मांगनी चाहिए। इसी मांग को लेकर कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन बाधित रहा, जिससे राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ा।मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया और कार्यकर्ताओं को समझाने-बुझाने में जुटी रही, लेकिन कार्यकर्ता अपनी मांग पर अड़े रहे। हालात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी सतर्क रखा गया, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य दीनदयाल वर्मा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं से संवाद किया। जिला पंचायत सदस्य की समझाइश के बाद भीम आर्मी के कार्यकर्ता शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। प्रदर्शन समाप्त होते ही मार्ग पर यातायात सुचारू हो गया और क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो गई।ग्रामीणों के अनुसार आरोपी का नाम शालू उर्फ अनिल दीक्षित है, जो ग्राम सभा इटरा का निवासी बताया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**नोटिस नमूना आम**

न्यायालय श्रीमान-उप जिलाधिकारी न्यायिक महाराजगंज, रायबरेली

पेशी- 06.02.25

जीत बहादुर

बनाम

अंकित सिंह

-वादी/प्रार्थी

प्रतिवादी/विपक्षी

बनाम श्री नारेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र दुर्गाबक्श सिंह, नि0 अलीपुर पर0 सेमरौता तह0 महाराजगंज, लखनऊ

चूँकि ऊपर नामांकित.........ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि. धारा 116 अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनाक 06.02.2026 माह सन् ई0 दिन के बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके बाद निर्णत कर दिया जायेगा।?

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक.......माह सन् .........ई0 को जारी की गयी। दिनांक- 27.01.26

आज्ञा से

उप जिलाधिकारी न्यायिक महाराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD JAFFER था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD ZAFAR रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD ZAFAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHD ZAFAR S/O VAJHUL QAMAR 259 VILL SUKHIPUR POST BADSHAHNAGAR DISTT BARABANKI (225401)

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं **गुफराना औबेद निवासी** 10/137 **मदनी नगर शुक्लागंज, नेतुवा गंगाघाट उन्नाव,** ये सूचित करती हूं कि मेरा नाम गुफराना से गुफराना औबेद हो गया। अब से मैं गुफराना औबेद के नाम से जानी जाउंगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अंकपत्र, प्रमाणपत्र वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2654213 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1946555 तथा बी0ए0 अंकपत्र वर्ष 2017 अनुक्रमांक 15188668 मूल वास्तव में खो गया है। सुशील कुमार त्रिपाठी निवासी-ई-3/357 गली नं0 08बी, पुस्ता-04 सोनिया बिहार, करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली-110094

**सूचना**

मैने अपना नाम SAYED MOHD HASIM ALI HAIDER से बदलकर MOHD HASIM SAYED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ALI HAIDER SAYED ADD-359/48A, KATRA KHUDA YAAR KHAN SADATGANJ DIST-LUCKNOW-226003(U.P.)

**सूचना**

मैंने अपना नाम AASHISH MEHROTRA से बदल कर ASHISH KUMAR MEHROTRA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: SHAMBHU NATH MEHROTRA R/O:315/78 BAN WALI GALI CHOWK LUCKNOW UTTAR PRADESH -226003

**सूचना**

मैं BAHAUDDIN पुत्र MUZAFFAR HUSSAIN, निवासी ग्राम-भिटौरा, पो0 -मनकापुर , गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर BAHAUDDIN IDRISHI S/O MUJFFAR HUSAIN कर लिया है, अतः आज से मुझे BAHAUDDIN IDRISHI S/O MUJFFAR HUSAIN के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**

मैने अपना नाम SHARMA PANKAJ PRAMODKUMAR से बदलकर PANKAJ PRAMOD SHARMA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-PRAMOD SHARMA ADD-3/102, VIRAT KHAND 3- NR-LUCKNOW PUBLIC SCHOOL, GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010(U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम मजहरुल हसन जाफरी से बदल कर मजहरुल हसन पुत्र श्री अता हुसैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मजहरुल हसन पुत्र श्री अता हुसैन निवासी-338/11, सिरके वाली गली, काजमैन रोड थाना-सआदतगंज, लखनऊ 226003**

**सूचना**

मैने अपना नाम RAIS MOHAMMAD KHAN से बदलकर RAIS MOHAMMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-TAHSILDAR ADD-655A/49C ADIL NAGAR, JANKI PURAM DIST-LUCKNOW-226021 (U.P)

**सूचना**

मैं रिषी कुमार गुप्ता आज से अपना नाम बदलकर रिषी गुप्ता रख रहा हूँ आज से मुझे नए नाम से जाना व पहचाना जाए। **रिषी गुप्ता पुत्र श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, निवासी- रानीगंज नई बस्ती लखीमपुर खीरी हैं।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम NAZIM AKHTAR से बदल कर NAZIM रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD AYUB R/O:MAHULI MADHOGANJ UTTAR PRADESH 230403

**सूचना**

मै **सीता देवी पत्नी कमलेश, निवासी-ग्राम मैता सरायं कटियान, पो0- अटेसुवा जिला उन्नाव,** हम पति-पत्नी अपने पुत्र आलोक कुमार को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखाल कर रहे है। आलोक कुमार द्वारा यदि किसी प्रकार का कोई लेन देन किसी भी व्यक्ति से करता है तो उसके वह स्वयं जिम्मेदार होगें। हम पति-पत्नी से किसी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। क्योकि हमारा पुत्र हम पति व पत्नी का कहना नही मानता है।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट और वोटर कार्ड में मेरे पिता का नाम BAJAHULAKAMAR अंकित था जबकि मेरे पिता का सही नाम VAJHUL QAMAR था। इसलिए मैं अपने समस्त दस्तावेज में पिता का नाम VAJHUL QAMAR संशोधन कर रहा हूँ। भविष्य में मेरे सभी दस्तावेज में पिता के नाम को VAJHUL QAMAR के नाम से जाना जाए। MOHD ZAFAR S/O VAJHUL QAMAR 259 VILL SUKHIPUR POST BADSHAHNAGAR DISTT BARABANKI 225401

**सूचना**

मैं **शकन्तुला देवी पत्नी पिल्लू कश्यप पुत्र चिनकू कश्यप निवासिनी ग्राम सतईपुरवा कृष्णानगर कालोनी परगना व तहसील व जिला गोण्डा थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा** मेरे दो लड़के क्रमशः राकेश कश्यप व सुनील कुमार कश्यप का अपने माता पिता व तीन बहनों से कोई वस्ता व सरोकार नहीं है। उपरोक्त दोनों अपनी पत्नी का कहना मानते है उक्त लोग हमें काफी परेशान करते है न मेरी देखभाल करते है और न ही कोई सहायता करते हैं और मेरी बहू हम लोग को प्रताणित करती है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै **सन्तो पत्नी सन्तू निवासी ग्राम जसवंतपुर मजरा मतुआ पोस्ट समसपुर थाना कछौना तहसील संडीला ज़िला हरदोई** की निवासी हूँ मेरे आधार कार्ड पर सन्तो SANTO अंकित है जबकि पालिसी संख्या 223828793 पर सन्ती SANTI अंकित है मै सन्तो उर्फ़ सन्ती दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ दोनों नाम एक ही महिला के हैं। सन्तो पत्नी सन्तू निवासी ग्राम जसवंतपुर मजरा मतुआ पोस्ट समसपुर थाना कछौना तहसील संडीला ज़िला हरदोई

**सूचना**

मैं बच्चन लाल पुत्र स्व0 श्री मुंशीलाल निवासी-मकान संख्या-162, खसरा संख्या-762, डी0एच0 2 सोसाईटी, कुर्सी रोड, लखनऊ का हूँ।, मैने अपने पुत्र संजय कुमार निवासी-19/1256, मुंशी पुलिया, सेक्टर-19, इन्दिरा नगर, लखनऊ को उसके चाल-चलन ठीक न होने के कारण व उनकी पत्नी श्रीमती अनुकृति शुक्ला को अपने व परिवार के साथ हर समय लड़ाई-झगड़ा मार-पीट तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उक्त किसी भी कार्य के वह दोनों स्वयं ज़िम्मेदार होंगे। मेरा व उसके परिवार से संजय कुमार एवं उनकी पत्नी श्रीमती अनुकृति शुक्ला के किये गये किसी भी कार्य से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम खान हफ़ीज़ लतीफ लिख गया है जोकि गलत है। मेरे आधार कार्ड व अभिलेखों में मेरा नाम हफीज खान है जोकि सही है अतः मेरा ड्राइविंग लाइसेंस भी मेरे वास्तविक नाम से बनाया जाना सुनिश्चत करें। इस संशोधन के लिए भविष्य में किसी भी प्रकार की होने वाली कार्यवाही के जिम्मेदार हम स्वयं होंगे। **हफीज खान पुत्र लतीफ खान ग्राम-दूबर साईपुरवा, भवनियापुर रामगढ़ी नानपारा बहराइच, पिन कोड - 271865**

# डीसीएम से टकराकर साइकिल सवार की मौत

**रफ्तार की मार**

- भीड़ ने डीसीएम व चालक को पकड़ा, सतौथा के पास हादसा

संवाददाता, हरदोई




**अमृत विचार।** 70 साल का बुजुर्ग साइकिल से खाद लेने हरपालपुर जा रहा था, उसी बीच डीसीएम ने टक्कर मार दी, साइकिल सवार को सीएचसी हरपालपुर से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, उधर भीड़ ने डीसीएम व उसके ड्राइवर को पकड़ लिया, पुलिस जांच कर रही है।

बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के महसूलापुर निवासी 70 साल का बुजुर्ग नत्थूलाल खाद लेने के लिए सोमवार की सुबह साइकिल से हरपालपुर जा रहा था, उसी बीच रास्तें में हरपालपुर के सतौथा गांव पहुंचते ही उधर से आ रही तेज़ रफ्तार डीसीएम ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, उसे सीधे सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया जहां से मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया। जहां कुछ देर तक चले इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई उधर डीसीएम और उसके ड्राइवर को पकड़ने की बात सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। नत्थूलाल की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी उसके पांच बेटे और चार बेटियां है।

**बेकाबू होकर खाई में गिरा बाइक सवार: शाहाबाद:** मंझिला थाना क्षेत्र के बरेला गांव के पास शराब के नशे में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। जगत चंद पुत्र उसलेस निवासी सरायं रौनक रविवार को शाम 4:00 बजे शराब के नशे में बाइक से अपने घर जा रहा था। वह जैसे ही बरेला गांव के पास पहुंचा उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और खाई में गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।

**पैदल जा रहे युवक पर पलटा ई-रिक्शा: शाहाबाद:** तेज रफ्तार ई रिक्शा पैदल जा रहे एक युवक पर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे पैदल जा रहा युवक घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीवी जयी निवासी सोनू पुत्र रामाधार रविवार को शाम 4:30 बजे अपने घर से तिराहे के लिए जा रहा था। वह जैसे ही सड़क पर पहुंचा वैसे ही एक तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें दबकर सोनू घायल हो गया। घायल अवस्था में सोनू को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

**कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज: शाहाबाद:** जलालपुर गोपी के निकट पैदल सड़क पार कर रहे युवक की कार की टक्कर लगने से मौत होने के मामले में मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम डर्रा निवासी मृतक के भाई रामाधार पुत्र रामप्रसाद के अनुसार उसका भाई 2 जनवरी की देर रात करीब 1.30 बजे ड्राइवर के साथ ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना लादकर अजबा पुर चीनी मिल जा रहा था। करीब 2.30 बजे सुबह जलालपुर गोपी गांव के निकट ट्रैक्टर का डीजल फिलटर चोक होने से ट्रैक्टर बंद हो गया। ट्रैक्टर को किनारे खड़ा कर ड्राइवर ढाबे की तरफ किसी मिस्त्री की तलाश में चला गया। उसका भाई ट्रैक्टर से उतर कर पेशाब करने जा रहा था। तभी जहानी खेड़ा की ओर से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार के चालक ने भाई के टक्कर मार दी। 108 एम्बुलेंस से उसके भाई को सीएचसी पसगवां भेजा गया। जहाँ डाक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी क्रेटा चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### गश्त के दौरान तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई।** पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सुचना पर एक युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पिहानी थाने के उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह के अनुसार वह रविवार हमराह पुलिस कर्मियों के साथ थाना क्षेत्र के करावां रोड पर गश्त पर थे। मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर बाउली रोड पर भट्ठे के आगे खड़े सांदिग्ध युवक को टोंका तो वह भागने लगा। पुलिस ने युवक को दौड़कर पकड़ लिया। युवक की जामा तलाशी में पुलिस ने एक तमंचा 12 बोर और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम मोहम्मद हसीब पुत्र मशरूर खान निवासी मोहल्ला मीर सरायं बताया। पुलिस ने युवक को थाने लाकर उसके विरुद्ध अवैध शस्त्र अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### करंट लगने से श्रमिक की हालत गंभीर

**हरदोई, अमृत विचार।** बच्चों के पेट की खातिर हिमांचल प्रदेश कमाई करने गया राजमिस्त्री वहां 33 हज़ार हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से नीचे गिर कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, जिसे वहां से ला कर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि टड़ियावां थाने के भैंसरी गांव निवासी 42 वर्षीय शिवकुमार पेशे से राजमिस्त्री है, वह बच्चों के लिए कमाई करने हिमांचल प्रदेश गया था। भाई नोखेलाल ने बताया कि शिवकुमार शनिवार को वहां काम कर रहा था, उसी बीच वह 33 हज़ार हाई वोल्टेज की चपेट में आने से नीचे गिर कर बुरी तरह ज़ख्मी हो गया इसका पता होते ही शिवकुमार का पुत्र अंकुर हिमांचल प्रदेश पहुंचा और अपने पिता को शनिवार को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

## छिबरामऊ के निकट 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली आमने सामने भिड़ीं, 4 घायल, 2 मेडिकल कॉलेज रेफर

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर छिबरामऊ गांव के पास रविवार को दो ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों ट्रैक्टरों पर सवार कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया गया। घायलों में मोहित पुत्र लाला राम (11 वर्ष) निवासी करेखा चोंगावां, सौरभ पुत्र अशोक (18 वर्ष), रमाकांत पुत्र नरेश (18 वर्ष) निवासी करेखा चोंगावां तथा ट्रैक्टर चालक योगेंद्र पुत्र राम निवास (22 वर्ष) निवासी ग्राम उत्तमपुरवा शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद मोहित और योगेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। बताया गया कि मोहित, सौरभ, रमाकांत सहित कई लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर अपने गांव करेखा चोंगावां से छिबरामऊ राजघाट पूजा-विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान कन्नौज की ओर से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से छिबरामऊ गांव के पास आमने-सामने टक्कर हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौसारा निवासी एक महिला ने लापरवाही पूर्वक उसके पति को टक्कर मार कर घायल कर देने के मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। नौसारा निवासी ध्यान वती पत्नी सुरेंद्र के अनुसार उसका पति सुरेंद्र मजदूरी करने के लिए 6 जनवरी को सुबह 9:00 बजे जा रहा था। जैसे ही वह बाईपास पर पहुंचा वैसे ही एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके पति के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उनके दोनों पैर टूट गए। घायल पति को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत चिंताजनक होने के बाद रेफर किया गया। शाहजहांपुर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित पत्नी ने बाइक नंबर के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कार ने होमगार्ड जवान को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली के ग्राम शरमा निवासी एक होमगार्ड को तेज रफ्तार कार ने उस समय टक्कर मार दी जब वह ड्यूटी करने के लिए हरपालपुर जा रहा था। घायल होमगार्ड को सीएचसी शाहाबाद में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। ग्राम शरमा निवासी नीरज होमगार्ड इस समय हरपालपुर थाने में ड्यूटी कर रहे हैं। सोमवार को शाम 4 :30 बजे रात्रि ड्यूटी के लिए बाइक से हरपालपुर जा रहे थे। वह जैसे ही बेड़ी लीक गांव के पास पहुंचे एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें 108 नंबर एम्बुलेंस के एमटी संजय और ज्ञान प्रकाश सीएचसी शाहबाद लाये। प्राथमिक उपचार के बाद घायल होमगार्ड को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।

## मतदाता जागरुकता रैली निकाली



रैली को हरी झंडी दिखातीं कीर्ति सिंह। अमृत विचार

**संवाददाता हरदोई, अमृत विचार।** आरआरइंटर कॉलेज के खेल मैदान से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री कीर्ति सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अभियान में जनपद के विद्यार्थी, शिक्षक, समाजसेवियों तथा आम जनमानस से अपील की कि आप अपने व पड़ोसियों के साथ वोट बनवाने के लिए जागरूक हों। इस अवसर पर अशोक सिंह आजाद, भाजपा नेता विवेक सिंह, गौ सेवा सुधीर अवस्थी सेवा भारत, केपी सिंह प्रधानाचार्य आरआर इंटर कॉलेज, सुशील अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## लावारिस बालक को चाइल्ड केयर सेंटर भेजा



**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में 7 वर्ष का मासूम बच्चा लावारिस हालत में मिला। बच्चे के चेहरे और शरीर पर चोट के निशान है। पुलिस ने बच्चें के परिजनों की तलाश की पर कोई नही मिला। मासूम को पुलिस ने चाइल्ड केयर सेन्टर हरदोई भेजा। रविवार को ग्राम पंचायत बड़सरा के प्रधान सोनू सिंह को एक 7 वर्षीय लावारिस बच्चा सिंहपुर गांव के पास बदहवास और रोता हुआ मिला। बच्चा काफी डरा हुआ था। ग्रामीण तब दंग रह गए जब उन्होंने बच्चे की आंखों, गालों और हाथों पर चोट के निशान देखे। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र ने बताया बच्चे ने अपना नाम आदित्य मिश्रा बताया है। वह घर का पता या माता-पिता का नाम नहीं बता पा रहा है। उसका प्राथमिक उपचार कराया गया।

## भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष समेत 7 नामजद



हंगामा करते भीम आर्मी के सदस्य। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम दुर्गागंज निवासी युवक रिसेन्द्र की मौत के मामले में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष करन वर्मा, मीडिया प्रभारी रितेश सहित कुल 7 लोगों को नामजद करते हुए 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उपनिरीक्षक अक्षय मलिक ने बताया कि युवक की मौत के बाद कुछ लोगों ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। आरोप है कि इन लोगों ने शव को रोककर अंतिम संस्कार नहीं करने दिया जिससे क्षेत्र में अशांति फैलने की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिसकर्मियों से अभद्रता की गई और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है। वीडियो फुटेज तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# लालचंद्र चौरसिया बने प्रेस क्लब के अध्यक्ष, हिमांशु गुप्ता महामंत्री



प्रेस क्लब की नवगठित कार्यकारिणी। अमृत विचार

**संडीला, हरदोई।** संडीला प्रेस क्लब की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। अध्यक्षता अनुराग अस्थाना ने की। वसीम अहमद सिद्दीकी मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में मनोज तिवारी, हुमायूं चौधरी एवं एसएम आकिल शामिल रहे। संचालन प्रेस क्लब संयोजक मुईज सागरी ने किया। रविवार को नपा मीटिंग हॉल में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा पत्रकार समाज का आईना होता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अनुराग अस्थाना ने कहा सण्डीला प्रेस क्लब ने हमेशा जिम्मेदार पत्रकारिता की मिसाल पेश की है। विशिष्ट अतिथि मनोज तिवारी ने कहा कि "पत्रकारों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। विशिष्ट अतिथि हुमायूं चौधरी ने कहा कि "आज के समय में पत्रकारों को सत्य के साथ खड़े रहने की आवश्यकता है। प्रेस क्लब इस दिशा में अहम भूमिका निभा सकता है।"

विशेष अतिथि एस.एम. आकिल ने कहा कि "निष्पक्षता और निर्भीकता पत्रकारिता के मूल स्तंभ हैं, जिन पर सण्डीला प्रेस क्लब हमेशा खरा उतरा है।" नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालचंद्र चौरसिया ने कहा कि उनके कार्यकाल में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक वसीम अहमद सिद्दीकी, राजेश गुप्ता, अनुराग अस्थाना, उदय प्रताप चौरसिया, हरि अमोल सिंह, विशेष आमंत्रित सदस्य मोहम्मद अब्बास, मनोज तिवारी, हुमायूं चौधरी, एस.एम. आकिल, अंगूरी शंकर सिन्हा, संयोजक मुईज़ सागरी, प्रभारी अमित कुमार मौर्य, अध्यक्ष लालचंद्र चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात अस्थाना, उपाध्यक्ष गंगाराम, अनिल राठौर, महामंत्री हिमांशु गुप्ता, कोषाध्यक्ष रितेश सिंह लकी, मंत्री मोहम्मद आरिफ, रोहित वर्मा, संगठन मंत्री रामानुज यादव, प्रचार मंत्री अतीश शर्मा, विधिक सलाहकार, अनिल द्विवेदी एडवोकेट, जितेंद्र सिंह एडवोकेट इसके अलावा शहाब सिद्दीकी, तौहीद अहमद, मोहम्मद हसनैन, आशीष गुप्ता, अभिषेक सोनी, मोहम्मद हस्सान, मान सिंह यादव, मोहम्मद अमान, आशीष गौड़, कुनाल मिश्रा, आकाश गुप्ता एवं मोहित यादव को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। अंत में महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# एबीवीपी के जिला संयोजक को दी धमकी, जांच शुरू

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत के बीच से जबरन रास्ता निकाल रहे प्रधान प्रतिनिधि ने दबंगई दिखाते हुए विरोध कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक को जान से मारने की धमकी दी है। जिला संयोजक का कहना है कि उन्हे फर्ज़ी मुकदमें में फंसाने की साजिश की जा रही है। बेहटा गोकुल थाने के पहेलिया मानपुर निवासी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ज़िला संयोजक पुनीत सिंह भोलू ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि प्रधान प्रतिनिधि जबरन उनके के ताऊ के खेत से खड़जा निकाल रहे है, जिसका विरोध करने पर प्रधान प्रतिनिधि के साथी गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए, उसी बीच हाथ में तमंचा पकड़े युवक ने गोली मारने, दूसरे ने ट्रैक्टर चढ़ाने की धमकी देने लगा। पुनीत सिंह ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि हमलावर अवैध असलहे ले कर पहुंचे थे, जिसकी सूचना सीधे एसएचओ बेहटा गोकुल को दी लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया।

# एसपी के सामने रखा अतरौली पुलिस की कारगुजारी का चिट्ठा

**हरदोई, अमृत विचार।** 23 जनवरी को हुए हादसे में दो युवकों की मौत की खबर पर पहुंची मीडिया पर हमला किए जाने के मामले में तहरीर देने के बाद भी अतरौली पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। अतरौली पुलिस ने मीडिया से जो बर्ताव किया उसकी शिकायत सोमवार को एसपी से की गई।

अतरौली के मीडिया प्रतिनिधि राजेश तिवारी, विवेक मिश्रा, लवलेश तिवारी, शफीक अहमद आदि एसपी अशोक कुमार मीणा के सामने पेश हुए और उन्हें पूरी घटना से अवगत कराया। बताया कि हादसे में बाबी अर्कवंशी व उसके दोस्त विकास की मौत हो गई थी। इसका पता होने पर दैनिक समाचार पत्र के प्रतिनिधि समय तिवारी वहां कवरेज करने पहुंचे जहां कुछ दबंग ने सीधे हमला कर दिया। बचाव में एक कांस्टेबल को भी चोट आई। इस बाबत समय तिवारी ने एसएचओ अतरौली को तहरीर दी जिस पर उन्होंने जांच की बात कहते हुए टरका दिया। फिर सीओ संडीला ने अतरौली पुलिस को एक्शन लेने को कहा लेकिन उनकी भी नहीं सुनी गई।

**पत्रकार संगठन भी आगे आया:** अतरौली के मीडिया प्रतिनिधि पर हमला होने की तहरीर देने के बाद भी पुलिस की लापरवाही से नाराज़ पत्रकार एसो. के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा का कहना है कि हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बब्लू का कहना है कि मीडिया पर हमला किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने एसपी से कड़ा एक्शन लेने की पुरज़ोर मांग की है।

# बच्चों ने चित्रकला स्पर्धा में दिखाया हुनर

**किए गए सम्मानित**

संवाददाता सांडी, हरदोई



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व आर्द्र भूमि दिवस सांडी पक्षी विहार में मुख्य अतिथि चैयरमेन सान्डी की उपस्थिति में डीएफओ वी आर संडे ने कहा कि रसायन छोड़ो प्रकृति से नाता जोड़ो किसान अपने खेतों में जैविक खाद का उपयोग करने फसल चक्र अपनाए जाने एवं पारंपरिक बीजों का संरक्षण करें ज्यादा से ज्यादा देशी बीजों का ही प्रयोग करें पर्यावरणीय मुद्दे पारिस्थितिकी तंत्र के सामान्य कामकाज में व्यवधान है मानवीय गतिविधियों के कारण हो सकते हैं या वास्तविक हो सकते हैं यह मुद्दे तब गंभीर हो जाते हैं जब पारिस्थितकी तंत्र मौजूदा स्थिति में ठीक नहीं हो पता है और तब विनाशकारी माने जाते हैं तब पारिस्थितिकी तंत्र के ढहने का अनुमान लगाया जाता है।

अध्यक्ष ने कहा कि विश्व की रामसर साइट में दर्ज सांडी पक्षी विहार के लिए और विकास करने की आवश्यकता जिससे पर्यटकों को ज्यादा से ज्यादा आने की संभावना बढे नगर पालिका द्वारा द हर झील पर सारस के जोड़ो वाला सेल्फी प्वाइंट एवं दहर झील के पास सांडी शाहाबाद मार्ग एवं सांडी हरदोई मार्ग र एक-एक किलोमीटर स्ट्रीट लाइट बढ़ाई जाएगी इस मौके पर नगर के आर एल पब्लिक स्कूल द्वारकाधीश विद्या मंदिर ए पी एस पब्लिक स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय आदमपुर के बच्चों ने ड्राइंग गायन नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता के द्वारा उपस्थित जन समूह को पर्यावरण एवं जैव विविधता तथा प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया गया प्रतियोगित मे आये हुए बच्चों को मैडल पहना कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर रेंजर नरेंद्र कुमार रावत, रेंज अफसर प्रमोद कुमार, चंद किशोर पांडेय, आलोक शर्मा, शिवकुमार गुप्ता, प्रत्युष श्रीवास्तव, मनीष कनौजिया, शिवप्रकाश कुरील साहित वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षा राज्यमंत्री ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल



जरूरतमंदों में कंबल बांटतीं रजनी तिवारी। अमृत विचार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत मझिगवां निवासी राकेश कुमार सिंह उर्फ मनभावन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर सेवा समर्पण दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राज्य शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि प्रावि हत्याहरण में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात मझिगवां निवासी राकेश की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इस मौके पर जरूरतमंदों में कंबल बांटे गये।

## मारुति सुजुकी की 14वीं शाखा का उद्घाटन



फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक।

**हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' ने मारुति सुजुकी कॉन्सेप्ट ग्रुप की चौदहवीं शाखा सवायजपुर का विधिवत पूजन-अर्चन एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। बताया गया कि मारुति सुजुकी शोरूम के शुभारंभ से क्षेत्र में वाहन बिक्री को बढ़ावा मिलेगा तथा आमजन को बेहतर, सुलभ एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनता की मांग पर कॉन्सेप्ट ग्रुप के निदेशकगण ने यह आशवासन दिया कि आगामी कुछ महीनों में सवायजपुर में वर्कशॉप एवं बॉडीशॉप की सुविधा भी उपलब्ध करा दी जाएगी, जिससे वाहन सर्विस एवं मरम्मत के लिए लोगों को बाहर न जाना पड़े। कार्यक्रम में धीरेंद्र प्रताप सिंह 'सेनानी' (अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख संघ), सजीव अग्रवाल (मैनेजिंग डायरेक्टर), यशवर्धन अग्रवाल (सीईओ), सूर्य वर्धन अग्रवाल (मैनेजिंग डायरेक्टर), प्रवीन सिंह (वाइस प्रेसिडेंट) सहित कॉन्सेप्ट ग्रुप के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पंचायत भवन में सूखा रहे कपड़ा



पंचायत भवन में सूखते कपड़े। अमृत विचार

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** भरखनी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामदासपुर में पंचायत भवन की बदहाली सामने आई है। पंचायत भवन में कपड़े सुखाए जा रहे हैं और पशुओं को बांधा जा रहा है। परिसर में गोबर पड़ा हुआ है। इतना ही नहीं यहां ट्रैक्टर-ट्राली और हैरो कल्टीवेटर आदि कृषि यंत्र भी खड़े हैं। पंचायत भवन जो बैठकों और सरकारी कार्यों के लिए बनाया गया था उसकी इस स्थिति से ग्रामीणों में नाराजगी है। मामले का एक वीडियो सोमवार को सामने आया है जिसमें पंचायत भवन परिसर में गंदगी साफ तौर पर देखी जा सकती है। वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## बहू ने खटखटाया कोतवाली का दरवाजा

**हरदोई, अमृत विचार।** टैक्सी ड्राइवर की पत्नी ने जेठ-जेठानी के खिलाफ तहरीर देकर कहा कि उसके पति के घर से निकलते ही उसे जान से मारने की धमकी सुननी पड़ती है। शहर में आईटीआई के सामने के निवासी संजीव पाठक टैक्सी ड्राइवर हैं। उसकी पत्नी ने आरोप लगाया कि जेठ, जेठानी, पुत्र व पुत्री उससे झगड़ती रहती हैं। 28 जनवरी को जेठ-जेठानी हमलावर होने लगे। प्रियंका का कहना है कि धमकियों से वह काफी सहमी हुई है। उसे डर है कि उसके साथ कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। उसने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म पर किया मंथन

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मोहल्ला चौक स्थित रामवाटिका प्रांगण में रविवार की शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा एक भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता, पर्यावरण चेतना और राष्ट्रबोध को लेकर एक वैचारिक संगम के रूप में संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता, मातृशक्ति, संतजन और स्थानीय नागरिक इस अवसर पर उपस्थित रहे। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस हिन्दू सम्मेलन में सनातन धर्म, जल-संरक्षण, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक चेतना जैसे विषयों पर वक्ताओं ने विस्तार से विचार रखे। सम्मेलन का आयोजन रामवाटिका प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम स्थल को सादगीपूर्ण लेकिन अर्थपूर्ण ढंग से सजाया गया था। यह आयोजन संगठन की वैचारिक यात्रा और सामाजिक योगदान को स्मरण करने का अवसर भी था।

सम्मेलन में प्रमुख वक्ता के रूप में लवली दीदी ओम शांति ने अपने विचार रखे। उन्होंने सनातन धर्म, देवी-देवताओं और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पूर्ण व्यवस्था है। लवली दीदी ने संघ कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हिन्दू समाज को उसके मूल्यों, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास से अवगत कराएं तथा समाज को एकजुट रखने का सतत प्रयास करें। कात्यायनी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज ने "जल ही जीवन है" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अत्यंत भावुक उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार मां अपने शिशु को दूध पिलाकर उसका पालन करती है, उसी प्रकार भारत माता अपने बच्चों को निर्मल जल प्रदान करती है। उन्होंने जल-संरक्षण को राष्ट्रधर्म बताते हुए कहा कि यदि हम आज जल को नहीं बचाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा। सहनगर कार्यवाह ने अपने विचारों में सनातन धर्म की वैश्विक अवधारणा पर चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे देवी-देवता शस्त्र और शास्त्र दोनों से सुसज्जित हैं, लेकिन आज समाज शास्त्र को तो जानता है, शस्त्र के महत्व को भूलता जा रहा है। उनके संबोधन का समापन "जय हिन्द, जय भारत" के उद्घोष के साथ हुआ। हिन्दू सम्मेलन के आयोजक ने अपने वक्तव्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रीराम और रावण की लीला के माध्यम से भाईचारे और धर्म की विजय का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए फास्ट फूड के दुष्परिणामों को रेखांकित किया। उन्होंने पाकिस्तान पर हुए सिंदूर ऑपरेशन का उल्लेख करते हुए विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों पर चिंता भी व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन अमितेश मिश्रा द्वारा किया गया। वहीं सतेन्द्र श्रीवास्तव ने सम्मेलन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला प्रचारक अनिल, श्याम जी गुप्ता सह नगर कार्यवाहक, शरद पर्यावरण प्रमुख, रामजी वर्मा कुटुंब प्रबोधन, सुबीन गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तिरंगे के अपमान पर पुलिस ने दर्ज कराया मुकदमा

**कछौना, हरदोई।** गणतंत्र दिवस के दिन बहुजन अधिकार मोर्चा की तिरंगा रैली के दौरान राष्ट्रीय ध्वज पर नियमों के खिलाफ लेखन का मामला सामने आया। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। 26 जनवरी को कछौना कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन ने बाइक और कारों से तिरंगा रैली निकाली। संगठन के पदाधिकारी इंजीनियर सरोज कुमार गौतम की गाड़ी पर तिरंगे पर गलत लेखन का आरोप लगा। उपनिरीक्षक रामचंद्र शर्मा ने तहरीर दी जिसमें इसे संविधान और ध्वज संहिता का उल्लंघन बताया गया। राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 के तहत बहुजन अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज कुमार गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आकाश आजाद, जिलाध्यक्ष कृष्णपाल, अशर्फीलाल और दो अन्य पर मुकदमा दर्ज हुआ। थाना प्रभारी अमित सिंह ने पुष्टि की कि जांच चल रही है और आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे। यह अपराध तिरंगे पर लेखन या परिवर्तन के कारण दंडनीय है।

## न्यूज ब्रीफ

### गणेश महायज्ञ में प्रबुद्धजनों का सम्मान

**कमलापुर।** विकासखंड कसमण्डा क्षेत्र के ग्राम पताराकला में चल रही 41 वीं गणेश महायज्ञ के दूसरे दिन भक्ति और सामाजिक समरसता का भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। श्री गणेशोत्थान धर्मादा सेवा समिति द्वारा वर्ष 1985 से महायज्ञ से जुड़े सभी 41 जजमानों और प्रबुद्धजनों को तिलक, माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति पदाधिकारियों ने महायज्ञ की परंपरा और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।

### कच्ची दीवार गिरने से अधेड़ की मौत

**कमलापुर।** मानपुर इलाके के भिठौली गांव में हादसा हुआ। गांव निवासी राजू (55) पुत्र जगमोहन रोज की तरह सुबह करीब दस बजे घर से बाहर निकल रहे थे, तभी उनके मकान की कच्ची दीवार अचानक भरभरा कर उनके ऊपर गिर पड़ी। हादसे में घटनास्थल पर ही राजू की मौत हो गई। सूचना पर मानपुर पुलिस, नायब तहसीलदार सत्यपाल चौहान व लेखपाल सजीव दीक्षित पहुंचे। सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

### करणी सेना के जिला सचिव बने प्रशांत राणा

**कमलापुर।** करणी सेना भारत संगठन ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए जिला स्तर पर नए पदाधिकारियों की घोषणा की। संगठन के जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह सिसौदिया की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रशांत सिंह राणा को करणी सेना का जिला सचिव तथा प्रशांत सिंह को युवा प्रकोष्ठ का जिला सचिव मनोनीत किया गया। नव-नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में अभिषेक ठाकुर, राहुल यादव, अभिषेक सिंह, सुमित सिंह, भूपेंद्र सिंह और नीरज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### लकड़ी और मौरंग से लदे छह वाहन पकड़े

**लहरपुर।** तहसील प्रशासन द्वारा अवैध रूप से संचालित वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार जांच अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के तहत तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने नगर के विभिन्न मार्गों पर जांच कर लकड़ी और मौरंग से लदे कुल छह वाहनों को पकड़कर खड़ा कराया। जांच के दौरान लकड़ी से लदे दो डीसीएम और एक ट्रैक्टर पटेला को तहसील परिसर में खड़ा कराया गया, जबकि मौरंग से लदे तीन ट्रकों को कोतवाली परिसर में जांच के लिए रोका गया।

### औषधीय खेती से बढ़ेगी आमदनी

**बिसवां।** किसानों को नवीन कृषि तकनीकों से जोड़ने और आय बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के तत्वावधान में 66 किसानों के दल का सीमैप (केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान) द्वारा आयोजित किसान मेले का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का नेतृत्व प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। मेले में सीमैप के वैज्ञानिकों ने तुलसी, मेंथा, अश्वगंधा, स्टीविया, लेमनग्रास, पामारोजा व सिट्रोनेला जैसी औषधीय एवं सगंध फसलों की उन्नत प्रजातियों, नर्सरी उत्पादन, रोपाई, उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई व रोग-कीट नियंत्रण की जानकारी दी।

### एकजुटता और सामाजिक समरसता पर दिया जोर

**सीतापुर।** स्थानीय सिविल लाइंस स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में सकल हिंदू समाज द्वारा भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष शिव प्रताप जायसवाल ने कहा कि व्यक्तिगत भेदभाव भुलाकर ही समग्र विकास संभव है। डॉ. सतीश चंद्र वर्मा ने सरकारों की बांटो और राज करो की नीति पर चिंता व्यक्त की। इससे पूर्व इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बर ने भारत माता गान और शिवप्रताप सिंह चौहान ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अरुण शर्मा बेधड़क ने किया।

### सुंदरकांड के संगीतमय पाठ में झूमे श्रद्धालु

**नेरी।** पिसावां ब्लॉक क्षेत्र के बरगावां में रामचरितमानस के सुंदरकांड का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार एवं हनुमान जी के चित्र के समक्ष अखंड दीप प्रज्वलन से किया गया। स्वर साधना म्यूजिक ग्रुप की मंडली ने प्रमुख चित्रांशी के नेतृत्व में मधुर वाद्य यंत्रों के साथ सुंदरकांड का पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर मानस मंडली की ओर से स्थानीय मुखिया राजेश सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# जल जीवन मिशन : कहीं पाइपलाइन तो कहीं कनेक्शन के कार्य अधूरे

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता महोली/ नेरी (सीतापुर)



नेरी में बंद पम्प हाउस और परिसर में उगी झाड़ियां। अमृत विचार

- पिसावां ब्लॉक क्षेत्र का है मामला, ग्रामीण बोले- डीएम से करेंगे शिकायत



नूर हसन शाह
प्रधान नेरी



आशाराम
प्रधान छहेलिया

"अभी हमारा कार्य चल रहा है धन अभाव के कारण कार्य की गति धीमी हुई है टंकी का निर्माण न होने के कारण पंप मोटर से ही घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। जैसे ही फंड प्राप्त होगा कार्य को प्रगति दी जाएगी, लीकेज व अन्य समस्याओं पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। उक्त ग्राम पंचायतें अभी तक हर घर जल सर्टिफाइड नहीं है।
-अखिलेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता, जल निगम सीतापुर"

**अमृत विचार:** ब्लॉक पिसावा की ग्राम पंचायत छहलिया और नेरी में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना में विभागीय लापरवाही का दावा है। ग्रामीणों का दावा है कि कार्य शुरू हुए करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी स्वच्छ पेयजल व्यवस्था घर तक पहुंचने में अवरोध है।

नेरी के ग्राम प्रधान नूर हसन शाह बताते हैं कि योजना का कार्य विलंब से चल रहा है। ऐसी स्थिति में आमजन को लाभ नहीं मिल पा रहा। छहलिया के ग्राम प्रधान आशाराम ने बताया कि गांव में पानी की टंकियां अभी भी निर्माणाधीन हैं और पंप हाउस बदहाल स्थिति में पड़े हैं। पाइपलाइन और कनेक्शन का कार्य भी अधूरा है। स्थानीय निवासी अरविंद कुमार सिंह, रामप्रकाश, आशाराम और अमित मिश्रा सहित अन्य लोगों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। कार्य की सुस्त रफ्तार और जिम्मेदारों की अनदेखी से तंग आकर अब ग्रामीणों ने जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर से मामले की लिखित शिकायत करने का निर्णय लिया है।



बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल। अमृत विचार

## पुलिस के बेड़े में शामिल हुईं दस नई बाइकें

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद की सुरक्षा व्यवस्था और डायल-112 की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने एसपी कार्यालय परिसर से दस नई मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों के शामिल होने से अब पुलिस संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी कम समय में पहुंच सकेगी। इस अवसर पर एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डायल-112 सेवा का मुख्य लक्ष्य त्वरित प्रतिक्रिया और आमजन की तत्काल सहायता है। नई बाइकें गश्त प्रणाली को मजबूत करेंगी, जिससे अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) दुर्गेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) आलोक सिंह, डायल-112 प्रभारी व प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान बीडीओ को दिया अल्टीमेटम

संवाददाता, गोंदलामऊ, सीतापुर।



गोंदलामऊ ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण करतीं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या।

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने विकास खंड गोंदलामऊ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही सामने आने पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई, साथ ही आवास योजना वर्ष 2017 से लंबित पड़े आवासों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए।

दो साल से अटके पीएम आवास मामलों पर सीडीओ की ओर से नाराजगी जताई गई। एडीओ पंचायत कार्यालय में सचिवालय, सामुदायिक शौचालय और अंत्येष्टि स्थल की प्रगति रिपोर्ट संतोषजनक न मिलने पर सुधार की चेतावनी दी गई। कार्यों की धीमी गति पर एपीओ दिलीप शुक्ला को फटकार लगी और अभिलेखों के बारीकी से सत्यापन के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने बीडीओ संदीप कुमार को एक माह के भीतर सभी कमियों को दुरुस्त करने और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान डीडीओ संतोष नारायण गुप्त सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# केसरीगंज ने सीतापुर को हराकर जीता खिताब

संवाददाता, मिश्रिख।



जीत की ट्राफी के साथ विजेता टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिसावां विकास खंड के बीहट गौर गांव में आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का खिताब केसरीगंज की टीम ने अपने नाम कर लिया है। रविवार देर रात तक चले रोमांचक फाइनल मुकाबले में केसरीगंज ने सीतापुर की टीम को सीधे सेटों में 25-20, 25-21, 15-25 और 25-16 से शिकस्त देकर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता में सीतापुर, महोली, कुतुबनगर और दधनामऊ सहित कुल उन्नीस टीमों ने दमखम दिखाया। राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देर रात तक चले मुकाबलों के लिए मैदान में प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर बीडीसी बिंद्रा प्रसाद, बीडीसी कर्मवीर, आयोजक नितिन सिंह, ऋषभ शुक्ला, शानू सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** तेज रफ्तार कर ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा और एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। खैराबाद थाना क्षेत्र के कैथाभारी गांव के पास रविवार देर रात हुए सड़क हादसे के बाद इलाका पुलिस ने कार जब्त कर चालक की तलाश शुरू की। खैराबाद थाना क्षेत्र के निजामाबाद निवासी अंकित अपने चाचा देशराज और साथी लक्ष्मीनारायण के साथ होटल में कैटरिंग का काम खत्म कर देर रात बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक कैथाभारी के पास पहुंची, सामने से आ रही कार ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

## ऑक्शन में चमका सीतापुर का नाम, नितिन को लखनऊ पैंथर्स ने चुना

**सीतापुर। अमृत विचार :** लखनऊ प्रीमियर लीग के ऑक्शन में जिले की केवीएस क्रिकेट अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी नितिन अवस्थी को लखनऊ पैंथर्स ने बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया। ऑक्शन के दौरान जैसे ही नितिन अवस्थी का नाम पुकारा गया, लखनऊ पैंथर्स ने उन पर भरोसा जताते हुए तुरंत टीम में जगह दी। नितिन लंबे समय से केवीएस क्रिकेट अकादमी में कोच स्वदेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं और अपने लगातार शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है। उनके चयन से अकादमी सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



नितिन अवस्थी

# माघ पूर्णिमा पर संकटा देवी धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



माघ माह की पूर्णिमा के अवसर पर पूजन अर्चन करते श्रद्धालु।

संवाददाता, महमूदाबाद।

**अमृत विचार :** नगर के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में माघ माह की पूर्णिमा के अवसर पर सामूहिक महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माहौल को भक्तिमय बनाया।

मां संकटा देवी धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी की अगुवाई में आयोजित आरती में भगवान गणेश की वंदना के साथ मां संकटा, भगवान शिव और जगतजननी मां दुर्गा की संगीतमय आराधना की गई। पं. पुरुषोत्तम मिश्र ने विधिविधान से महाआरती संपन्न कराई। महाआरती में ओम प्रकाश गुप्त, गौरव मिश्र, राहुल वाजपेयी, कौशल गुप्त सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आपसी विवाद में मारपीट तीन लोगों पर मुकदमा

**सांडा। अमृत विचार:** सकरन इलाके के ग्राम ओड़ाझार में शटरिंग के सामान को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट में एक युवक और उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सकरन थानाक्षेत्र के ओड़ाझार निवासी दीनबंधु चौरसिया के मुताबिक, वो शाम को शटरिंग के लिए बल्ली-पटरा लेने जा रहा था। आरोप है कि गांव के ही अब्दुल सलाम, मोहम्मद हारुन और आरिफ ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए दीनबंधु के भाई शैलेश को भी दबंगों ने बेरहमी से पीटा। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।



कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

## कबड्डी का रोमांच, लखनऊ बेकरी बनी चैंपियन

**संवाददाता, तम्बौर। अमृत विचार :** कस्बे में जन्नत फैशन प्रो कबड्डी लीग का शानदार आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि साबिर अली, हाजी लईक, मोहम्मद नफीस और रिंकू शाह ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। लीग का उद्घाटन मैच जेके क्लब और जीनियस मॉन्टेसरी स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें जीनियस की टीम विजयी रही। वहीं, रेडिएंस इंटर कॉलेज की टीम ने लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला रेडिएंस इंटर कॉलेज और लखनऊ बेकरी के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ बेकरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। विजेता व उपविजेता टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आयोजक फरहान, आयान, सुहेल, जीशान खान, कैफ, अफ्फान, मोईद सहित टीपू सुल्तान, हसीन खान, तफसीर बादशाह और अनस मौजूद रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चे व वन अधिकारी। अमृत विचार

## सालपुर स्कूल में मनाया विश्व आर्द्रभूमि दिवस

**संवाददाता, बिसवां। अमृत विचार :** विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को बिसवां रेंज वन विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय सालपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन अधिकारियों ने स्कूली बच्चों को प्रकृति और जल स्रोतों के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बिसवां रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी ने बच्चों को बताया कि आर्द्रभूमियाँ न केवल जल संरक्षण और बाढ़ नियंत्रण में सहायक हैं, बल्कि ये विभिन्न पक्षियों और जलीय जीवों का सुरक्षित बसेरा भी हैं। डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह चौहान ने जैव विविधता बनाए रखने में इनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा करने और जल स्रोतों को प्रदूषित न करने का संकल्प लिया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने बच्चों के जिज्ञासापूर्ण सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी रेंजर सुशील कुमार, प्रदुमन त्रिपाठी, अनिल कुमार, वन दरोगा हिमांशु वर्मा और वन रक्षक अभय सिंह सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# जन्म प्रमाण-पत्र मामलों में ढिलाई पर बीडीओ को फटकारा

इमलिया सुल्तानपुर/ सीतापुर।

- ऐलिया ब्लॉक में डीएम का औचक निरीक्षण, जताई नाराजगी



अभिलेखों का अवलोकन करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने ऐलिया खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जनसुनवाई, प्रमाण-पत्र, मनरेगा, स्थापना पटल, एनआरएलएम और पंचायत विभाग से जुड़े कार्यों की गहन समीक्षा की। जन्म प्रमाण-पत्र से जुड़े आवेदनकर्ता से फोन पर फीडबैक लेने पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए मातहतों को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी द्वारा प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन किया। जन्म प्रमाण-पत्र के एक आवेदनकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर फीडबैक लिया। फीडबैक सही न मिलने पर खंड विकास अधिकारी पर नाराज़गी जताते हुए आड़े हाथ लिया। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रमाण-पत्र से जुड़े प्रत्येक आवेदनकर्ता से स्वयं फीडबैक लिया जाए और इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। स्थापना पटल पर कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ, अवकाश अभिलेखों की जांच कर सभी रिकॉर्ड अद्यतन रखने के भी निर्देश दिए। मनरेगा पटल पर एपीओ से बातचीत कर चल रहे निर्माण कार्यों, मास्टर रजिस्टर, लेबर रजिस्टर और भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। वर्क ऑर्डर के अनुरूप समय से कार्य पूर्ण कराने को डीएम ने कहा। डीएम ने बीडीओ प्रशांत शुक्ला को पांच लाख रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर आख्या अंकित करने के आदेश दिए। एडीओ पंचायत व एनआरएलएम कक्ष में रजिस्टरों, स्वयं सहायता समूहों के कार्य व भुगतान तथा एसआईआर फॉर्म की स्थिति की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## काव्य गोष्ठी में गूंजा भाईचारे का स्वर

**सीतापुर।** अन्नपूर्णा साहित्य संगम द्वारा नई बस्ती स्थित कार्यालय में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष नवीन द्विवेदी एवं मंजर यासीन की अध्यक्षता में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता किशोर श्रीवास्तव की वाणी वंदना से हुआ। गोष्ठी में मुख्य रूप से मंजर यासीन ने काव्य पाठ किया। नदीम सीतापुरी ने हास्य-व्यंग्य से श्रोताओं को गुदगुदाया। यासीन इब्ने उमर ने एकता और भाईचारे पर अपनी रचना प्रस्तुत की। राम किशोर श्रीवास्तव व गीता किशोर ने श्रृंगार रस की छटा बिखेरी। सुमन मिश्रा ने गजल और रियाजुद्दीन रियाज ने देशप्रेम की कविताओं से जोश भरा। हरेंद्र विक्रम सिंह व रामदास वैश्य ने सामाजिक विसंगतियों पर ओजपूर्ण प्रहार किया। गोष्ठी के अंत में वरिष्ठ साहित्यकार अवधेश शुक्ला के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन राम किशोर श्रीवास्तव ने किया।

## फाउंडेशन समाज के वंचित वर्ग की है मुख्यधारा : एएसपी

**संवाददाता, खैराबाद। अमृत विचार :** विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन का चौथा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह में बच्चों ने स्वागत गीत, भजन और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें खूब सराहा गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों, निराश्रित महिलाओं और वृद्धों को अंगवस्त्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि नपा अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, डॉ. रजनीश मिश्रा और हरीशंकर गुप्ता ने भी संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में संस्था की सचिव बिन्दू मौर्या ने सभी का आभार व्यक्त किया। समापन 'वंदे मातरम' गान के साथ हुआ।



दिव्यांग को साइकिल देते एएसपी व संगठन के पदाधिकारी।

# नैमिषारण्य पुलिस ने ट्रैक किए खोए हुए सात मोबाइल

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नैमिषारण्य पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से तकनीक का सटीक उपयोग करते हुए सात गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद किए गए इन स्मार्टफोन्स की कुल कीमत करीब सवा लाख की आंकी गई है।क्षेत्राधिकारी मिश्रिख विशाल गुप्ता के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष नैमिषारण्य नवनीत मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कठिन प्रयासों के बाद इन मोबाइलों को ट्रैक किया। रविवार को थाना परिसर में इनमें से चार मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों शोभित कुमार, बिन्द्रा प्रसाद, घनश्याम अग्रवाल और सर्वेश कुमार को सौंप दिए गए। अपना खोया हुआ कीमती फोन वापस पाकर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की।बाकी तीन मोबाइल स्वामियों जो शाहजहाँपुर, राजस्थान और आंध्र प्रदेश के निवासी हैं को सूचित कर दिया गया है, जिन्हें जल्द ही सुपुर्द किया जाएगा।

# हिंदू समाज की सजगता से ही भारत बनेगा पुनः विश्व गुरु

संवाददाता, बिसवां।



हिंदू सम्मेलन में उपस्थित वक्तागण। अमृत विचार

- रेउसा खंड के हिंदू सम्मेलन में सामाजिक एकता पर दिया जोर

**अमृत विचार :** त्रिभुवन दत्त इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित रेउसा खंड के हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज की सजगता, समरसता और नैतिक मूल्यों को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। समाज को संगठित और सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।

हिंदू समाज जब तक सजग और सबल नहीं होगा, तब तक भारत पुनः विश्व गुरु और विश्व शक्ति नहीं बन सकता। यह विचार राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री एवं साहित्य भूषण कमलेश मौर्य 'मृदु' ने रेउसा खंड के हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ शुचिता, करुणा और आत्मीयता पूर्ण व्यवहार से ही सकारात्मक परिवर्तन संभव है, जिससे राष्ट्र वैभवशाली बनेगा।

सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद शुक्ल ने की। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अवध प्रांत मंत्री लक्ष्मी पांडे ने सामाजिक समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों के पालन को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप बाजपेई ने किया। कबीर मठ के वरिष्ठ संत गुरुशरण दास ने भी विचार रखे। इस अवसर पर उदय अवस्थी, विवेक मौर्य, तन्नूलाल शास्त्री, कृतार्थ मिश्र व राममूर्ति लोधी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### ससुरालीजनों की प्रताड़ना से बेटी की मौत का आरोप

**लालगंज :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव निवासी श्री कृष्ण पाल ने अपनी पुत्री ज्योति की मौत के मामले में उसके पति सत्येंद्र सविता, ससुर प्रमोद सहित अन्य ससुराली जनों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। ज्योति पाल ने 22 अप्रैल 2024 को उत्तरा गौरी निवासी सत्येंद्र सविता से लव मैरिज किया था, तभी से अपनी ससुराल में रह रही थी। रविवार को उसने तंग आकर जहर खा लिया। दौरान इलाज उसकी एम्स रायबरेली में मौत हुई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतिका ज्योति पाल के पिता श्री कृष्ण पाल ने शिकायती पत्र दिया है, जांच की जा रही है।

### पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**छतोह :** परशदेपुर चौकी परिसर में चौकी प्रभारी मोहित कुमार की अध्यक्षता में शबे-बारात एवं महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने कहा कि त्यौहार आपसी भाई चारे का होता है आप लोग शान्ति पूर्वक मनाए त्योहार। इस मौके पर मौलवी व सभासद निहाल खान, समसी रिजवी, मोहम्मद हाशिम, ग्राम प्रधान मुरली, देशराज आदि कई लोग

### 3 भैंस चोर गिरफ्तार

**लालगंज :** शाहपुर गांव में शिवमोहन विश्वकर्मा की दो भैंसे चोरी हुई थी। चोरी गई भैंसे उन्नाव जिले के धानी खेड़ा बाजार में बेची गई थी। शिव मोहन विश्वकर्मा ने भैंस चोरी करने वाले और खरीदने वाले दोनों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया था और मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर भैंस चोरी करने वाले राजकुमार उर्फ मोनू यादव निवासी शाहपुर और भैंस खरीदने वाले राय खेड़ा महारानीगंज निवासी राम सजीवन पासी उर्फ सल्लर और उसके पुत्र दीपू को पकड़कर जेल भेजा गया है।

# खेलते समय गड्ढे में गिरकर मासूम की हुई मौत

**ऊंचाहार (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के डिहवा मजरे कंदराँवां गांव में सोमवार देर शाम घर के बाहर खेल रहे एक चार वर्षीय मासूम बच्चे की गड्ढे में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक बच्चे की फाइल फोटो।

गांव निवासी उमेश कुमार का चार वर्षीय बेटा अपने घर के दरवाजे पर ही खेल रहा था। घर के समीप ही एक गड्ढा था जिसमें पानी भरा हुआ था। मासूम अपनी धुन में खेलते-खेलते अचानक उस गड्ढे की ओर चला गया और पैर फिसलने से गहरे पानी में जा गिरा। दुर्भाग्यवश, घटना के वक्त आसपास किसी की नजर नहीं पड़ी, जिससे बच्चे को तत्काल मदद नहीं मिल सकी। काफी देर बाद जब घर में बच्चे की आवाज नहीं आई, तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन करने पर जब उनकी नजर गड्ढे में पड़ी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बदहवास परिजनों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर भागे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने बच्चे की जांच की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# प्रेम और जाति-भेद मुक्त समाज के प्रबल समर्थक थे संत रविदास

आयोजन

- संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती कार्यक्रम को विधायक अदिति सिंह ने संबोधित किया

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** महान संत समाज सुधारक रविदास समानता, प्रेम और जाति-भेद मुक्त समाज के प्रबल समर्थक थे। संत रविदास ने अपने विचारों और कर्मों से समाज को एकता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति और ऊंच-नीच के भेद को नकारते हुए समतामूलक समाज की कल्पना की। यह उद्गार सदर विधायक अदिति सिंह ने संत रविदास स्मृति जन सेवा समिति की ओर से औघड़नाथगंज में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती में व्यक्त किए।




विधायक अदिति सिंह को प्रतीक चिह्न भेंट करते कर्मवीर।

सदर विधायक अदिति सिंह ने संत शिरोमणि गुरु रविदास एव संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने युवाओं से संत रविदास के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही रविदास मंदिर के सौन्दरीकरण एवं मंदिर के ऊपर टीन शेड लगवाने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में जवाबी कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर राघवेंद्र प्रताप सिंह, उमेश सिकरिया, कमला श्रीवास्तव, बाबू दिलीप पाल, कृष्णकांत यादव, अनिल रावत, चंदन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामकरन चौरसिया, देश राज यादव, कुंवर बहादुर यादव, प्रदीप कुमार यादव, सूरज गौतम, अजीत राव, राजा, मनोज चौधरी, राजू, शिवदेवी, साक्षी आदि रहे। संचालन दीपक यादव व दुर्गेश पांडेय ने किया।

### समारोह में महिलाओं को किया गया सम्मानित

**रायबरेली, अमृत विचार।** महादेव मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से हरचंदपुर ब्लॉक के ग्राम टांडा पंचायत भवन गंगागंज में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्षा वंदना कश्यप ने समूह से जुड़ी महिलाओं की भूमिका की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही महिलाओं को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह रहीं। इस दौरान रवि दीक्षित, हरिकेश, जितेंद्र, मुकेश जी, आरती सिंह, प्रभा सिंह, अन्या कश्यप, अवनीश सिंह, आस्था नेहा सिंह, ऋतु, रेखा दुबे, प्रज्ञा सिंह, सुषमा सिंह, रश्मि पारी, सूरज सिंह, संचालिका प्रज्ञा सिंह एवं फाउंडेशन के सचिव अमन कुमार कश्यप आदि रहे।




अतिथि का स्वागत करतीं महिलाएं।

# लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए

## मुख्य विकास अधिकारी ने जिला उद्योग बंधु की बैठक में दिए निर्देश, महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता सीडीओ अंजूलता ने की। यहां पर औद्योगिक क्षेत्रों में सड़को की मरम्मत, जल निकासी, अतिक्रमण, साफ-सफाई, भारी वाहनों के आवागमन, सड़क चौड़ीकरण, जल निकासी व निवेश मित्र पोर्टल आदि के महत्वपूर्ण बिंदुओ पर समीक्षा की गई।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करतीं सीडीओ अंजूलता व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया है कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए, ताकि उद्यमियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश, उद्यम स्थापना, लाइसेंस/अनापत्ति प्रमाणपत्र निर्गम, भूमि आवंटन, बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और उद्योगों को सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उद्योगों से संबंधित शिकायतों व मांगों को भी बैठक में सुना गया और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

### राज्य आयुक्त ने मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों की सुनीं समस्याएं, कार्रवाई के दिए निर्देश

**रायबरेली, अमृत विचार।** सामुदायिक केन्द्र रतापुर में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश प्रो. हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित मोबाइल कोर्ट का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। मोबाइल कोर्ट में अपनी समस्याओं के साथ आए दिव्यांगजनों की समस्याओं पर राज्य आयुक्त द्वारा सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग लखनऊ मंडल राजेश मिश्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला पिछड़ा वर्ग कलयाण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबेर्दुरहमान सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धन के बंदरबांट को लेकर प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी आपस में भिड़े

**सलोन (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी निर्माण में सरकारी धन के बंदरबांट को लेकर प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी आपस में भिड़ गए। आरोप है कि वीडियो ने प्रधान से बचने के लिए कमरे में जाकर अपनी जान बचाई है। घटना का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कम्प मच गया। वहीं वीडियो ने घटना के बाद से मोबाइल को स्विच ऑफ कर दिया है, जबकि प्रधान ने वायरल वीडियो को विरोधियों की साजिश बताया है।

सलोन विकास क्षेत्र के ग्राम सभा पाल्हीपुर प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य चल रहा है।सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ। जिसमे आरोप लगाया गया कि फर्जी रुपयों की निकासी को लेकर प्रधान वीडियो आपस मे भिड़ गए। आरोप ये भी लगाया गया कि प्रधान ने वीडियो को न सिर्फ गाली दी गई। बल्कि जान से मारने की कोशिश भी की गई। जिसके बाद वीडियो जान बचाने के लिए एक कमरे में घुस गए। वहीं जब घटना की सत्यता के प्रधान दीपक यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो पूरी तरह से गलत है। विपक्षियों ने चुनाव में छवि खराब करने के लिए षड्यंत्र रचा हुआ है। मेरे और वीडियो के बीच में निर्माण कार्य मे लग रही सामग्री के भुगतान को लेकर कहा सुनी हुई थी। ऐसा कोई विवाद नहीं है। वहीं वीडियो नरेंद्र यादव ने घटना के बाद से अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया है।

जबकि वायरल वीडियो की पुष्टि अखबार नहीं करता है। इस सम्बंध में एडीओ पंचायत जीतेन्द्र सिह ने बताया कि इस सम्बंध में प्रधान व वीडियो की तरफ से कोई जानकारी नही दी गई।

# ज्ञान से उजियारा: बाल पुस्तकालय बना ग्रामीण शिक्षा का प्रेरक केंद्र




प्राथमिक विद्यालय दौतरा में बच्चों को पुस्तकें वितरित करते अतिथि। अमृत विचार

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय दौतरा का बाल पुस्तकालय आज ग्रामीण अंचल में पढ़ने की संस्कृति का प्रेरक केंद्र बन चुका है। एक वर्ष पूर्व इस पुस्तकालय का उद्घाटन स्वयं तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के करकमलों द्वारा हुआ था। तब शुरू हुई यह पहल आज जनसहयोग की मिसाल बन गई है।

बीते एक वर्ष में एक हजार से अधिक पुस्तकें बच्चों, अभिभावकों, ग्रामीण वासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा दिल्ली एनसीआर स्थित बीएफए ट्रस्ट के सहयोग से दान स्वरूप प्राप्त हुई हैं। हाल ही में ट्रस्ट द्वारा स्तरानुसार सौ कहानी पुस्तकों सहित आकर्षक वाल हैंगिंग लाइब्रेरी भेजी गई, जिसने बच्चों के बीच पढ़ने का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया है। अब विद्यालय में अवकाश के क्षण हों या पुस्तकालय का समय-बच्चे उत्सुकता से अपनी पसंद की पुस्तक चुनते दिखाई देते हैं। कहानियों के माध्यम से उनकी कल्पनाशक्ति पंख लगा रही है, भाषा कौशल निखर रहा है और सीखने की जिज्ञासा स्वाभाविक रूप से विकसित हो रही है। इस पुस्तकालय का लाभ वर्तमान विद्यार्थियों के साथ-साथ पूर्व छात्र एवं आसपास के अन्य विद्यालयों के बच्चे भी ले रहे हैं। इस प्रेरक प्रयास के पीछे विद्यालय परिवार का सतत समर्पण भी उल्लेखनीय है। विद्यालय के शिक्षक आशीष प्रताप सिंह, विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता निरंतर बच्चों को पठन के लिए प्रेरित करते हुए इस अभियान को जीवंत बनाए हुए हैं।

### चोरी की कार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में चोर, बरामद कार।

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के जगतपुर कस्बे से एक दिन पूर्व टेस्ट ड्राइव का बहाना बनाकर कार को चोरी करने वाले दो आरोपियों को जगतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। एक दिन पूर्व जगतपुर कस्बे से टेस्ट ड्राइव का बहाना बताकर भीख गांव निवासी राजदेव मौर्य की औरा कार लेकर एक आरोपी फरार हो गया था। वही जीपीएस की मदद से आरोपी व कार को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की। जिसकी सहयोग करने वाले एक अन्य आरोपी को भी पुलिस ने दबोच कर दोनों को जेल भेजा है। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि कार चोरी करने वाले आरोपी अनुपम त्रिवेदी उर्फ टिल्लू त्रिवेदी निवासी राजा तिवारी थाना जगतपुर व वीरेंद्र यादव पुत्र जागेश्वर यादव निवासी ग्राम नेवाजगंज थाना डलमऊ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दोनों के पास से एक औरा कार व एक अल्टो कार बरामद हुई।

### जयकरन वर्मा बने अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की मासिक बैठक सोमवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल सेवा संस्थान में हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. विनय शंकर वर्मा ने की। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके साथ ही आगामी सदस्यता अभियान और छत्रपति शाहू जी महराज की 19 फरवरी को होने वाली जयंती पर चर्चा की गई। बैठक में गठित की गई नई कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष जयकरन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पवन पटेल, बद्री विशाल पटेल, राकेश पटेल, राम सिंह पटेल, जिला महासचिव एडवोकेट दुर्गेन्द्र वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सुशील पटेल, जिला सचिव उमेश पटेल, चौधरी प्रदीप सिंह, मुकेश पटेल, रमाकांत पटेल, दिलीप पटेल, आलोक पटेल, अनिकेत पटेल, सचिन पटेल, दीपक पटेल, संगठन मंत्री मदन पटेल, सचिन पटेल 'बादशाह', प्रचार मंत्री आशीष पटेल, रविकांत पटेल, मीडिया प्रभारी व कार्यालय सचिव शिवांशु पटेल को मनोनीत किया गया है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. विनय शंकर वर्मा ने कहा कि 19 फरवरी को धूमधाम के साथ में छत्रपति शाहू महराज जी की जयंती मनाई जाएगी।

# कुत्ते से टकराकर बाइक सवार पूर्व ब्लाक प्रमुख की चली गई जान

मचा कोहराम

- सामान खरीद कर लौटते समय सूची चौकी के पास हुई दुर्घटना

**जगतपुर (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** पूरे आशा बिछियावादी निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख सलोन से सामान खरीद कर मजदूर के साथ बाइक से वापस लौट रहे, तभी सूची चौकी के सामने एक कुत्ते से टकरा गई वह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को सलोन सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया। जिला अस्पताल से रेफर करने के बाद लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

पूरे आशा बिछियावादी गांव निवासी राम प्रसाद प्रजापति (58) मजदूर गंगाराम पुत्र शीतल निवासी सिंघापुर भटौली के साथ बाइक से सलोन समान खरीदने गए थे। वापस लौटते समय रात्रि में सूची चौकी के सामने उनकी बाइक एक कुत्ते से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों व पुलिस द्वारा घायल को सलोन सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल से रेफर करने के बाद लखनऊ ले जाते समय रास्ते में पूर्व ब्लाक प्रमुख ने दम तोड़ दिया।इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



राम प्रसाद प्रजापति की फाइल फोटो।

### इंगेजमेंट की तैयारी मातम में बदली

बेटी शिवानी की आज इंगेजमेंट होना था लेकिन पिता की सड़क हादसे में मौत हो जाने से खुशियां मातम में बदल गई। इस दौरान घर में करुण क्रंदन मच गया। बता दें कि राम प्रसाद प्रजापति 2005 से 2010 तक जगतपुर के ब्लॉक प्रमुख थे। उनकी मौत हो जाने पर क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने भी राम प्रसाद प्रजापति की मौत पर दुख जताया है।

### एम्स में राष्ट्रीय तंबाकू एवं स्वास्थ्य सम्मेलन में रोकथाम व सहभागिता का दिया गया संदेश



एम्स में आयोजित सम्मेलन में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में सातवां राष्ट्रीय तंबाकू एवं स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में तंबाकू महामारी से निपटने हेतु रोकथाम, नीतिगत कार्रवाई, नवाचार और सामुदायिक सहभागिता पर सशक्त और स्पष्ट संदेश दिए गए। सम्मेलन सामुदायिक चिकित्सा स्वस्थ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. भोला नाथ व डॉ. सौरभ पॉल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। देशभर से जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का शुभारंभ सशक्त आह्वान के साथ तंबाकू नियंत्रण को एक राष्ट्रीय जनआंदोलन के रूप में किया गया। प्रो. डॉ. भोलानाथ ने कहा कि भारत में तंबाकू नियंत्रण हेतु समुदाय-नेतृत्वित नवाचार विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई। जिसमें विशेषज्ञों ने जमीनी स्तर की सफल पहलों, नीतिगत दृष्टिकोणों और स्थायी तंबाकू नियंत्रण में नागरिक समाज की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। भूत, वर्तमान और भविष्य विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय प्लेनरी सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन की तंबाकू नियंत्रण रणनीतियों के अंतर्गत भारत की प्रगति की समीक्षा की गई। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन की रिपोर्ट एवं सिफारिशें, जब औपचारिक रूप से प्रस्तुत की जाएंगी, तो उत्तर प्रदेश तथा पूरे भारत में महत्वपूर्ण नीतिगत एवं कार्यक्रमगत परिवर्तन लाने में सहायक होंगी। समग्र रूप से यह तीन दिवसीय सम्मेलन इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि रोकथाम-केंद्रित रणनीतियां, मज़बूत वित्तीय एवं नियामक नीतियां, समुदाय-नेतृत्वित पहलें, नवाचार और बहु-क्षेत्रीय सहयोग ही तंबाकू जनित रोगों के बोझ को कम करने और भारत को तंबाकू-मुक्त भविष्य की ओर तेज़ी से ले जाने का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

### व्यापार मंडल ने कोतवाल को किया सम्मानित



महराजगंज कोतवाली प्रभारी को सम्मानित करते व्यापारी नेता।

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल' की नगर इकाई के पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल की अगुवाई में पहुंचे व्यापारियों ने कोतवाल जगदीश यादव का माल्यार्पण, अंगवस्त्र व राधाकृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अशोक साहू, कमल मौर्य, राजा जायसवाल, संतोष मौर्य, रंजीत कुशमेश, राजा श्रीवास्तव, बृजेश सोनी, शिवम प्रजापति आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**छतोह (रायबरेली)।** परशदेपुर चौकी परिसर में चौकी प्रभारी मोहित कुमार की अध्यक्षता में शबे-बारात एवं महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने कहा कि त्यौहार आपसी भाई चारे का होता है आप लोग शान्ति पूर्वक मनाए त्योहार। इस मौके पर मौलवी व सभासद निहाल खान, समसी रिजवी, मोहम्मद हाशिम, ग्राम प्रधान मुरली, देशराज आदि कई लोग मौजूद रहे।

खेलकूद

नगर पंचायत शिवगढ़ ने अरबाज इलेवन को 11 रनों से किया पराजित

# फाइलेरिया जागरूकता मैत्रीय क्रिकेट मैच आयोजित

**शिवगढ़ (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज के मैदान में फाइलेरिया जागरूकता मैत्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिवगढ़ ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरन, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव एवं एसपीसी प्रसून द्विवेदी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैत्रीय क्रिकेट मैच नगर पंचायत शिवगढ़ एवं अरबाज इलेवन शिवगढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें नगर पंचायत शिवगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरबाज इलेवन की टीम 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। इस प्रकार नगर पंचायत शिवगढ़ ने अरबाज इलेवन को 11 रन से पराजित कर मैच जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच 71 रन बनाने वाले अरबाज इलेवन टीम के अभिषेक को दिया गया। रेडियो आरबीएल इण्डिया 94.4 एफएम के प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि आइए, चौके-छक्कों की गूंज के साथ हम सब मिलकर शपथ लें कि फाइलेरिया को हराना है और रायबरेली को स्वस्थ बनाना है। इस अवसर पर आलोक तिवारी, राजकुमार गुप्ता, पवन सिंह, जीबी सिंह व अभिमन्यु सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।



फीता काटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख कुं. हनुमन्त सिंह, मौजूद अन्य।

### विजेता खिलाड़ी को किया गया पुरस्कृत

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव में दानवीर पंडित बृजमोहन बाजपेई क्रीड़ांगन में पंडित बृजमोहन वाजपेई क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच ऐहार और बैंसन के पुरवा गेगासो के मध्य खेला गया जिसमें ऐहार उप विजेता एवं बैंसन का पुरवा विजेता रही। पुरस्कार समारोह में ग्राम सभा ऐहार के राम भक्त एवं भावी प्रधान प्रत्याशी चंदन त्रिवेदी ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले संकट मोचन ऐहार टीम के खिलाड़ी दीपू तिवारी को रेंजर साइकिल सहित नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही विजेता टीम को प्रतीक चिन्ह सहित नगद पुरस्कार वरिष्ठ समाजसेवी सधन त्रिवेदी के द्वारा प्रदान किया गया। यहां पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सधोले शुक्ल, शिक्षक अनुज अवस्थी, अतुल मिश्र, बड़े बाजपेई, छोटे बाजपेई, अभिषेक शुक्ल, रोमियो, रिशु शुक्ल, राजा शुक्ल,सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।



विजेता को साइकिल देते चंदन त्रिवेदी।

### स्थापना दिवस पर संकट मोचन धाम में भंडारा आयोजित

**रायबरेली।** राजकीय कालोनी में इन्दिरा उद्यान के समीप स्थित श्री संकट मोचन धाम के 26वें स्थापना दिवस पर सोमवार को विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री संकट मोचन धाम में सोमवार की सुबह से श्रीरामभक्त बजरंग बली, शिवपरिवार, मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती आदि देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद व शास्त्री जी की मंडली ने संगीतमय सुन्दरकांड का पाठ किया। इस मौके पर दिनेश शुक्ला, धर्मेन्द्र पाण्डेय, शुभम पाण्डेय, सुनील कुमार त्रिपाठी, उमेश चन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घर से चोरी, तीन पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज (रायबरेली) :** सिकंदरपुर गांव निवासी पवन कुमार श्रीवास्तव उर्फ बबलू ने चंदापुर पुलिस को शिकायत पत्र दिया है। उसका कहना है कि घर से 15 कुंतल धान, पांच कुंतल गेहूं, टुल्लू पंप व अन्य कीमती घरेलू सामान चोरी हुआ है। पीड़ित ने महाबलगंज मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी शिवम्, सुजीत उर्फ अचिन वर्मा व अंकुश समेत तीन लोगों को नामजद किया है। शिकायत कर्ता ने बताया कि 29 व 30 जनवरी को जब वे अपने गांव सिकंदरपुर पहुंचे, तो उन्हें घर के अंदर रखा सारा सामान गायब मिला। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि तीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कुछ अनाज गांव के बाहर से बरामद किया गया है। अन्य सामान की भी तलाश जारी।

### 71 गर्भवतियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**संग्रामपुर (अमेठी) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में एचआरपी डे के तहत 71 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में 5 महिला एचआरपी चिन्हित हुई और 15 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए बताया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि महीने के प्रथम एच आर पी डे पर कुल 71 महिलाओं का पंजीकरण किया गया। सभी गर्भवती का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 60 गर्भवती महिलाओं का लैब के तहत एच बी, शुगर आदि जांच की गई। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं का शारीरिक वजन आदि के जांच के बाद पौष्टिक भोजन के लिए सलाह दी गई। इनमें 5 गर्भवती महिला एचआरपी चिह्नित हुई जिन्हें दवा आदि दी गई है।

### ठंड ने बढ़ाई चकत्ते व खुजली की समस्या

**अमेठी :** सर्दी के मौसम में त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल के त्वचा रोग विभाग में मंगलवार को सफेद-लाल चकत्ते, अंगों पर सूजन और खुजली आदि से ग्रसित मरीज ज्यादा आए। चिकित्सकों ने दवा देने संग साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। फिजिशियन डॉ. शुभम पांडेय ने बताया कि ठंड के मौसम में लोग पानी का सेवन कम कर देते हैं, जिससे त्वचा में नमी की कमी हो जाती है। गर्म पानी से नहाने की आदत भी त्वचा को रूखा बना रही है। डॉ. एनके त्रिपाठी ने बताया कि विशेष रूप से महिलाओं के लिए, ठंडे पानी से घरेलू काम करने के कारण हाथ-पैरों की उंगलियों में सूजन आ रही है। त्वचा में बढ़ी हुई खुश्की के कारण लाल-सफेद चकत्ते पड़ रहे हैं और खुजली हो रही है।

# जर्जर सड़क बनी बच्चों के लिए जानलेवा

## कई वर्षों से रामनाथपुर की सड़क की मरम्मत न होने के कारण लगातार बनी हुई है समस्या

संवाददाता, अमेठी


रामनाथपुर-रणवीर इंटर कॉलेज का जर्जर संपर्क मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के रामनाथपुर स्थित रणवीर इंटर कॉलेज जाने वाली सड़क की अत्यंत खराब स्थिति से विद्यार्थियों, शिक्षकों व स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों भरी यह सड़क दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है, जिससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है।

रणवीर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन साइकिलों और अन्य वाहनों से स्कूल आते-जाते हैं। स्कूल के सामने वाली सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनसे आवागमन बेहद दुष्कर हो गया है। छुट्टी के समय जब भीड़ बढ़ जाती है, तो दुर्घटनाओं की आशंका और भी अधिक हो जाती है। कई बच्चे इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो चुके हैं और उनकी साइकिलें भी पंचर हो जाती हैं।

बारिश के मौसम में सड़क की हालत और भी दयनीय हो जाती है। पानी भर जाने से गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिसके कारण छात्र-छात्राएं अक्सर फिसल जाते हैं या उनके वाहन पलट जाते हैं। कई वर्षों से सड़क की मरम्मत न होने के कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोग और विद्यार्थी परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या कई वर्षों से चली आ रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क की खस्ताहाल स्थिति न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों के लिए भी परेशानी का सबब बनी हुई है। दुर्घटनाओं की आशंका के चलते लोगों में भय का माहौल है। जर्जर मार्ग की समय पर मरम्मत न होने से स्थिति और बिगड़ती जा रही है, जिससे लोगों का आवागमन और भी खतरनाक होता जा रहा है।

### खुली नालियों में जमा गंदगी से लोगों का जनजीवन प्रभावित


नालियों में लगा गंदगी का अंबार।

**संग्रामपुर (अमेठी), अमृत विचार।** पानी निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए लाखों रुपये की लागत से निर्मित खुली नालियां आज बदहाली का शिकार हैं। क्षेत्र के कालिकन धाम, विशेषरगंज बाजार सहित अन्य स्थानों पर एक से डेढ़ फुट गहरी खुली नालियां कूड़ा-कचरे से पूरी तरह भर चुकी हैं, जिससे आम जनजीवन सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है। नालियों में जमा गंदगी और ठहरे हुए पानी के कारण मच्छरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे मलेरिया जैसी घातक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित साफ-सफाई के अभाव और खुली नालियों की उचित देखरेख न होने के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन और गंभीर होती जा रही है।कालिकन धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं ने भी नाराजगी जताते हुए बताया कि सफाई अभियान होने के बावजूद नालियों से कचड़ा नहीं हटाया जाता, जिसके चलते नालियां लगातार बजबजा रही हैं। इससे न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि धार्मिक स्थल की छवि भी प्रभावित हो रही है। वहीं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नालियों की नियमित सफाई कराई जाए, कूड़ा फेंकने पर रोक लगाई जाए और खुले नालों को ढकने की ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि क्षेत्र को बीमारी और गंदगी से बचाया जा सके।

# केशवपुर विद्यालय में वार्षिकोत्सव और खेलकूद का हुआ आयोजन

संवाददाता, अमेठी

**कार्यक्रम**

- बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मोह लिया मन

**अमृत विचार।** विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय केशवपुर में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएस पीएसए के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप मिश्र, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अमित कुमार यादव, एआरपी रामसजीवन मिश्र और अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने मां सरस्वती के पूजन के उपरांत बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया।

बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम ने मोहा मन बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य और नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ये प्रस्तुतियां शिक्षाप्रद, अनुकरणीय और जन जागरूकता फैलाने वाली थीं। अभिभावकों और ग्रामीणों ने अपने बच्चों की प्रतिभा को देखकर अपार उत्साह व्यक्त किया। इस दौरान, एआरपी द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

सरकारी विद्यालयों में प्रवेश का आह्वान जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप मिश्र ने सरकारी विद्यालयों की वर्तमान उत्कृष्ट स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक ही बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बिना किसी पूर्वाग्रह के अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालयों में कराने का आह्वान किया। सहायक अध्यापक हरिनाथ पांडेय ने मंच संचालन का दायित्व बखूबी निभाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वबंधु उपाध्याय ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। सर्वाधिक उपस्थिति और उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पारसनाथ त्रिपाठी, अर्जुन प्रसाद द्विवेदी, कार्तिकेय सिंह, संगीता, सपना और गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ


दत्ततेश्वर धाम रामपुर पंवारा में कलश यात्रा में मौजूद यजमान व महिलाएं। अमृत विचार


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

सिंहपुर (अमेठी)

**आयोजन**

**अमृत विचार।** तिलोई ब्लॉक क्षेत्र के सेमरौता कस्बे के सुरेश अग्निहोत्री के आवास पर सोमवार से शुरू हो रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया।

कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से चलकर सती माता मंदिर, रामजानकी मंदिर,बाबा उजियारनाथ मंदिर, दुर्गा माता मंदिर सहित गांव के सभी मंदिरो का भ्रमण करते हुए बाबा दतहरेश्वर धाम पहुंची। विधि विधान से पूजन के बाद यात्रा जेहटा उसरहा स्थित मां मोक्षेश्वरी मंदिर होते हुए आदिशक्ति पीठ माँ अहोरवा भवानी धाम पहुंची जहां से पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा बाबा बाल दास की तपोस्थली जयनगरा पहुंची जहाँ पर आचार्य द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालुओं ने सरोवर से जल भरकर कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान किया। कलश यात्रा में सैकड़ो दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित रथ पर सवार राधा कृष्ण की झांकी प्रतिमा ने समूचे क्षेत्र का भ्रमण किया। कलश यात्रा के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद आचार्य द्वारा पूजित कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान यजमान सुरेश अग्निहोत्री, अभिषेक, रमेश, लालू, मनीष, श्रीकांत पाण्डेय, करुणेश, अम्बिका, शिव भूषण, श्वेता, शालिनी, अंजू, मंजू, रेनू, संजू, निशा, अमिता रहीं।

**श्रीमद्भागवत कथा से पहले निकली भव्य कलश यात्रा, अमेठी:** अमेठी जिले के वासुदेव पाण्डेय नरैनी गांव में सोमवार से शुरू हो रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पूर्व सोमवार को भक्तिमय माहौल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। राम धीरज पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस दिव्य आयोजन में व्यास पीठ पर बद्रीकाश्रम से पधारे पूज्य दण्डी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का पावन वाचन किया जाएगा।सोमवार को निकाली गई यह कलश यात्रा गांव के शिव मंदिर से प्रारंभ हुई। सैकड़ों श्रद्धालु, विशेषकर माताओं-बहनों ने सिर पर कलश सजाकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा राम जानकी मंदिर, हनुमान गढ़ी, महाराजपुर चौराहे पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर, फूलमती मैया और महादेवन धाम होते हुए वापस कथा स्थल इसका समापन हुआ। यात्रा में रविशंकर पाण्डेय, ओमशंकर पाण्डेय, संचित पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, अंजनी मिश्रा, शान्तनु, प्रांजल, सुधांशु, प्रणव, सानिध्य, कार्तिकेय सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और भक्तजन शामिल हुए।

### दो बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, जांच जारी

**तिलोई (अमेठी)।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी मां ने मोहनगंज थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अपनी 28 वर्षीय पुत्री की शादी मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से किया था। बेटी कुछ दिनों से मायके में ही रहती थी दिन रविवार को मोहनगंज चौराहे पर दवा कराने की बात कह कर घर से निकली थी देर शाम तक घर नहीं लौटी तो घर के लोगों द्वारा लड़की की खोजबीन हेतु नातेदारी रिश्तेदारी में पूछताछ की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। गायब हुई महिला के दो बच्चे है बड़ी लड़की 5 वर्ष की छोटी डेढ़ साल की है। महिला का पति कुछ माह से रोजी-रोटी के सिलसिले में शहर गया हुआ है। परिजनों द्वारा काफी पूछताछ व खोजबीन के बाद दिन सोमवार को पता चला की दो बच्चे की मां अपने प्रेमी के साथ कही चली गई है। पीड़िता का आरोप है कि जिले के जामो थानाक्षेत्र के ग्राम जिल्ला गढ़ी शाहपुर गोरियाबाद निवासी अरुण पुत्र राम मिलन ने मेरी बेटी को जालसाजी से जबरजस्ती कही भगा ले गया हैं। वहीं मोहनगंज थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### बेटियों के स्वागत में उत्सव का आयोजन

**अमेठी, अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय में एक विशेष 'कन्या जन्म उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना, बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जन जागरूकता फैलाना और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के राष्ट्रीय अभियान की भावना को और अधिक सशक्त करना रहा। कार्यक्रम के दौरान, जिला चिकित्सालय में जन्मी नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट वितरित कर सम्मानित किया गया। उन्हें नवजात शिशुओं के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और चिकित्सालय के कर्मचारियों ने कन्या जन्म को समाज के लिए एक अत्यंत गर्व का विषय बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बालिकाएं किसी भी देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने आमजन से अपील की कि वे कन्या और पुत्र के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें। बालिकाओं को बेटों के समान ही अवसर, शिक्षा और सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। यह सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि बेटियां भी बिना किसी बाधा के अपने सपनों को पूरा कर सकें और समाज में अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य नीरज पांडे, चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर रोशन लाल एवं रुचि सिंह, तथा जिला चिकित्सालय से सुधा श्रीवास्तव सहित चिकित्सालय का अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।


बेबी किट प्रदान करते विभाग के कर्मी।

### संघ की साहसिक यात्रा में छात्रों ने लिया भाग


साहसिक यात्रा में शामिल स्कूली छात्र व अन्य। अमृत विचार

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे धना मजरे जगतपुर से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने साहसिक यात्रा निकाली जिसमें छात्रों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सोमवार साम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक ऋषभ के नेतृत्व में पूरे धना मजरे जगतपुर स्थित प्रताप बहादुर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र व शिक्षकों ने गांव से मां अहोरवा भवानी धाम तक लगभग 7 किलोमीटर की पैदल साहसिक यात्रा निकाली। मां अहोरवा भवानी धाम में दर्शन के उपरांत यात्रा का समापन हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक ऋषभ ने बताया कि संघ द्वारा साहसिक यात्रा में स्वयंसेवकों ने पहाड़ी मार्गों पर ट्रैकिंग,रस्सी से चढ़ाई और प्राकृतिक बाधाओं को पार करना सिखाया जाता है। इस दौरान आयोजक अवध राज सिंह, रोहित अवस्थी,रामजी शुक्ला, राजाराम,सहदेव सिंह, रवि त्रिवेदी, हरिनाम, शुभम, राजकुमार यादव, देवेंद्र कुमार,रवि आदि मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री के मामले में गवाह तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सपा के पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री संदीप शुक्ल के साथ हुई बहुचर्चित फर्जी बैनामा प्रकरण में सोमवार को सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने अभियोजन गवाह अनुज दूबे को तलब किया है। पूर्व मंत्री के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने अभियोजन गवाह अनुज दूबे को तलब कर सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख नियत की है। आरोप के अनुसार राजदेव निषाद व उसके साथियों ने फर्जी व्यक्ति के माध्यम से जमीन का बैनामा कराकर उनसे धोखाधड़ी की। जांच के बाद चार आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।

### यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति गठित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसियेशन सुलतानपुर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम-2013 तथा उच्चतम व उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में चार सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने बताया जारी आदेश के अनुसार समिति की अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, अधिवक्ता होंगी। सदस्य के रूप में शालिनी तिवारी, साक्षी सिंह, तथा दीपिका सिंह एडवोकेट को नामित किया गया है।

### रंजिश में मां-बेटी से मारपीट, एक नामजद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के पडेला गांव में रंजिश को लेकर विपक्षी द्वारा मां-बेटी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित भागीरथी का आरोप है कि रविवार शाम उनकी बेटी सोनिया खेत जाने के लिए निकली थी, तभी विपक्षी शंकर ने गाली-गलौज करते हुए लकड़ी के डंडे से सिर पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची मां को भी पीटा गया, जिससे दोनों घायल हो गईं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

### मारपीट में 3 नामजद व 4 अज्ञात पर केस

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में गाली-गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मलिकपुर नोनरा गांव निवासी रोहित निषाद ने आरोप लगाया कि शनिवार शाम मुडिला डीह बाजार में उनके चाचा से विवाद हो रहा था। बीच-बचाव करने पर विपक्षियों ने उन्हें लात-घूंसे से पीट दिया, जिससे वह घायल हो गए।

# एनटीपीसी में गुणवत्ता चक्र सम्मेलन की हुई शुरुआत

**आयोजन**

ऊंचाहार (रायबरेली)


चक्र सम्मेलन का निरीक्षण करते एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक।

**अमृत विचार।** एनटीपीसी में सत्ताईसवें क्षेत्रीय गुणवत्ता चक्र सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित करके क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया। परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि एनटीपीसी के भावी लक्ष्यों को हासिल करने तथा दैनिक कार्यप्रणाली में सुधार लाने में यह सम्मेलन प्रेरणा और ऊर्जा का कार्य करेगा।

मुख्य अतिथि ने सभी टीमों और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त किया कि विभिन्न परियोजनाओं से आए हुए साथी अपने प्रदर्शनों से एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करेंगे तथा दूसरे विद्युत ग्रहों की बेस्ट प्रैक्टिस से एक दूसरे को नालेज प्राप्त हो सकेगा। गुणवत्ता चक्र सम्मेलन में उत्तरी क्षेत्र के एनटीपीसी स्टेशन की तेईस टीमें भाग ले रही हैं। टीमों के द्वारा प्रदर्शित मॉडलों का अतिथियों ने अवलोकन किया और उनकी सराहना की। सभी टीमों ने सतत गुणवत्ता और न्यूनतम लागत को फोकस करते हुए प्रेजेंटेशन दिया। वीपी दुबे, आरके झा तथा आरिफ हुसैन खान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शालिनी रावत तथा मानसी ने समारोह का संचालन किया। निदेशक ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के दर्शन परियोजना की विभिन्न साइट का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के अलावा युवा इंजीनियर, यूनियन एवं एसोसिएशन सहित सभी से मुलाकात की। अतिथि के सम्मान में सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की गई। कार्यक्रमों में विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक डीके साहू, एसयू हरिदास, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव आदि ने भाग लिया।

# वाहन की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)

**अमृत विचार।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे माह मजरे कमई निवासिनी समा बानो अपने पति आशिफ के साथ बाइक से अपनी दस माह की मासूम पुत्री को लेकर मोहनगंज चौराहा पर दवा कराने आई थी तभी चौराहे पर पहुंचे ही रायबरेली की तरफ से आ रहा छोटा पिकअप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक सवार सड़क पर गिरकर चोटहिल हो गए। बाइक सवार महिला गोद में लिए दस माह की पुत्री जिमरा बानो जो गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना करीब सुबह ग्यारह बजे की बताई जा रही है। सूत्र टक्कर मारने वाला वाहन मोहनगंज थानाक्षेत्र के ग्राम भादसाना का बताया जा रहा है वाहन व चालक को पुलिस ने थाने ले गई है। सूचना पर पहुंची मोहनगंज पुलिस घायल अवस्था में मासूम को परिजनों ने तिलोई लोधवरिया स्थित 200 बेड जिला रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां मौजूद डॉक्टरों ने मासूम बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मोहनगंज थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है मिलने के पश्चात वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**आयोजन** प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 4 के बच्चों ने किया अमृत विचार पत्र का पठन

# विद्यालय के बच्चों को अखबार पढ़ना जरूरी : बीईओ

सरेनी (रायबरेली)


स्कूल में अमृत विचार का अखबार पढ़ते बच्चे। अमृत विचार


बच्चों की दक्षता का निपुण ऐप पर आकलन करतीं प्रशिक्षु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बच्चों ने प्रातः कालीन के दौरान अमृत विचार पत्र का पठन एसआईआर प्रक्रिया और नो मैपिंग में शामिल किए गए जरुरी अभिलेखों के अलावा और आपस में तमाम जागरूक करने वाली जानकारी साझा की।

सरेनी ब्लाक के रौतापुर प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 4 के बच्चों ने सोमवार को अमृत विचार पत्र का पठन किया। प्रधानाध्यापिका उपासना सिंह ने बताया कि यह गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन समझ और व्यवहारिक जागरूकता के विकास दिशा में एक सराहनीय शैक्षिक प्रयास है। सरेनी ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने कहा कि सभी विद्यालय के बच्चों को अखबार पढ़ना जरूरी है।

**199 विद्यालयों का किया गया निपुण आकलन सर्वे, रायबरेली:** डायट में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के छठे दिन फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स द्वारा 199 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों का आकलन किया गया। गौरतलब है कि सर्वे के पहले दिन से कक्षा 1 व 2 के बच्चों का आकलन प्रशिक्षु उक्त एप के माध्यम से कर रहे हैं। निपुण सर्वे के नोडल व डायट प्रवक्ता अभिवेक श्रीवास्तव ने बताया कि डायट में टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहे हेमंत रमन, प्रखर चौरसिया, गौरव अवस्थी, गौरव पाठक, आशीष कुमार, सर्वेश पाण्डेय, कुलदीप वर्मा व एसआरजी शैलेन्द्र सिंह ने लोकेशन की समस्या, छात्रों का नाम प्रदर्शित न होना, यूडाईस सम्बन्धी समस्या आदि समस्याओं को राज्य स्तर पर गठित विद्या समीक्षा केंद्र पर बात कर हल कराया। डायट प्राचार्या दीपिका चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 3 फरवरी को डायट प्रशिक्षुओं की टीम 172 परिषदीय विद्यालयों का आकलन करेंगी।

### रोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला आज

**अमेठी, अमृत विचार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज, अमेठी में 3 फरवरी को एक रोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य आईटीआई पास आउट प्रशिक्षार्थियों को रोजगार और अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। इस मेले में मारुति सुजुकी (गुजरात प्लांट), श्रीराम पिस्टन (भिवाड़ी, राजस्थान), एल.के. फैक्ट्री (गुरुग्राम) और पृथ्वीप्रताप बिल्डीकान, अमेठी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 3 फरवरी को प्रातः 11 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज, अमेठी परिसर में अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, उनकी दो प्रमाणित छायाप्रतियां, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, 4 पासपोर्ट साइज फोटो और बैंक विवरण के साथ उपस्थित हों।

# अमृत विचार

मंगलवार, 3 फरवरी 2026






हमारी प्रत्येक कृति छेनी बनकर हमारा जीवन रूपी पत्थर गढ़ती है।

**-विनोबा भावे**, संत

## महत्वाकांक्षी बजट

यह बजट एक नियमित विशिष्ट वित्तीय दस्तावेज़ से कहीं अधिक व्यापक अर्थ रखता है। यह उस दीर्घकालिक राष्ट्रीय दृष्टि का हिस्सा है, जिसके केंद्र में 'विकसित भारत' का लक्ष्य है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्संतुलन, तकनीकी बदलावों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रस्तुत यह बजट संकेत देता है कि भारत केवल परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की नहीं, बल्कि उन्हें आकार देने की तैयारी में है। इस बजट की बुनियादी विशेषता इसका संतुलित राजकोषीय दर्शन है। सरकार ने एक ओर पूंजीगत व्यय को ऐतिहासिक स्तर पर बढ़ाकर 12.20 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया है, तो दूसरी ओर राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। यह संयोजन दर्शाता है कि विकास और अनुशासन को परस्पर पूरक तत्व के रूप में देखा जा रहा है।

एक दशक पूर्व लगभग दो लाख करोड़ रुपये के आसपास रहा पूंजीगत व्यय आज जिस स्तर पर पहुंचा है, वह अवसंरचना-आधारित विकास मॉडल के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता का संकेत है। अवसंरचना निवेश का उद्देश्य केवल सड़कों, जलमार्गों या लॉजिस्टिक्स गलियारों का विस्तार भर नहीं है, बल्कि भारत के आर्थिक भूगोल को पुनर्परिभाषित करना है। समर्पित माल ढुलाई गलियारे, राष्ट्रीय जलमार्ग और 'पूर्वोदय' जैसी परियोजनाएं उत्पादन, वितरण और निर्यात की लागत को कम कर प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती हैं। दीर्घकाल में यही निवेश निजी क्षेत्र के लिए गुणक प्रभाव उत्पन्न करेगा। विनिर्माण क्षेत्र में बजट का रुख स्पष्ट रूप से रणनीतिक आत्मनिर्भरता की ओर है। रक्षा विनिर्माण में आयात शुल्क में दी गई रियायतें घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ तकनीकी क्षमताओं के विकास का आधार बन सकती हैं। यह दृष्टिकोण आर्थिक नीति को सामरिक नीति से जोड़ने का संकेत देता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए प्रस्तावित त्रिपक्षीय रणनीति, विकास कोष, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नकदी प्रवाह सुगमता और छोटे शहरों में व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा रोज़गार सृजन की रीढ़ को मजबूत कर सकती है। सरकार विकास को केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रखना चाहती। सेवा और डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कर अवकाश, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं को प्रोत्साहन तथा चिकित्सा पर्यटन व आयुर्वेद के आधुनिकीकरण की योजनाएं भारत को वैश्विक डिजिटल और वेलनेस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में रणनीतिक कदम है। कृषि क्षेत्र में बजट की दृष्टि उत्पादन-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर पारिस्थितिकी-तंत्र निर्माण की ओर है। कृत्रिम मेधा आधारित पहल और उच्च मूल्य फसलों के लिए समर्पित मिशन किसानों को उद्यमी बनाने की संभावना रखते हैं।

यदि इन पहलों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, तो ग्रामीण आय और मूल्य संवर्धन दोनों में वृद्धि संभव है। हालांकि, किसी भी बजट की वास्तविक परीक्षा उसके क्रियान्वयन में निहित होती है। पूंजीगत व्यय का समयबद्ध निष्पादन, राज्यों के साथ सहकारी संघवाद और नियामकीय प्रक्रियाओं का सरलीकरण इसकी सफलता की शर्तें होंगी, इन्हें सुसंगत रूप से धरातल पर उतारना आवश्यक है।

### प्रसंगवश

## डीप फेक का निशाना बनते चर्चित लोग

डीप फेक तकनीक के बढ़ते दुरुपयोग ने डिजिटल दुनिया में एक नई और गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के ज़रिये तैयार किए जा रहे फर्जी वीडियो और ऑडियो अब इतने वास्तविक लगते हैं कि आम व्यक्ति के लिए सच और झूठ में अंतर कर पाना लगातार कठिन होता जा रहा है। हाल के दिनों में इस तकनीक का इस्तेमाल कर देश-दुनिया की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को निशाना बनाया गया है, जिससे न केवल उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है, बल्कि आम लोगों को आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ी है।

हाल ही में राज्यसभा सांसद, प्रसिद्ध लेखिका और समाजसेवी सुधा मूर्ति भी डीप फेक का शिकार हुई हैं। उनकी आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर बनाए गए फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिनमें उन्हें विभिन्न वित्तीय योजनाओं का प्रचार करते हुए दिखाया गया। इन वीडियो ने देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों तक अपनी पहुंच बना ली, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई।



**धनीश शर्मा**
लेखक


इन घटनाओं के बीच सुधा मूर्ति स्वयं सामने आईं और इन वीडियो को पूरी तरह फर्जी बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इंटरनेट पर उनकी आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर बनाए जा रहे सभी वीडियो तकनीक के दुरुपयोग का परिणाम हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे किसी भी विज्ञापन या संदेश पर भरोसा न करें और सतर्क रहें। उनका कहना था कि वे कभी भी किसी निवेश योजना या पैसों से जुड़े प्रचार का हिस्सा नहीं रही हैं।

वहीं फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके नाम से दो-तीन वीडियो तेज़ी से वायरल होते रहे, जिनमें यह दावा किया गया कि यदि कोई व्यक्ति 200 डॉलर या 20,000 रुपये का निवेश करता है, तो उसे दस गुना तक रिटर्न मिलेगा। सुधा मूर्ति ने इन दावों को पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के लालच भरे संदेशों का उद्देश्य केवल लोगों को ठगना है। सुधा मूर्ति इन्फ़ोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं और इन्फ़ोसिस फ़ाउंडेशन की संस्थापिका रही हैं। कॉरपोरेट जगत के साथ-साथ उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

डीप फेक केवल किसी एक व्यक्ति या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। भारत में इससे पहले भी कई नामचीन हस्तियां इसका शिकार हो चुकी हैं। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीप फेक वीडियो वर्ष 2023 में वायरल हुआ था, जिसमें किसी अन्य महिला के शरीर पर उनका चेहरा जोड़ दिया गया था। वहीं क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर की आवाज़ और चेहरे का इस्तेमाल कर एक फर्जी वीडियो बनाया गया, जिसमें उन्हें ऑनलाइन गेमिंग और निवेश ऐप का प्रचार करते हुए दिखाया गया। अभिनेता आमिर खान की आवाज़ की नकल कर राजनीतिक प्रचार से जुड़ा डीप फेक ऑडियो भी सामने आ चुका है।

डीप फेक एक आधुनिक डिजिटल तकनीक है, जिसके ज़रिये किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज़ और हाव-भाव की हूबहू नकल की जा सकती है। सही हाथों में यह तकनीक फ़िल्म, शिक्षा और मनोरंजन के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकती है, लेकिन गलत इस्तेमाल के कारण यह फर्जी समाचार फैलाने, आर्थिक ठगी करने और सामाजिक भ्रम पैदा करने का बड़ा माध्यम बनती जा रही है। सोशल मीडिया के तेज़ प्रसार के कारण ऐसा कंटेंट कुछ ही समय में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। अब समय आ गया है कि डीप फेक को लेकर आम लोगों को भी अधिक जागरूक होना पड़ेगा।

## बजट: कंटेंट क्रिएटर्स को प्रोत्साहन दूरदर्शी फैसला





**विवेक शुक्ला**
पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

बजट में आर्थिक विकास, क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबका विकास पर जोर दिया गया है। विशेष रूप से, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज या 'ऑरेंज इकोनॉमी' को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जो कंटेंट क्रिएटर्स को सीधे लाभ पहुंचाएगी। ऑरेंज इकोनॉमी का मतलब क्रिएटिव सेक्टर से है, जिसमें एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स (AVGC) और डिजिटल कंटेंट शामिल हैं। ऑरेंज इकोनॉमी वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। भारत में यह सेक्टर न केवल रोजगार सृजन कर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक निर्यात को भी बढ़ावा दे रहा है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि AVGC इंडस्ट्री को 2030 तक लगभग 20 लाख प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी। इसे ध्यान में रखते हुए, सरकार ने क्रिएटिव इंडस्ट्रीज को नई ऊर्जा देने का फैसला किया है। यह पहल युवाओं को डिजिटल स्किल्स से लैस करके भविष्य के लिए तैयार करने पर केंद्रित है।

दिल्ली-एनसीआर के युवा वैज्ञानिक श्रेयांस जैन कहते हैं कि वित्त मंत्री ने अपने बजट प्रस्तावों में नई रिसर्च करने वाले तमाम उत्साही युवाओं और अन्य लोगों को तोहफा दिया है। सरकारी सहयोग के अभाव में बहुत सारे लोगों के रिसर्च प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। पर अब यह नहीं होगा। श्रेयांस जैन और आईआईटी के कई सहयोगी बैलून-सहायता प्राप्त रॉकेट लॉन्च सिस्टम विकसित कर रहे हैं। इस तकनीक में एक बड़ा बैलून रॉकेट को ऊपरी वायुमंडल तक ले जाता है, जहां हवा पतली होती है और प्रतिरोध कम। वहां से रॉकेट प्रज्वलित होता है, जिससे ईंधन की बचत होती है और पेलोड क्षमता 2-3 गुना बढ़ जाती है।

> बजट में विशेष रूप से, क्रिएटिव इंडस्ट्रीज या 'ऑरेंज इकोनॉमी' को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं, जो कंटेंट क्रिएटर्स को सीधे लाभ पहुंचाएगी।

बजट में ऑरेंज इकोनॉमी को 'क्रिएटिव जॉब्स का नया इंजन' कहा गया है। यह सेक्टर सेवाओं पर आधारित विकास को बढ़ावा देगा। पहले से ही भारत के क्रिएटिव सेक्टर में स्टार्टअप्स की बाढ़ आ रही है, लेकिन स्किल गैप एक बड़ी चुनौती है। बजट इस गैप को भरने के लिए ठोस कदम उठाता है, जैसे कि एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में लैब्स स्थापित करना। इससे कंटेंट क्रिएटर्स को स्कूल और कॉलेज स्तर से ही ट्रेनिंग मिलेगी, जो उन्हें प्रोफेशनल वर्ल्ड में एंट्री के लिए तैयार करेगा।

बजट की सबसे प्रमुख घोषणा है मुंबई स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज (IICT) को सपोर्ट देकर कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित करना। वित्त मंत्री ने प्रस्ताव रखा कि 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में ये लैब्स सेट अप किए जाएंगे। ये लैब्स छात्रों को एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स बनाने की ट्रेनिंग देंगे।

ये लैब्स क्यों महत्वपूर्ण हैं? श्रेयांस जैन कहते हैं कि आज की डिजिटल दुनिया में कंटेंट क्रिएटर्स यूट्यूब, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लाखों कमाते हैं, लेकिन कई युवाओं को प्रोफेशनल टूल्स और ट्रेनिंग की कमी होती है। ये लैब्स वीडियो प्रोडक्शन, एडिटिंग, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और एक्सटेंडेड रियलिटी (XR) जैसी स्किल्स सिखाएंगी। IICT के नेतृत्व में ये लैब्स ग्रास रूट स्तर पर टैलेंट को निखारेंगी, जिससे भारत का क्रिएटर वर्क फोर्स मजबूत होगा। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इससे गेम डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और स्टोरी टेलर्स की नई पीढ़ी तैयार होगी, जो इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी पर आधारित कंटेंट बनाएगी।

इसके अलावा, बजट में ईस्टर्न रीजन में एक नया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड डेवलपमेंट स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह डिजाइन एजुकेशन को बढ़ावा देगा, जहां कंटेंट क्रिएटर्स विजुअल डिजाइनिंग सीख सकेंगे। एक और महत्वपूर्ण पहल है डिजिटल नॉलेज ग्रिड का निर्माण, जो भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संपत्तियों को डिजिटली डॉक्यूमेंट करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे हिस्टोरियंस, रिसर्चर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए नए जॉब्स बनेंगे। यह ग्रिड एक ओपन प्लेटफॉर्म होगा, जहां कंटेंट क्रिएटर्स भारतीय हेरिटेज पर आधारित वीडियोज, डॉक्यूमेंट्रीज और डिजिटल कंटेंट बना सकेंगे। यह पहल क्यों प्रोत्साहनकारी है? कंटेंट क्रिएटर्स अक्सर ऑथेंटिक सोर्स की तलाश में रहते हैं। डिजिटल नॉलेज ग्रिड उन्हें हाई-क्वालिटी डेटा प्रदान करेगा, जिससे वे एजुकेशनल और एंटरटेनमेंट कंटेंट बना सकेंगे। इससे टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि 20 आइकॉनिक डेस्टिनेशंस पर 10,000 टूरिस्ट गाइड्स को अपस्किल करने का पायलट प्रोग्राम शुरू होगा। कंटेंट क्रिएटर्स इन डेस्टिनेशंस पर वीडियोज बनाकर मोनेटाइज कर सकेंगे।

बजट में क्रिएटिव सेक्टर के लिए अप्रत्यक्ष प्रोत्साहन भी है। इस बाबत 10,000 करोड़ रुपये रखे गए हैं, जो क्रिएटिव स्टार्टअप्स को फंडिंग देगा। साथ ही, म्यूनिसिपल बॉन्ड्स के लिए 100 करोड़ का इंसेंटिव बड़े शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने में मदद करेगा, जो क्रिएटिव हब्स विकसित कर सकता है।

इस बीच, आज के समय में यूट्यूबर, पॉडकास्टर, इंस्टाग्राम क्रिएटर, गेमिंग स्ट्रीमर और डिजिटल लेखक एक नई अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं। बजट में इन्हें सीधे नाम लेकर भले कुछ न दिया गया हो। सबसे पहले डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें। सरकार ने इंटरनेट कनेक्टिविटी, 5G, और डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने पर ज़ोर दिया है। इसका सीधा फायदा कंटेंट क्रिएटर्स को मिलता है, क्योंकि बेहतर इंटरनेट का मतलब है तेज़ अपलोड, बेहतर लाइव स्ट्रीमिंग और ज़्यादा दर्शकों तक पहुंचना। ग्रामीण और छोटे शहरों में इंटरनेट फैलने से नए क्रिएटर्स को भी मौका मिल रहा है।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. प्रभांशु ओझा कहते हैं कि निर्मला सीतारमण का बजट कंटेंट क्रिएटर्स को एजुकेशन, स्किलिंग और जॉब क्रिएशन के माध्यम से प्रोत्साहित करता है। ये लैब्स और डिजिटल नॉलेज ग्रिड जैसी पहलें भारत को क्रिएटिव सुपर पॉवर बनाने की दिशा में कदम हैं। यह बजट युवा-केंद्रित है, जो 'विकसित भारत' के विजन को मजबूत करता है।

### आमने सामने




मेरे पास नरवणे की किताब में लिखी बातें हैं, जिन्हें पढ़कर यह समझ आ जाएगा कि 'कौन देशभक्त है और कौन नहीं।' नरवणे की किताब में लिखा है कि डोकलाम में चार चीनी टैंक भारत की धरती पर आ रहे थे, वे करीब 100 मीटर दूर थे।

**-राहुल गांधी**
नेता प्रतिपक्ष

मैं चाहता हूं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता सदन के समक्ष वह पुस्तक प्रस्तुत करें, जिसका वे हवाला दे रहे हैं, क्योंकि जिस पुस्तक का वे उल्लेख कर रहे हैं, वह प्रकाशित नहीं हुई है। राहुल गांधी को सदन में बिना तथ्य के बोलने की इजाजत न मिले।

**-राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



## पाकिस्तान: बलूचिस्तान के विद्रोह के निहितार्थ



**अरविंद जयतिलक**
लेखक

यह पहली बार नहीं है जब बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों द्वारा अपनी आजादी का बिगुल फूंका गया है। वे पाकिस्तान के निर्माण के समय से ही अपनी आजादी की मांग कर रहे हैं। आमतौर पर उनके आंदोलन का आधार लोकतांत्रिक है, लेकिन जब पाकिस्तानी सरकार का अत्याचार बढ़ा तो उन्हें हथियार उठाने की जरूरत आन पड़ी। अब वे अपनी आजादी के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। देखा भी जा रहा है कि वे पाकिस्तान की सरकार और सेना दोनों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं।

गत वर्ष ही बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाइजैक कर पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर शिकन ला दिया था। इससे निपटने में पाकिस्तानी सेना के पसीने छूट गए थे। उस समय पाकिस्तान ने बीएलए लड़ाकों के हाथ तीस पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की बात कबूली थी। ध्यान देना होगा कि बलोच लिबरेशन आर्मी लगातार मांग करता आ रहा है कि पाकिस्तान सरकार बलूच के राजनीतिक कैदियों, गायब हुए लोगों, अलगाववादी नेताओं, लड़ाकों और उनके कार्यकर्ताओं को बिना किसी शर्त के रिहा करे। अन्यथा उन्हें खतरनाक परिणाम भुगतना होगा, लेकिन पाकिस्तान का अत्याचार जारी है।

> पहली बार नहीं है जब बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने आजादी का बिगुल फूंका है। वे पाकिस्तान के निर्माण से ही आजादी की मांग कर रहे हैं।

जानना आवश्यक है कि बलूचिस्तान तेल और खनिज से संपन्न पाकिस्तान का सबसे बड़ा और कम आबादी वाला राज्य है। यहां सर्वाधिक आबादी बलूचों की है और उनका आरोप है कि पाकिस्तान की सरकार उनके साथ भेदभाव और शोषण करती है। उनके खनिज संपदा का जमकर दोहन करती है, लेकिन उनकी बुनियादी जरूरतों का तनिक भी ख्याल नहीं रखती है। कहना गलत नहीं होगा कि राजनीतिक तौर पर बलूचों के साथ भेदभाव, नाइंसाफी और शोषण ने वहां के लोगों के मन में पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ नफरत का भाव भर दिया है।

पाकिस्तानी सेना दशकों से बलूचिस्तान में अलगावादियों का उत्पीड़न व हत्या कर रही है। अब तक पाकिस्तानी सेना के हाथों हजारों बलूच नागरिक मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना द्वारा 2006 में बलोच नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या के बाद बलूचियों पर अत्याचार पहले से बढ़ गया है। 2005 में अकबर बुगती और मीर बलाच मार्री द्वारा पाकिस्तान सरकार के समक्ष 15 सूत्री मांग रखी गई थी। इस मांग में बलूचिस्तान प्रांत के संसाधनों पर ज्यादा नियंत्रण और सैनिक ठिकानों के निर्माण पर रोक का मुद्दा शीर्ष पर था, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने मांगों को खारिज कर दिया। नतीजा टकराव बढ़ गया।

हकीकत यह है कि बलूचिस्तान के नागरिक अलगाववादी नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से लैस है। पाकिस्तान के कुल प्राकृतिक गैस का एक तिहाई यहीं से निकलता है, लेकिन विडंबना है कि उसका आनुपातिक लाभ बलूचिस्तान को नहीं मिलता है। उदाहरण के लिए 1952 में बलूचिस्तान के डेरा बुगती में गैस के भंडार का पता लगा और 1954 से गैस का उत्पादन शुरू हो गया। पाकिस्तान के अन्य तीनों प्रांतों को उसका लाभ तुरंत मिलने लगा, लेकिन बलूचिस्तान को यह लाभ 1985 में मिला।

इसी तरह चीन के साथ तांबा, सोना और चांदी उत्पादन करने की पाकिस्तानी चगाई मरुस्थल योजना ने 2002 में आकार लिया। तय हुआ कि बलूचिस्तान को उसका वाजिब लाभ मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस योजना के तहत प्राप्त लाभ में चीन का हिस्सा 75 फीसद और पाकिस्तान का 25 फीसद है, लेकिन इस 25 फीसद में बलूचिस्तान के हिस्से में सिर्फ दो फीसद ही आता है। यह स्थिति तब है जब पाकिस्तानी संविधान के 18वें संशोधन के मुताबिक बलूचिस्तान को विशेष अधिकार प्राप्त हैं। इसी नाइंसाफी का नतीजा है कि बलूचिस्तान के नागरिक आक्रोशित हैं और पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं।

इतिहास में जाएं तो 15 अगस्त, 1947 को भारत के साथ ही बलूचिस्तान ने भी अपनी आजादी का एलान किया था, लेकिन अप्रैल 1948 में पाकिस्तानी सेना ने मीर अहमद यार खान को अपना राज्य कलात छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनसे जबरन कलात की आजादी के खिलाफ समझौते पर हस्ताक्षर करवाया गया, जबकि उनके भाई प्रिंस अब्दुल करीम खान इस समझौते के विरुद्ध थे। वे किसी भी कीमत पर बलूचिस्तान का 23 फीसद हिस्सा पाकिस्तान को देने को तैयार नहीं थे, लिहाजा उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ अलगाव का बिगुल फूंक दिया। उनके नेतृत्व में बलूच नागरिकों ने अफगानिस्तान की जमीन से पाक सैनिकों के खिलाफ गुरिल्ला जंग छेड़ दिया।

इस संघर्ष को नवाब नवरोज खान ने आगे बढ़ाया, लेकिन इसकी कीमत उन्हें भारी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान की सरकार ने उनके दोनों बेटों और भतीजों को फांसी पर लटका दिया। इस अत्याचार के बाद भी जब बलूचों का स्वर धीमा नहीं पड़ा तो यहां 1973-74 में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और अलगाववादियों के विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई तेज हो गई।

### सोशल फोरम

## सबसे पहले घोड़ों को डराने में हुआ बारूद का इस्तेमाल

ऐन जलूत के युद्ध (Battle of Ain Jalut) और मामलुक वंश के उदय ने इतिहास की धारा बदल दी थी। ऐन जलूत का युद्ध (1260), जहां मंगोलों का अजेय रथ रुका। बगदाद के पतन के बाद ऐसा लग रहा था कि मंगोल पूरे इस्लाम जगत को मिटा देंगे, लेकिन ऐन जलूत की लड़ाई ने इस धारणा को बदल दिया।

**शोएब गाजी**
ब्लॉगर

रणनीति और धोखाः मामलुक सेनापति कुतुज़ (Qutuz) और बैबर्स (Baibars) ने मंगोलों की अपनी ही रणनीति (पीछे हटने का नाटक करना) का इस्तेमाल उनके खिलाफ किया। वे मंगोलों को एक संकरी घाटी में खींच लाए, जहां पहले से ही मामलुक घुड़सवार छिपे हुए थे।

हलाकू की अनुपस्थितिः एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब मंगोल महान खान (मोंगके खान) की मृत्यु हो गई और हलाकू अपनी सेना का एक बड़ा हिस्सा लेकर वापस लौट गया, पीछे केवल एक छोटी टुकड़ी (करीब 10,000–20,000 सैनिक) छोड़ गया।

परिणामः यह इतिहास में पहली बार था कि मंगोलों को किसी आमने-सामने की लड़ाई में निर्णायक रूप से हार का सामना करना पड़ा और वे कभी उस हार का बदला नहीं ले पाए।

मामलुक वंशः 'मामलुक' शब्द का अर्थ होता है 'स्वामित्व वाला' या गुलाम। ये योद्धा गुलाम थे, जिन्हें बचपन से ही सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता था। वे मध्य युग के सबसे बेहतरीन प्रशिक्षित घुड़सवार योद्धा माने जाते थे।

राजनीतिक बदलावः जब बगदाद के खलीफा का पतन हुआ, तो मामलुक सुल्तानों ने खुद को इस्लाम का रक्षक घोषित कर दिया। उन्होंने जीवित बचे अब्बासी राजकुमारों को काहिरा (Cairo) में शरण दी और उन्हें नाममात्र का खलीफा बनाए रखा, ताकि उनकी अपनी सत्ता को धार्मिक वैधता मिल सके।

विरासतः उन्होंने न केवल मंगोलों को रोका, बल्कि धर्मयुद्ध (Crusades) करने वाली यूरोपीय सेनाओं को भी मध्य पूर्व से पूरी तरह बाहर कर दिया।

एक रोचक तथ्यः ऐन जलूत के युद्ध में पहली बार हैंड कैनन (Hand Cannons) या शुरुआती बारूद के हथियारों का इस्तेमाल मंगोल घोड़ों को डराने के लिए किया गया था।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## शिक्षा बजट से उम्मीदें और आशंकाएं

सरकार ने शिक्षा बजट में 8.27 प्रतिशत की वृद्धि कर 1,39,289 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो निसंदेह यह संकेत देता है कि शिक्षा को विकास की धुरी मानने की सोच अभी जीवित है, हालांकि सवाल यह भी है कि क्या यह वृद्धि देश की विशाल युवा आबादी, क्षेत्रीय असमानताओं और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ी चुनौतियों के मुकाबले पर्याप्त है या फिर यह केवल एक प्रतीकात्मक कदम बनकर रह जाएगी। इस बजट का सबसे अधिक चर्चित और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रस्ताव देश के हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण की घोषणा है। 789 जिलों में छात्रावासों की यह योजना बालिका शिक्षा को लेकर लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक बाधाओं को तोड़ने का प्रयास है।

ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में शिक्षा छोड़ने की सबसे बड़ी वजह सुरक्षा, आवास और सामाजिक दबाव हैं। यदि यह योजना समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू होती है, तो यह न केवल उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाएगी बल्कि स्टैम (एसटीईएम) जैसे क्षेत्रों में उनकी मौजूदगी को भी मजबूत करेगी। पूर्व में घोषित कई छात्रावास योजनाएं अधूरी इमारतों, अपर्याप्त सुविधाओं और संचालन के अभाव में दम तोड़ चुकी हैं। बजट घोषणा के साथ-साथ राज्यों के साथ समन्वय, रखरखाव और सामाजिक जागरूकता पर भी उतना ही जोर जरूरी होगा।



**योगेश कुमार गोयल**
वरिष्ठ पत्रकार

सरकार का 'एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट एंड एंटरप्राइज' दृष्टिकोण इस बजट की वैचारिक रीढ़ कहा जा सकता है। उच्च शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई भारतीय शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी विफलताओं में से एक रही है। इस अंतर को पाटने के लिए हाई-पॉवर स्थायी समिति के गठन की घोषणा स्वागत योग्य है, लेकिन भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में केवल समितियों से बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगा। जब तक पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली और फैकल्टी ट्रेनिंग में ठोस सुधार नहीं होंगे, तब तक डिग्रीधारी, लेकिन बेरोजगार युवाओं की समस्या बनी रहेगी। समिति का असली मूल्यांकन उसके सुझावों की गति और जमीन पर उनके क्रियान्वयन से होगा।

पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव शिक्षा, शोध और उद्योग के त्रिकोण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम है। औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के आसपास विश्वविद्यालयों, शोध केंद्रों और आवासीय परिसरों का एकीकृत विकास, यदि सही ढंग से हुआ, तो यह भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक मानकों के करीब ला सकता है। इससे इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के अवसर बढ़ेंगे और छात्रों को 'रेडी फॉर इंडस्ट्री' बनाया जा सकेगा। भारत में पहले से मौजूद कई औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास शिक्षा संस्थानों का विकास असंतुलित रहा है, जहां निजी संस्थान गुणवत्ता के बजाय मुनाफे को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी टाउनशिप मॉडल को केवल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट न बनने देने के लिए कड़े नियामक ढांचे और अकादमिक स्वायत्तता की जरूरत होगी।

आयुष और आयुर्वेद को लेकर बजट में की गई घोषणाएं भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की कोशिश का हिस्सा हैं। तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना, आयुर्वेदिक दवाओं की टेस्टिंग के लिए नेशनल लैब्स और बायोफार्मा हब बनाने की योजना, यह सब आयुर्वेद को वैज्ञानिक और व्यावसायिक आधार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कोविड-19 के बाद आयुर्वेद को मिली वैश्विक स्वीकार्यता को यदि मानकीकरण, शोध और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ आगे बढ़ाया गया, तो भारत इस क्षेत्र में नेतृत्व कर सकता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)

# प्राचीन तीर्थों में प्रमुख संभल





गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

सृष्टि के आरंभ में ही भगवान विश्वकर्मा ने अड़सठ तीर्थों और उन्नीस पुण्य कूपों के सहित संभल तीर्थ का निर्माण किया था। सत्ययुग में इसका नाम 'सत्यव्रत', त्रेता में 'महागिरि', द्वापर में 'पिंगल' और अब कलियुग में 'शंभल' है। शंभल आजकल 'संभल' नाम से प्रसिद्ध है। संभल माहात्म्य और अन्य पुराणों में भी तालव्य शकार से 'शंभल' नाम का उल्लेख है, किंतु आजकल 'संभल' नाम ही प्रचलित है। यह इसलिए है, क्योंकि कुछ लोग तालव्य 'शकार का उच्चारण नहीं कर पाते। ऐसा माना जाता है कि 'शंभल' और 'संभल' दोनों 'शम्भ्वालय' शब्द के अपभ्रंश हैं। 'शम्भ्वालय' शब्द से 'शंभु का आलय' अर्थ स्पष्ट ध्वनित होता है। इसे गुप्त रखने के लिए ही इस स्थान को 'शंभल' कहा जाता है।

## पृथ्वीराज चौहान की राजधानी

संभल अति प्राचीनकाल से पावन भगवद्धाम के रूप में प्रसिद्ध रहा है। आधुनिक शोधकर्ताओं ने भी इस पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला है। प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर छठी शताब्दी में हर्ष के शासनकाल में संभल में ब्राह्मणों की प्रधानता थी और उनके माध्यम से ज्ञान का सूर्य संभल में उदयाचल के शिखर पर चमक रहा था। डॉ. ब्रजेन्द्रमोहन शांख्यधर के अनुसार ईसा की बारहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में पृथ्वीराज चौहान का संभल में आधिपत्य था तथा उनकी पुत्री बेला वहां सती हुई थी। उन्होंने शत्रुओं पर आक्रमण करने के लिए और उनके आक्रमणों से बचने के लिए संभल को अपनी राजधानी भी बनाया था। यहां सुरंगों के माध्यम से अपनी रक्षा का प्रबंध किया गया था। यहां दिल्ली, अजमेर और कन्नौज को जाने वाली सुरंगें थीं। खुदाई होने पर अब कहीं-कहीं उनके चिह्न मिलते हैं।



## तीनों कोनों पर स्थापित शिवलिंग

संभल माहात्म्य के पढ़ने से ज्ञात होता है कि पूरा संभल हरि-मंदिर ही है। इसके तीनों कोनों पर तीन शिवलिंग स्थापित हैं। दक्षिण में संभलेश्वर, पूर्व में चंद्रेश्वर और उत्तर में भुवनेश्वर। इन तीन कोनों वाले संभल की बाहरी परिक्रमा चौबीस कोस की है। प्रत्येक कार्तिक शुक्लपक्ष की चतुर्थी-पंचमी को इस परिक्रमा में हजारों नर-नारी सम्मिलित होते हैं। इसके बारह कोस के भीतरी क्षेत्र में अड़सठ तीर्थ और उन्नीस कूप हैं। इसके इतने बड़े आकार में ब्रह्मा जी का निवास है। इसके ठीक मध्य में तलवार हाथ में लिए, घोड़े पर सवार श्रीकल्कि भगवान की दिव्यमूर्ति से सुशोभित 'हरिमंदिर' था, जिसे मध्यकाल में विधर्मी आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। बाद में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस स्थान के निकट एक बैष्णव मंदिर का निर्माण करवाया, जो अब श्रीविष्णु कल्कि मंदिर नाम से प्रसिद्ध हैं। कल्कि पुराण तृतीय अंश 18 अध्याय, श्लोक 4 में स्पष्ट उल्लेख है -यत्राष्टषष्टितीर्थानां सम्भवः शम्भलेभवत्। मृत्योर्मोक्षः क्षितौ कल्केरकलस्य पदाश्रयात्।। अर्थात् जहां अड़सठ तीर्थों का संभव हुआ है, वह तीर्थ शिरोमणि संभल भगवान, कल्कि के चरणों के प्रताप से मोक्ष का धाम है।

## पुराणों में वर्णित संभल

कल्कि पुराण में कल्कि भगवान के संभल में अवतरण की विस्तृत कथा वर्णित है। श्लोक 1/1/15 कहता है - प्रलयकाल के अंत में जगत की सृष्टि करने वाले लोकपितामह ब्रह्मा अपनी पीठ से भयंकर मलिन पातक की सृष्टि की, वह अधर्म नाम से विख्यात हुआ। उस अधर्म का प्रचार आरंभ होते ही सब देवता दुखी होकर श्रीनारायण को भूमंडल की दुर्दशा सुनाते हैं। तब विष्णु भगवान संभल (उत्तर प्रदेश) में विष्णुयशा ब्राह्मण के यहां अपने अवतार का वचन देते हैं। लक्ष्मी जी सिंहलद्वीप में बृहद्रथ राजर्षि की धर्मपत्नी कौमुदी की कोख से जन्म लेती हैं। इनका नाम 'पद्मा' है। कल्कि भगवान का वैशाखमास के शुक्लपक्ष की द्वादशी के दिन कन्या लग्न में अवतार होता है। भगवान चतुर्भुजरूप से माता-पिता को दर्शन देकर ब्रह्मा जी की प्रार्थना से द्विभुज रूप धारण करते हैं। भगवान शिव के द्वारा भेजे गए वेदमय शुक के माध्यम से सिंघलद्वीप में पद्मावती के स्वयंवर का समाचार प्राप्त कर श्रीकल्कि भगवान उस स्वयंवर में पधारे। वहां लक्ष्मी रूपिणी के साथ श्रीकल्कि भगवान का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। पद्मावती को साथ लेकर भगवान कल्कि ने विश्वकर्मा द्वारा सुसज्जित संभल नगर में प्रवेश किया। श्रीहरि की यह अवतारकथा परममंगलकारिणी है, जैसा कि कल्कि पुराण में कहा गया है- कल्कि महाविष्णु के परम अद्भुत अवतार की यह कथा भक्तिपूर्वक पढ़ने और सुनने वालों के सभी अमंगलों का नाश करने वाली है।

# 30 साल बाद बना शुक्र और शनि का दुर्लभ संयोग



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ

शनि-शुक्र का 30 साल बाद दुर्लभ संयोग मीन राशि में बना है, जिसने ज्योतिष जगत में मालव्य राजयोग का प्रारंभिक स्वरूप रचा है। यह योग स्थिरता के कारक शनि और सुख-वैभव के दाता शुक्र का अनुपम मेल है, जब शुक्र उदय अवस्था में अपनी उच्च राशि मीन की ओर अग्रसर होकर शनि से युति करेंगे। 28 जनवरी का अर्धकेंद्र योग (शनि मीन में, शुक्र मकर में) प्रारंभिक ऊर्जा का संकेत है, जो पूर्ण युति तक (मार्च तक) कार्य करता रहता है। शनि मीन में 29 मार्च 2025 से 3 जून 2027 तक रहेंगे, लेकिन शुक्र के साथ निकट युति केवल 2 मार्च से 26 मार्च तक चरम पर होगी। यह 30 वर्ष बाद का संयोग धन-प्रगति का लंबा प्रभाव छोड़ेगा।



## योग का ज्योतिषीय महत्व

शनि-शुक्र युति मीन में कर्म और भोग का दुर्लभ संतुलन स्थापित करती है। शनि पहले से मीन में स्थित हैं, जबकि शुक्र 1 फरवरी के उदय से ठीक पहले 28 जनवरी को इस योग को सक्रिय किया।

28 जनवरी 2026 से बना शनि-शुक्र का दुर्लभ अर्धकेंद्र योग (45 डिग्री दूरी) मुख्य रूप से एक दिवसीय या अल्पकालिक प्रभाव वाला है, लेकिन इसका व्यापक फल मीन युति तक जारी रहेगा। वास्तविक शनि-शुक्र युति मीन राशि में 2 मार्च 2026 को सुबह लगभग 5 बजे बनेगी और लगभग 26 दिनों तक (26 मार्च 2026 तक) प्रभावी रहेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, शुक्र का मीन गोचर 2 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च के आसपास समाप्त होगा, जब शुक्र अगली राशि में प्रवेश करेंगे मीन जल राशि गुरु के अधीन होने से यह युति आध्यात्मिक ऊंचाइयों को भी छूएगी। पिछले 30 वर्षों में ऐसी युति दुर्लभ रही, जो जीवन के कठिन दौर को वैभवपूर्ण मोड़ देती है। वर्तमान गोचर चक्र में यह शनि की साढ़ेसाती और शुक्र की दशा प्रभावित राशियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। वास्तु शास्त्र में उत्तर-पूर्व कोण की शुद्धि (जल स्रोत स्थापना) और फेंग-शुई में दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में गुलाबी क्रिस्टल रखने से ग्रह ऊर्जा का अधिकतम लाभ मिलेगा।

## सभी राशियों पर विस्तृत प्रभाव

- **मेष राशि:** 12 वें भाव में यह योग विदेश यात्रा, छिपे खर्चों पर नियंत्रण और आध्यात्मिक जागरण लाएगा। नौकरीपेशा लोगों को अप्रत्याशित लाभ, लेकिन जल्दबाजी से बचें। प्रेम संबंध गहराएंगे।
- **वृषभ राशि:** 11 वें भाव से मित्र मंडली और सामाजिक नेटवर्क से धन लाभ। विवाह योग प्रबल, व्यापारिक साझेदारी मजबूत होगी। सौंदर्य और विलासिता पर निवेश फलदायी।
- **मिथुन राशि:** 10 वें भाव में करियर का स्वर्णिम काल, प्रमोशन, नई जिम्मेदारियां। रचनात्मक क्षेत्रों में मान-सम्मान, प्रेमी से स्थायी बंधन की संभावना।
- **कर्क राशि:** भाग्य स्थान (9 वें भाव) सक्रिय, उच्च शिक्षा, धार्मिक यात्रा या पिता से सहयोग। कानूनी मामलों में विजय, धन संचय में वृद्धि।
- **सिंह राशि:** 8 वें भाव से विरासत, बीमा या रहस्यमय लाभ। वैवाहिक जीवन में मधुरता, स्वास्थ्य में सुधार, लेकिन नियमित जांच जरूरी। आध्यात्मिक साधना फलेगी।
- **कन्या राशि:** 7 वें भाव में साझेदारी मजबूत, व्यापार वृद्धि। नीच प्रभाव कम होकर वैवाहिक सुख बढ़ेगा, लेकिन निर्णय सावधानी से लें।
- **तुला राशि:** 6 वें भाव से शत्रु पर विजय, स्वास्थ्य उन्नति और नौकरी में स्थिरता। विवाद सुलझेंगे, ऋण मुक्ति के योग।
- **वृश्चिक राशि:** 5 वें भाव में संतान सुख, रोमांस चरम पर। रचनात्मकता, शिक्षा और निवेश में सफलता, कलात्मक क्षेत्र चमकेंगे।
- **धनु राशि:** 4 वें भाव से घर-सुख, वाहन खरीद और माता से लाभ। संपत्ति सौदे आदर्श, पारिवारिक शांति स्थापित होगी।
- **मकर राशि:** 3 वें भाव में साहस वृद्धि, भाई-बहन सहयोग। संचार, लेखन या मीडिया क्षेत्र में प्रगति, छोटी यात्राएं सुखद।
- **कुंभ राशि:** 2 वें भाव से धन वर्षा, वाणी शक्ति प्रभावी। पारिवारिक सुख, बचत में इजाफा और स्वादिष्ट भोजन का आनंद।
- **मीन राशि:** लग्न में योग व्यक्तित्व को चुंबकीय बनाएगा। विवाह, करियर और स्वास्थ्य में चरम सफलता यह आपका स्वर्णिम समय है।

पौराणिक कथा

## मौन का वरदान




प्राचीन काल में सरस्वती नदी के तट पर एक समृद्ध राज्य था। उस राज्य में देवदत्त नाम का एक विद्वान ब्राह्मण रहता था। शास्त्रों का उसे गहरा ज्ञान था, वाणी में अद्भुत प्रभाव था, किंतु उसका स्वभाव अत्यधिक वाचाल था। वह हर सभा में बोलता, हर विषय पर अपनी राय देता और प्रायः बिना सोचे-समझे कठोर वचन कह बैठता। उसकी विद्या के कारण लोग उसका सम्मान करते थे, पर उसके वचनों से कई मन आहत भी होते थे। एक दिन देवदत्त ज्ञान-यज्ञ के लिए वन की ओर गया। वहां उसे एक तपस्वी मिले, जो वर्षों से मौन व्रत धारण किए हुए थे। देवदत्त ने उन्हें बार-बार प्रश्न किए, पर वे शांत रहे। उनकी निःशब्द उपस्थिति ने देवदत्त को विचलित कर दिया। अंततः उसने उपहास करते हुए कहा, "हे मुनिवर, यदि आप बोल नहीं सकते तो तपस्या का क्या लाभ?" तभी उस तपस्वी का तेजस्वी रूप प्रकट हुआ। वे स्वयं बृहस्पति थे, देवताओं के गुरु। उन्होंने मधुर स्वर में कहा, "वत्स, वाणी ईश्वर का वरदान है, किंतु उसका संयम उससे भी बड़ा तप है।"

यह कहकर बृहस्पति ने देवदत्त को वरदान दिया- "एक दिन के लिए तुम्हारे मुख से केवल वही वचन निकलेंगे, जो सत्य और कल्याणकारी होंगे।" देवदत्त हंस पड़ा। उसे लगा यह तो साधारण-सा वरदान है। पर जैसे ही वह नगर लौटा, उसे अनुभव हुआ कि वह बिना सोचे कुछ भी नहीं बोल पा रहा है। जहां पहले वह तुरंत प्रतिक्रिया देता था, वहां अब उसे मौन रहना पड़ रहा था। कई बार लोग उससे प्रश्न करते, पर वह उत्तर देने से पहले भीतर झांकता कि क्या उसका वचन किसी को चोट तो नहीं पहुंचाएगा। दिन ढलते-ढलते देवदत्त को अनुभूति हुई कि मौन में एक अद्भुत शांति है। उसके शब्द अब कम थे, पर प्रभावशाली थे। जिन स्थानों पर वह पहले विवाद उत्पन्न करता था, वहां अब सौहार्द बन रहा था। संध्या समय बृहस्पति पुनः प्रकट हुए। देवदत्त ने विनम्र होकर कहा, "गुरुदेव, आज मैंने जाना कि अनियंत्रित वाणी अज्ञान है और संयमित मौन ही सच्चा ज्ञान।" बृहस्पति मुस्कराए और अंतर्धान हो गए। उस दिन से देवदत्त ने व्रत लिया कि वह बोलेगा तो सोचकर और मौन रखेगा तो समझकर।

बोधकथा

## अवसर और विवेक

एक साधारण-सा व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की राह पर चला जा रहा था। दिन ढलने को था, धूप मद्धिम पड़ चुकी थी। तभी रास्ते में उसे एक गंभीर, तेजस्वी व्यक्तित्व वाला पुरुष दिखाई दिया। उसके चेहरे पर अद्भुत शांति और आंखों में गहराई थी। उस अजनबी ने थके स्वर में पानी मांगा। व्यक्ति ने बिना कोई प्रश्न किए, बिना यह सोचे कि सामने कौन है, अपना लोटा आगे बढ़ा दिया और उसकी प्यास बुझाई। पानी पीते ही उस पुरुष का स्वर बदल गया। उसने कहा, "वत्स, तुम मुझे पहचान नहीं सके, पर मैं यमराज हूं। आज मैं तुम्हारे प्राण लेने आया था। किंतु तुम्हारे इस निःस्वार्थ कर्म ने मुझे तुम्हें एक अवसर देने के लिए बाध्य कर दिया है।"



यह कहकर यमराज ने उसे एक डायरी थमाई और बोले, "इसमें जो कुछ भी तुम लिखोगे, वही सत्य हो जाएगा, किंतु ध्यान रहे, तुम्हारे पास केवल पांच मिनट हैं।" व्यक्ति का मन उत्सुकता और लोभ से भर उठा। उसने जल्दी-जल्दी डायरी के पन्ने पलटने शुरू किए। पहले पृष्ठ पर लिखा था कि उसका पड़ोसी लॉटरी जीतकर करोड़पति बनने वाला है। यह पढ़ते ही उसके मन में ईर्ष्या जाग उठी। उसने तुरंत लिख दिया कि पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पन्ने पर लिखा था कि उसका मित्र चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है। उसे यह भी सहन नहीं हुआ। उसने लिख दिया कि वह चुनाव हार जाए। इसी तरह वह एक के बाद एक पन्ने पलटता गया और हर जगह दूसरों के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में बदलता चला गया। समय का ध्यान ही नहीं रहा। अंततः जब उसने अंतिम पन्ना पलटा, तो वहां उसका स्वयं का नाम लिखा था। उसका हृदय धड़क उठा। जैसे ही उसने अपनी किस्मत लिखने के लिए कलम उठाई, यमराज ने डायरी उसके हाथ से ले ली। यमराज गंभीर स्वर में बोले, "वत्स, तुम्हारा समय समाप्त हो चुका है। तुम्हें जो शक्ति अपने जीवन को संवारने के लिए दी गई थी, उसे तुमने दूसरों का अहित करने में व्यर्थ कर दिया। जिसने अपने अवसर का दुरुपयोग किया, वह स्वयं अपने विनाश का कारण बनता है। अब तुम्हारा अंत निश्चित है।" यह सुनते ही व्यक्ति का सिर लज्जा और पश्चाताप से झुक गया। उसकी आंखों से आंसू बहने लगे, किंतु अब समय लौटकर नहीं आ सकता था।

यह कथा हमें सिखाती है कि ईश्वर द्वारा दिया गया समय, शक्ति और अवसर अत्यंत मूल्यवान होते हैं, जो व्यक्ति दूसरों के कल्याण में उन्हें लगाता है, वही सच्चे अर्थों में सुखी और धन्य होता है। दूसरों का बुरा सोचने वाला अंततः स्वयं ही अपना भविष्य बिगाड़ लेता है।

# जीवन को संवारने वाला सर्वोत्तम गुण है संयम



सुनील कुमार महला
लेखक

मनुष्य जीवन को सुचारु, सार्थक और सुखद बनाने में कई गुणों की आवश्यकता होती है, जैसे सत्यनिष्ठा (ईमानदारी), करुणा और संवेदनशीलता, आत्मनियंत्रण (क्रोध, लालच, ईर्ष्या जैसी भावनाओं पर नियंत्रण), धैर्य, परिश्रम, अनुशासन, कृतज्ञता (जो मिला है उसकी सराहना करना और अहंकार से दूर रहना), सहयोग भावना, आदर और विनम्रता तथा सकारात्मक सोच आदि, लेकिन संयम उनमें सबसे उत्तम और प्रभावशाली गुण माना गया है। संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में संयम के बारे में यह कहा गया है कि-'संयम: सर्वसाधूनां भूषणं परमं स्मृतम्। संयमेनैव जीवन्ति विद्वांसोऽखिलकारिषु॥' तात्पर्य यह है कि संयम सभी सज्जनों का परम आभूषण है। विद्वान लोग अपने सभी कार्यों में संयम के बल पर ही सफल होते हैं। वास्तव में यहां यह जानने और समझने की जरूरत है कि संयम का मतलब क्या है। दरअसल, संयम का अर्थ है-'अपने विचारों, इच्छाओं, भावनाओं और व्यवहार को नियंत्रित रखते हुए संतुलित ढंग से जीवन जीना। सरल शब्दों में कहें, तो वास्तव में यह वह क्षमता है, जिसमें व्यक्ति कठिन परिस्थितियों, क्रोध, लालच, वासना या किसी भी आवेग के समय भी शांति, विवेक और मर्यादा बनाए रखता है।

संयम जीवन में आत्मनियंत्रण, संतुलन और विवेकपूर्ण आचरण का नाम है। संयम का अर्थ केवल इच्छाओं को दबाना नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुसार अपने मन, वचन और कर्म को नियंत्रित रखना है, जो व्यक्ति अपनी भावनाओं, क्रोध, लालच, बोलचाल और व्यवहार पर रोक लगा सकता है, वही वास्तव में परिपक्वता की राह पर चलता है। संयमी व्यक्ति जीवन में हर स्थिति में धैर्य बनाए रखता है। कठिन समय में वह घबराता नहीं, बल्कि विवेक से निर्णय लेता है। यही कारण है कि ऐसे लोग जीवन में अधिक सफल होते हैं, क्योंकि जल्दबाजी और आवेश में लिए निर्णय अक्सर नुकसान पहुंचाते हैं। संयमित मन सोचने, समझने और सही दिशा चुनने में सक्षम होता है। सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जिनके विचार नियंत्रित होते हैं और जिनका ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित रहता है, जो व्यक्ति सदैव संयम में स्थित रहता है, उसकी सिद्धि और सफलता निश्चित है। संस्कृत में एक श्लोक के माध्यम से यह उल्लेख किया गया है कि यः संयमं न जहाति दुःखसमयेऽपि दूरतः। तं नित्यमभिजानन्ति देवाः साधुवरं नरम्॥'



यानी कि जो व्यक्ति दुख या संकट में भी संयम नहीं छोड़ता, देवता भी उसे श्रेष्ठ मनुष्य मानते हैं। वास्तव में, संयम मनुष्य को भीतर से मजबूती देता है। यह ऐसा गुण है, जो हर परिस्थिति में व्यक्ति को सही दिशा देता है और उसे सम्मान व सफलता दिलाता है। यह संयम ही होता है, जो सही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है, मानसिक शांति और स्थिरता लाता है।

याद रखिए कि जिस व्यक्ति में संयम होता है, वह छोटी-छोटी बातों पर विचलित नहीं होता। मन स्थिर रहता है, तनाव कम होता है। संयम हमारे संवाद को संतुलित रखता है और संबंध मजबूत बनाता है। मतलब यह है कि यह हमारे रिश्तों में मधुरता लाता है। जीवन में बड़ी उपलब्धियां पाने के लिए धैर्य और निरंतरता चाहिए। संयम व्यक्ति को विचलित होने से बचाता है और लक्ष्य की ओर बनाए रखता है। संयम खाना-पीना, खर्च करना, बोलना, भावनाओं को व्यक्त करना आदि सब पर स्व-नियंत्रण देता है, जिससे जीवन अनुशासित बनता है। सच तो यह है कि संयमी व्यक्ति परिपक्व, विश्वसनीय और संतुलित माना जाता है। यह व्यक्तित्व का श्रेष्ठ गुण है। संयम से व्यक्ति के भीतर एक आत्मिक शांति पैदा होती है। वह दूसरों की बातों पर अनावश्यक प्रतिक्रिया नहीं देता, छोटी बातों पर परेशान नहीं होता। इसलिए वह कभी ज्यादा दुखी नहीं होता, क्योंकि दुख का बड़ा कारण हमारी अनियंत्रित प्रतिक्रियाएं ही होती हैं। संयम हमें सिखाता है कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं, कभी-कभी मौन और धैर्य ही बुद्धिमानी होती है। संयमित जीवन जीने वाला व्यक्ति दूसरों की भावनाओं को समझता है, सम्मान देता है और विवादों से दूर रहता है। उसके व्यवहार में मर्यादा और नम्रता होती है, जिससे समाज में उसका सम्मान बढ़ता है।

आज के तेज रफ्तार जीवन में जहां तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता हर कदम पर साथ चलती है, वहां संयम का महत्व और भी बढ़ जाता है। संयम हमें संतुलन, स्थिरता और सकारात्मकता सिखाता है। अतः जो व्यक्ति संयम रखना जानता है, वह न केवल सफल होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सुखी रहता है। संयम ही जीवन का वास्तविक आभूषण है, जो हमें सही दिशा और समृद्ध जीवन की ओर ले जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,666.46 | 25,088.40 |
| बढ़त | 943.52 | 262.95 |
| प्रतिशत में | 1.17 | 1.06 |

सोना 1,52,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,60,000 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 3 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



बिजनेस ब्रीफ

## एप्पल की भारत में रिकॉर्ड 28% मूल्य हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 28 प्रतिशत की अपनी अब तक की सबसे अधिक मूल्य हिस्सेदारी दर्ज की है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार यह उपलब्धि प्रीमियम उपकरणों के बढ़ते चलन ls संभव हुई है, जिसमें उपभोक्ता तेजी से महंगे उपकरण चुन रहे हैं। रिपोर्ट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित किया गया है। जहां बिक्री की संख्या में वृद्धि स्थिर है, वहीं बाजार का कुल बिक्री मूल्य बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय खरीदार अब महंगे मॉडल ले रहे हैं। काउंटरपॉइंट के अनुसार, 2024 में भारत में एप्पल की मूल्य हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी। आईफोन 16 सीरीज की सफलता, आकर्षक वित्तपोषण योजनाओं और एक्सचेंज ऑफर ने कंपनी को देश में अपनी सर्वोच्च मूल्य हिस्सेदारी तक पहुंचा दिया है।

## रॉयल एनफील्ड की बिक्री 14% बढ़ी

**नई दिल्ली।** मध्यम आकार की मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की कुल बिक्री जनवरी में 14 प्रतिशत बढ़कर 1,04,322 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 91,132 वाहनों की बिक्री की थी। रॉयल एनफील्ड ने सोमवार को बताया कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 93,781 इकाई रही, जो जनवरी 2025 की 81,052 इकाई के मुकाबले 16 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 10,541 इकाई रहा, जो बीते वित्त वर्ष के समान महीने में 10,080 इकाई था।

## अशोक लेलैंड ने 21,920 वाहन बेचे

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड की कुल बिक्री जनवरी में 27 प्रतिशत बढ़कर 21,920 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 17,213 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने कहा कि उसकी घरेलू बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 20,079 इकाई रही, जबकि जनवरी, 2025 में यह 15,327 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 12,833 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,864 इकाई थी।

# 7-8% की वृद्धि दर कायम रखना शीर्ष प्राथमिकता

### सीतारमण बोलीं- वृद्धि की रफ्तार होगी अच्छी तो सभी को होगा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर को कायम रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, क्योंकि इससे सभी नागरिकों को फायदा होता है और रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होते हैं। रविवार को आम बजट पेश करने के बाद देशभर के कॉलेज से आए विद्यार्थियों से सीतारमण ने कहा कि अगर आर्थिक वृद्धि की रफ्तार अच्छी होगी, तो इसका फायदा सभी नागरिकों तक पहुंचेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि आर्थिक वृद्धि से नौकरियां पैदा होती हैं, ज्यादा लोग श्रमबल से जुड़ते हैं और उत्पादकता बढ़ती है। सीतारमण ने आगे कहा कि नियोक्ता महिलाओं की दक्षता और सटीकता से काम करने की प्रतिभा से श्रमबल में उनके योगदान को तेजी से पहचान रहे हैं। अर्द्धकुशल भूमिकाओं में महिलाओं की बढ़ती संख्या से इसका पता चलता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल में महिलाओं के सीमित प्रतिनिधित्व को लेकर चिंता बनी हुई है और ज्यादा महिलाओं को नेतृत्व के पदों पर आगे आने की जरूरत है ताकि फैसले लेने में उनकी भूमिका हो और वे दूसरों के लिए रोल मॉडल बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रगति हुई है, लेकिन अभी और बहुत कुछ करने की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि पिछले बजट के बाद से, सरकार ने ऑरेंज'' इकॉनमी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स क्षेत्र) के लिए लगातार नीतियां, वित्तपोषण और समर्थन सुनिश्चित किया है। आज का टेलीविजन मीडिया भी ऐसी रचनात्मक सामग्री पर निर्भर करता है। यह कई अवसरों वाला शानदार क्षेत्र है। रचनात्मकता को हर दिन चुनौती मिलती है, और अगर आपमें काबिलियत है, तो यह निश्चित रूप से एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आगे बढ़ना चाहिए। वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को बजट तैयार करने में शामिल कदमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बजट की तैयारी अक्टूबर के आखिर या नवंबर में शुरू होती है, जिसमें उद्योग समूह, कारोबार क्षेत्र, अर्थशास्त्री, ट्रेड यूनियन के साथ-साथ सोआम लोगों के सुझाव भी शामिल होते हैं। इसके बाद इन सुझावों को छांटा जाता है, संबंधित मंत्रालयों और राज्यों के साथ चर्चा की जाती है, और व्यवहार्यता और कार्यान्वयन के लिए उन्हें बेहतर बनाया जाता है।

### वृद्धि के लिए निवेश बढ़ाने पर सरकार का ध्यान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता से है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है। वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है।



● बोलीं- राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है

### सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण मं आईबीसी संशोधन विधेयक करेगी पेश


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार की नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से संबंधित प्रस्तावित कानून पर रिपोर्ट दे दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रही सीतारमण ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कुछ शर्तों के अधीन, समिति के सुझावों को शामिल करते हुए दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में पेश किया जाएगा। यह 2016 में लागू हुए आईबीसी अधिनियम का सातवां संशोधन होगा। अंतिम संशोधन 2021 में हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 12 अगस्त, 2025 को लोकसभा में दिवाला एवं और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था।

# गिरावट से उबरा बाजार, सेंसेक्स 943 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 943.52 अंक की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 282.65 अंक तक पहुंचा था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। सेंसेक्स की कंपनियों में से पावर ग्रिड में 7.61 और अडाणी पोर्ट्स में 4.76% की तेजी रही। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), आईसीआईसीआई बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट लाभ में रहीं। दूसरी तरफ एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, ट्रेंट और टाइटन के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। क्षेत्रवार सूचकांकों में उपयोगिता खंड में सर्वाधिक 2.66% की तेजी रही जबकि बिजली खंड में 2.54, सेवा खंड में 2.38 और ऊर्जा खंड में 1.98% की बढ़त दर्ज की गई। जनवरी में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। हालांकि, कारोबारी भरोसा साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।



● तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी निफ्टी भी 263 अंक की तेजी

### एफपीआई ने निकाले 36,000 करोड़, एसटीटी से जोखिम

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला जनवरी में भी जारी रहा और उन्होंने करीब 36,000 करोड़ रुपये (3.97 अरब डॉलर) की निकासी की। इस बीच, वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाने की बजट घोषणा से भविष्य में विदेशी निवेशकों की भागीदारी पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के मुताबिक, एफपीआई ने जनवरी में भारतीय बाजार से 35,962 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। एफपीआई ने इससे पहले वर्ष 2025 में भी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी।

## बजट के बाद उद्योग जगत में दिखाई दे रही आशावादिता

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान के साथ बजट 2026-27 के समग्र लाभों पर चर्चा के लिए बैठक की। इस बैठक में म्यूचुअल फंड और परिसंपत्ति प्रबंधन से जुड़े निवेशक और प्रमुख उद्योग प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एनएसई में आयोजित बैठक बेहद उपयोगी और संवादपूर्ण रही। बजट के बाद उद्योग जगत में दिख रही आशावादिता, इससे मिलने वाले वृद्धि अवसरों से जुड़ा उत्साह और बैठक में सामने आए नए विचार और सुझाव उत्साहजनक हैं। यह बैठक वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में बढ़ोतरी से जुड़ा प्रस्ताव रखे जाने के एक दिन बाद हुई है। बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी को 0.02 से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, विकल्प प्रीमियम पर एसटीटी 0.10 से बढ़ाकर 0.15 और विकल्प सौदे करने पर 0.125 से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत कर लगाने का प्रस्ताव है। सरकार को एसटीटी से 73,700 करोड़ राजस्व मिलने की उम्मीद है।



● केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल ने की एनएसई के सीईओ, उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में मामूली सुधार : पीएमआई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जनवरी में मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारतीय विनिर्माण कंपनियों में जनवरी में सुधार देखा गया, जिसका कारण नए ऑर्डर, उत्पादन एवं रोजगार में वृद्धि रही। कच्चे माल की लागत में मध्यम वृद्धि हुई जबकि फैक्ट्री-गेट कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ी जिससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर हल्का दबाव पड़ा। फैक्ट्री-गेट कीमत का मतलब वह कीमत है जिस पर कोई उत्पाद उसके विनिर्माता के कारखाने या गोदाम से निकलता है।

सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि मांग में मजबूती, नए कारोबार में वृद्धि और प्रौद्योगिकी में निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कुल बिक्री को घरेलू बाजार से गति मिली। निर्यात के नए ऑर्डर में भी वृद्धि हुई लेकिन रफ्तार अपेक्षाकृत कमजोर रही। जिन कंपनियों के निर्यात ऑर्डर बढ़े, उन्होंने एशिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और पश्चिम एशिया से अधिक मांग का हवाला दिया।



● नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा



# गुस्साई ममता ने सीईसी की बैठक बीच में छोड़ी

### बनर्जी ने आयोग पर अहंकारी होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का लगाया आरोप

● शीर्ष अधिकारियों की प्रतिक्रिया सुने बिना ही गुस्से में बैठक से चली गईं ममता : ईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के साथ सोमवार को बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गईं। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों पर अहंकारी होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का आरोप लगाया।

विरोध स्वरूप काला शॉल ओढ़े हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी के साथ पश्चिम बंगाल के एसआईआर प्रभावित परिवारों के 12 सदस्यों के साथ यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से मुलाकात की। बनर्जी ने बाद में कहा कि उन्होंने विरोध में बैठक का बहिष्कार किया, जबकि आयोग के अधिकारियों ने दावा किया कि वह अपने द्वारा उठाए मुद्दों पर आयोग के शीर्ष अधिकारियों की प्रतिक्रिया सुने बिना ही गुस्से में बैठक से चली गईं। बनर्जी चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रोकने की मांग कर रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, सीईसी ने टीएमसी नेताओं से कहा कि कानून का शासन सर्वोपरि रहेगा और कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ कानून के प्रावधानों और निर्वाचन आयोग की शक्तियों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयोग के मुख्यालय से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री बनर्जी ने आयोग के खिलाफ फिर तीखा हमला बोलते हुए उस पर भाजपा के दलाल के रूप में काम करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने आरोप लगाया, इतने सारे लोग मारे गए, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निर्वाचन आयोग जिम्मेदार है। वे भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया। मैंने कहा कि हमें अफसोस है, हम न्याय के लिए यहां आए थे, हमें न्याय नहीं मिला, और आप झूठ बोल रहे हैं। वह बहुत बड़ा झूठा है...। हमने कहा कि हम ज़मीनी स्तर पर मुकाबला करेंगे। आपके पास भाजपा की ताकत है, हमारे पास जनता की ताकत है। हमने बैठक का बहिष्कार किया और बाहर आ गए। उन्होंने हमारा अपमान किया, हमें बेइज्जत किया... मैंने इस तरह का निर्वाचन आयोग पहले कभी नहीं देखा, वे अहंकारी हैं... वे ऐसे बात करते हैं जैसे वे जमींदार हों और हम नौकर हों।

आयोग के अधिकारियों ने कहा कि टीएमसी नेताओं की बात धैर्यपूर्वक सुनी गई। पहले टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने अपनी बात रखी, इसके बाद ममता बनर्जी ने बात की।



चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर एसआईआर प्रभावित परिवारों और पार्टी नेताओं के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, साथ में सांसद अभिषेक व कल्याण बनर्जी।

### बनर्जी की दिल्ली पुलिस से बहस, बंगाल से आए एसआईआर प्रभावितों को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोमवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित बंग भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हुई और उन्होंने अपने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। बंग भवन के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। ममता ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष मुद्दे उठाने को बंगाल से लोग आए हैं, लेकिन उन्हें धमकाया जा रहा है। उन्होंने बंग भवन परिसर के बाहर बड़ी तादाद में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर सवाल उठाये। हालांकि, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संदर्भ देते हुए कहा कि वह पुलिस को नहीं, बल्कि ऊपर बैठे लोगों को दोषी ठहराती हैं। पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर से प्रभावित 50 परिवारों को दिल्ली लाया गया है और वे चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन सहित राज्य सरकार की विभिन्न परिसंपत्तियों में ठहरे हुए हैं। एक नाटकीय घटनाक्रम में बनर्जी सोमवार सुबह चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन पहुंचीं, जहां उनकी भारी सुरक्षा तैनाती को लेकर दिल्ली पुलिस से बहस हुई। उन्हें भवन के बाहर सुरक्षाकर्मियों से सीधे बहस करते हुए देखा गया। इस बीच, साकेत गोखले, डोला सेन, काकोली घोष दस्तीदार और बापी हलदर सहित तृणमूल कांग्रेस के सांसद राष्ट्रीय राजधानी के उन विभिन्न स्थानों पर पहुंचे, जहां एसआईआर से प्रभावित परिवार रह रहे हैं। दिल्ली के कैलाश कॉलोनी स्थित पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड के अतिथि गृह के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों से गोखले की बहस होती दिखाई दी।

# व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव रोका या बाधित नहीं किया जा सकता



● उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती वाली अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव प्रक्रिया को आसानी से रोका या बाधित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत शिकायतों के संबंध में अंतिम और उपाय चुनाव याचिका के माध्यम से ही संभव है।

पीठ ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के जुलाई 2025 के अंतरिम आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई अपील पर यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने निर्वाचन अधिकारी को एक व्यक्ति को एक चुनाव चिह्न आवंटित करने और उसे जिला पंचायत सदस्य के पद का चुनाव लड़ने देने की अनुमति देने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव में भाग लेने या उस पर सवाल उठाने का अधिकार वैधानिक प्रकृति का होने से, इस क्षेत्र से संबंधित कानून के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इसलिए, हाईकोर्ट को व्यक्तियों के पक्ष में उदार अंतरिम राहत देने से बचना चाहिए और इसके बजाय राज्य भर में चुनाव के सुचारू एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के व्यापक जनहित को ध्यान में रखना चाहिए। आदेश को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष की शिकायत पर चुनाव प्रक्रिया को रोका या बाधित नहीं किया जा सकता है।

### वांगचुक ने नेपाल, बांग्लादेश जैसे प्रदर्शनों के लिए जेन जेड को उकसाने की कोशिश की : केंद्र

केंद्र और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने नेपाल और बांग्लादेश की तरह विरोध प्रदर्शन के लिए जेन जेड को उकसाने की कोशिश की थी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और पीवी वराले की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि वांगचुक ने अरब स्प्रिंग जैसे आंदोलन का भी जिक्र किया था। इस आंदोलन से अरब जगत के कई देशों में सरकारें गिर गई थीं। मेहता ने कहा कि उन्होंने जेन जेड को उकसाने के लिए अपने भाषण को सावधानीपूर्वक तैयार किया और नेपाल और बांग्लादेश की तरह आंदोलन का आह्वान किया तथा महात्मा गांधी के भाषणों का इस्तेमाल अपने असली इरादे को छिपाने के लिए किया। शीर्ष अदालत जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत उनकी हिरासत को चुनौती दी थी। मेहता ने कहा कि वांगचुक ने केंद्र सरकार को वे कहकर संबोधित किया और लद्दाख के लोगों को हम बताते हुए जनमत संग्रह की मांग की, ठीक वही मांगें जो पहले जम्मू कश्मीर में की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यहां कोई वे या हम नहीं है, बल्कि हम सब भारतीय हैं। लद्दाख एक ऐसा क्षेत्र है जो दो देशों चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है, यह इलाका संवेदनशील है।

## नई श्रम संहिता के तहत नियमों को फरवरी के अंत तक दिया जाएगा अंतिम रूप : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि औद्योगिक संबंध संहिता के तहत नियमों को फरवरी के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ को सूचित किया कि लोगों से सुझाव मांगे गए हैं और नियमों को तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। अदालत औद्योगिक संबंध संहिता 2020 के कार्यान्वयन से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो ट्रेड यूनियन, औद्योगिक प्रतिष्ठान में रोजगार की शर्तों और औद्योगिक विवादों के निपटारे से संबंधित सभी कानूनों को एकीकृत करती है। याचिकाकर्ताओं एन ए सेबेस्टियन और सुनील के अनुसार केंद्र ने 21 नवंबर, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित की, जिसमें औद्योगिक संबंध संहिता 2020 को अधिसूचित किया गया लेकिन नई व्यवस्था को लागू करने के लिए नियम नहीं बनाए गए।

# राज्यसभा : राष्ट्रीय हितों पर एकसमान रुख अपनाए विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

● राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सांसद सदानंदन बोले

राज्यसभा में सोमवार को भाजपा सदस्य सदानंदन मास्टर ने विपक्षी दलों से अपील की कि वे सिर्फ विरोध के लिए विरोध न करें और उनसे राष्ट्रीय हितों पर समान रुख अपनाना चाहिए। सदानंदन ने उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने सत्ता पक्ष की तरफ से धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। सदानंदन ने आसन की अनुमति से अपनी सीट पर बैठकर अपनी बात रखी।

सदानंदन द्वारा पेश धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भाजपा की विश्राम मेधा कुलकर्णी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हमें अथक परिश्रम करना है और आर्थिक समीक्षा बताती है कि हमारी अर्थव्यवस्था कितनी मजबूत है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में तीन करोड़ करदाता बढ़े हैं। इसका मतलब है कि युवाओं को रोजगार मिल रहा है, लोगों की आर्थिक क्षमता बढ़ी, वह क्रय कर रहे हैं और कर भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ से अधिक लोगों का गरीबी रेखा से ऊपर आना बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए, 80 करोड़ लोगों को अनाज दिया गया, 56 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला, 20 लाख से अधिक लोग स्टार्टअप में काम कर रहे हैं। यह उपलब्धियां बताती हैं कि मेहनत भी की और मेहनत सफल भी हुई। उन्होंने कहा कि 12 करोड़ से अधिक लाभार्थी मुद्रा योजना के हैं जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। महिला सशक्तिकरण का इससे बेहतर उदाहरण और क्या होगा।

### डिजिटल इंडिया कहीं जॉबलेस इंडिया न बन जाए : कांग्रेस

एआई को वर्तमान की सचाई करार देते हुए राज्यसभा में कांग्रेस सदस्य ने कहा कि सरकार को एआई पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए और भविष्य के लिए बेहतर रणनीति बनानी चाहिए ताकि डिजिटल इंडिया कहीं जॉबलेस इंडिया न बन जाए। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के अशोक सिंह ने आईटी क्षेत्र से जुड़ा मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि हमारे देश की मध्यम वर्गीय आकांक्षाओं की रीढ़ कहलाने वाला यह क्षेत्र आज संकट के दौर से गुजर रहा है क्योंकि इस पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई हावी होता जा रहा है। भाजपा के डॉ के लक्ष्मण, रामभाई हरजीभाई मोकारिया, बाबूभाई जेसंगभाई देसाई ने, लक्ष्मीकांत बाजपेयी और मनोनीत हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने भी आसन की अनुमति से लोक महत्व से जुड़े अपने-अपने मुद्दे उठाए।

## पत्नी की हत्या में व्यक्ति को अदालत ने सुनाई दोहरी उम्रकैद की सजा

अलाप्पुझा (केरल), एजेंसी

केरल में अलाप्पुझा की अदालत ने पत्नी की हत्या करने के जुर्म में सोमवार को एक व्यक्ति को दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई। अलाप्पुझा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भारती एस. ने चेरथला के पास पल्लीपुरम के निवासी राजेशकुमार उर्फराजन को पत्नी एंबिली की हत्या के लिए सजा सुनाई। अदालत ने अभियुक्त को संबंधित धाराओं में दोषी पाया। अदालत ने धारा 341 के तहत एक महीने का साधारण कारावास जबकि 302 के तहत आजीवन कारावास और एक लाख का जुर्माना लगाया। धारा 397 के तहत आजीवन कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एंबिली ने राजेशकुमार से उसके विवाहेत्तर संबंधों के बारे में पूछा, जिसके बाद वह गुस्सा हो गया। इसके बाद 18 मई 2024 को शाम साढ़े छह बजे उसने पल्लीपुरम में पल्लीचंदा जंक्शन के निकट एंबिली को रोका, उसे उसके स्कूटर से धक्का दिया और चाकू से 17 वार किए, जिससे एंबिली की मौत हो गई।

# वैश्विक शांति के लिए अमेरिका भारत संबंधों की मजबूती अहम

- शीर्ष अमेरिकी नेताओं की द्विपक्षीय संबंधों की सुदृढ़ता का आह्वान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के दोनों दलों के शीर्ष सांसदों और नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों तथा प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी विश्व भर में शांति और स्थिरता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है तथा उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को यहां एक विशेष स्वागत समारोह का आयोजन किया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान और उप महावाणिज्यदूत विशाल हर्ष ने समारोह में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस समारोह में सरकारी अधिकारी, कारोबारी नेता, शिक्षा और संस्कृति जगत के नेता, भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई प्रमुख सदस्य, राजनयिक कोर के सदस्य और विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए डेलवेयर के गवर्नर मैट मेयर ने इस बात पर जोर दिया कि उनके राज्य में भारतीय समुदाय सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी समुदाय है। उन्होंने डेलवेयर की विदेश सचिव चारुनी पतिबांडा-सांचेज के माता-पिता की प्रवासी यात्रा को याद किया, जो अमेरिका में इस पद को संभालने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी थीं।

मेयेर मार्च में भारत की यात्रा करने वाले हैं, जिसमें वह मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। सफोल्क काउंटी से रिपब्लिकन अमेरिकी प्रतिनिधि निक ला लोटा ने न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में इतालवी और आयरिश समुदायों के बाद बढ़ते भारतीय समुदाय को तीसरा समुदाय बताया।

## फिर से वैश्विक चिंता का सबब

# निपाह वायरस




निपाह वायरस स्वास्थ्य जगत के लिए एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत के कुछ राज्यों, विशेषकर पश्चिम बंगाल और केरल में कुछ मामले आने के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। यह केवल भारत तक सीमित चिंता नहीं है; ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वियतनाम और सिंगापुर जैसे देशों ने भी अपनी सीमाओं पर सुरक्षा प्रावधान और हवाई अड्डों पर स्क्रीनिंग तेज कर दी है। दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में भारत में मिले मामलों के बाद जनता से सतर्क रहने की अपील की है। निपाह एक ज़ूनोटिक वायरस है, यह जानवरों से इंसानों में फैलता है। इसके प्राकृतिक वाहक फ्रूट बैट्स (फल खाने वाले चमगादड़) हैं। इसकी मृत्यु दर चौंकाने वाली है, जो 40 से 75% के बीच रहती है, जिससे यह कोविड-19 जैसे अन्य वायरस की तुलना में कहीं अधिक घातक हो जाता है।

### लक्षण और पहचान

- पहले सामान्य फ्लू : निपाह के लक्षण संक्रमण के 4 से 14 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं। शुरुआत में यह सामान्य फ्लू जैसा लगता है, लेकिन बहुत तेजी से गंभीर हो जाता है।
- शुरुआती लक्षण : तेज बुखार आना, सिरदर्द होना, मांसपेशियों में भी दर्द, उल्टी और गले में खराश भी होती है।
- गंभीर लक्षण : संक्रमित व्यक्ति को चक्कर आने के साथ मानसिक भ्रम, सांस लेने में गंभीर समस्या और मस्तिष्क में सूजन हो सकता है।
- अंतिम स्थिति : संक्रमण से मरीज 24-48 घंटों में कोमा में जा सकता है।

### डब्ल्यूएचओ रख रहा नजर

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारत सरकार का नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) इस स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। जनवरी 2026 के अंत तक पश्चिम बंगाल के बारासात में दो स्वास्थ्य कर्मियों में इसके संक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद लगभग 196 लोगों की निगरानी की गई। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने इसे वैश्विक स्तर पर कम जोखिम वाली श्रेणी में रखा है क्योंकि इसका मानव-से-मानव प्रसार बहुत अधिक नहीं है, फिर भी इसकी गंभीरता को देखते हुए बचाव ही सबसे बड़ा उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने इसके लिए विशेष आइसोलेशन वार्ड, मोबाइल लैब (बीएसएल-3) और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (आरआरटी) को तैनात किया है ताकि किसी भी संभावित प्रकोप को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, वियतनाम, दक्षिण अफ्रीका जैसे देश अपने स्तर पर सतर्कता बरत रहे हैं। उन्होंने नागरिकों के लिए सुझाव भी जारी किए हैं।

### अभी कोई इलाज नहीं

- वर्तमान में निपाह वायरस के लिए कोई स्वीकृत टीका या विशेष एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है।
- इलाज का तरीका : अस्पताल में सपोर्टिव केयर ही मुख्य सहारा है। इसमें बुखार कम करने की दवाएं और सांस लेने के लिए वेंटिलेटर सहायता शामिल है।
- अनुसंधान की स्थिति : ऑक्सफोर्ड विवि बांग्लादेश में एक वैक्सीन का फेज-2 ट्रायल कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी का परीक्षण भी जारी है।

### क्या न करें

- जमीन पर गिरे या पक्षियों द्वारा कुतरे गए फलों को बिल्कुल न खाएं। खुले बर्तनों में रखी खजूर की ताड़ी का सेवन न करें। चमगादड़ों के रहने वाले इलाकों से दूर रहें। यदि किसी को तेज बुखार और भ्रम हो, तो उसे तुरंत अस्पताल ले जाएं, खुद इलाज न करें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वेनेजुएला में जेवियर ताराजोना जेल से रिहा

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो के सहयोगी एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता जेवियर ताराजोना को सरकार द्वारा लाए गए माफी विधेयक के तहत जेल से रिहा कर दिया गया है। मानवाधिकार संगठनों और उनके परिवार के सदस्यों ने रविवार को यह जानकारी दी। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को माफी विधेयक की घोषणा की थी, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुला है। जेवियर ताराजोना वेनेजुएला के गैर-लाभकारी मानवाधिकार संगठन फंडारेडेस के निदेशक हैं।

### अमेरिकी कवि एक्सजे कैनेडी का निधन

**न्यूयॉर्क।** पुरस्कार विजेता अमेरिकी कवि, लेखक, अनुवादक एवं शिक्षक एक्स. जे. कैनेडी का निधन हो गया है। वह 96 वर्ष के थे। कैनेडी ने 'द बेडफोर्ड रीडर' और अन्य पाठ्यपुस्तकों के जरिए करोड़ों विद्यार्थियों को शिक्षित किया और बाल कथाओं एवं चुटीली कविताओं के जरिए पाठकों को आकर्षित किया। 'द बेडफोर्ड रीडर' कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली पाठ्यपुस्तक है। कैनेडी की पुत्री डॉ. केट कैनेडी के अनुसार, एक्स जे कैनेडी का रविवार को मैसाचुसेट्स के पीबॉडी स्थित अपने घर पर निधन हो गया।

### पोलैंड में ठंड से 50 से अधिक की मौत

**वॉरसॉ।** पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को बताया कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया के मामलों की जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा कि परित्यक्त इमारतों में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं।

### चीन ने म्यांमार गिरोह के चार को फांसी दी

**ताइपे।** चीन ने छह चीनी नागरिकों की मौत का कारण बने और म्यांमार से चार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के घोटाले और जुए का नेटवर्क संचालित करने के दोषी पाए गए चार लोगों को फांसी दे दी। दक्षिण चीन की शेनझेन इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार सुबह जारी एक बयान में इन सजाओं की पुष्टि की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि फांसी कब दी गई। म्यांमार में इसी मामले में 11 अन्य लोगों को पिछले सप्ताह सजा सुनाई गई।

# ट्रंप को ईरान से समझौते की उम्मीद खामेनेई की युद्ध के विरुद्ध चेतावनी

## ट्रंप बोले-हमने जंगी पोत तैनात किए लेकिन समस्या का चाहते हैं कूटनीतिक हल

- ट्रंप ने कहा-आने वाले दो दिनों में हमें समझौते की है उम्मीद

तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौता होने की उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रंप ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किए हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।

ट्रंप ने कहा कि हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किए हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जायेगा कि वह सही थे या नहीं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया कि अमेरिका युद्ध शुरू करेगा तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नई बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीज़ों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा, हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा।



### ईरान ने ईयू के सभी राजदूतों को किया तलब

**दुबई।** ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के यूरोपीय संघ (ईयू) के फैसले पर विरोध दर्ज कराने के वास्ते इसके सभी राजदूतों को तलब किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ईरान को शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की कथित हत्या और सामूहिक फांसी के मामलों को लेकर अमेरिका की सैन्य कार्रवाई का खतरा झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी सेना ने यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और कई मिसाइल विध्वंसक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। हालांकि, यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बल प्रयोग का फैसला करेंगे या नहीं।

### ट्रंप समझदारी से लेंगे कोई फैसला

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि अमेरिका से उनका विश्वास उठ चुका है लेकिन वे परमाणु हथियारों पर निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मुझे युद्ध की चिंता नहीं है। मुझे गलत सूचना और दुष्प्रचार अभियान के कारण लिए जाने वाले सैन्य फैसलों की चिंता है। जाहिर है कि कुछ लोग हैं जो अपने फायदे के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को इस युद्ध में खींचना चाहते हैं। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप इतने समझदार हैं कि वह अपने फैसले खुद ले सकते हैं। कहा कि अमेरिका हमारे देश पर पहले की तरह कब्जा करना चाहता है लेकिन अब यह संभव नहीं है। उसे किसी भी हिमाकत का बहुत करारा जवाब मिलेगा।

# साल 2026 के ग्रैमी पुरस्कारों की हुई घोषणा, दलाई लामा ने रचा इतिहास

- 90 की उम्र में ग्रैमी पाने वाले पहले व्यक्ति बने दलाई लामा

लॉस एंजेलिस, एजेंसी

संगीत के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी के 68वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा यहां रविवार को हुई। रैपर बैड बनी के एल्बम डेबी तिरार मास फोटोज़ ने साल के सर्वश्रेष्ठ एल्बम का पुरस्कार जीता, जबकि साल के सबसे बेहतरीन रिकॉर्ड का पुरस्कार रैपर एवं गीतकार केंड्रिक लैमर तथा गायक एवं गीतकार सिज़ा के गीत लुथर ने जीता।

साल के सबसे बेहतरीन गीत का पुरस्कार वाइल्डफ्लावर ने जीता जिसे बिली एलिश और फिनीयस ओ'कॉनेल ने गाया है, जबकि साले के सबसे बेहतरीन नए कलाकार का खिताब ओलिविया डीन ने जीता। सर्वश्रेष्ठ पॉप वोकल एल्बम का खिताब मेहेम ने जीता जिसे मशहुर गायिका लेडी गागा ने गाया है। सर्वश्रेष्ठ सोलो पॉप का खिताब लोला यंग को मेसी के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ रैप एल्बम का पुरस्कार केंड्रिक लैमर ने जीएनएक्स के लिए जीता। जहां, बेस्ट पॉप डुओ या बेस्ट ग्रुप परफॉर्मेंस का खिताब सिन्थिया एरिवो और एरियाना ग्रांडे ने डिफाइंग ग्रैविटी के लिए जीता, वहीं सर्वश्रेष्ठ रॉक एल्बम का खिताब टर्नस्टाइल के नेवर इनफ ने जीता। पहली बार किसी स्पैनिश भाषा के एल्बम ने सर्वश्रेष्ठ एल्बम का खिताब जीता। केंड्रिक लैमर ने पांच खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वाइल्डफ्लावर के लिए सबसे बेहतरीन गीत का खिताब जितने वाले बिली एलिश और उनके भाई फिनीयस ओ'कॉनेल ने तीसरी बार इस श्रेणी में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। सबसे आश्चर्यजनक नाम दलाई लामा का रहा। अडियो-बुक रिकॉर्ड करने के लिए उन्हें ग्रैमी पुरस्कार दिया गया, जो कि 90 की उम्र में पहला ग्रैमी पाने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं।

### चीन ने किया दलाई को पुरस्कार देने का विरोध



**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा को दिए गए ग्रैमी पुरस्कार की निंदा करते हुए कहा कि वह तिब्बती आध्यात्मिक नेता द्वारा इस सम्मान का उपयोग चीन विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किए जाने का कड़ा विरोध करता है। दलाई लामा को पुरस्कार मिलने पर उनकी प्रतिक्रिया पूछे जाने पर, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने चीन के इस आरोप को दोहराया कि 90 वर्षीय आध्यात्मिक नेता धर्म के नाम पर अलगाववादी गतिविधियां चला रहे हैं। कहा कि दलाई लामा विशुद्ध रूप से धार्मिक व्यक्ति नहीं हैं।

### पुरस्कार पाने से फिर चूकीं अनुष्का शंकर

**लॉस एंजिलिस।** सितार वादक अनुष्का शंकर ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दो नामांकन मिलने के बावजूद कोई पुरस्कार नहीं जीत पाईं। ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस श्रेणी में बैड बनी के ईओओ को पुरस्कार के लिए चुना गया। इस श्रेणी में अनुष्का के फ्यूजन बैंड शक्ति के सहयोग से बने गीत शिरिनीज ड्रीम (लाइव) को नामांकित किया गया था। अनुष्का को ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी में भी भारतीय संगीतकार सिद्धांत भाटिया (साउंड्स ऑफ कुंभ) और शक्ति के माइंड एक्सप्लोजन के साथ नामांकित किया गया था लेकिन पुरस्कार कैटानो वेलोसो व मारिया बेथनिया के कैटेनो ई बेथनिया आओ वीवो को मिला। अनुष्का शंकर को अब तक ग्रैमी में 13 बार नामांकन मिल चुका है।

## जार्जिया में होटल में गोलीबारी, पुलिस कर्मी की गई जान

**लॉरेंसविले।** अटलांटा के उपनगरीय इलाके पर स्थित एक होटल में एक व्यक्ति ने पूछताछ के लिए पहुंची पुलिस पर गोली चला दी, जिससे एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्विनेट काउंटी पुलिस प्रमुख जे.डी. मैक्लुर ने बताया कि गोलीबारी के संदिग्ध को भी एक अधिकारी ने गोली मार दी थी, उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि अटलांटा से करीब 40 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्टोन माउंटेन के पास रविवार सुबह यह घटना हुई। एक व्यक्ति ने फोन पर बताया कि होटल में कमरा लेने के लिए एक व्यक्ति धोखाधड़ी या जालसाजी का सहारा ले रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस को होटल भेजा गया।

## शेख हसीना को दी भ्रष्टाचार मामले में 10 साल की सजा

- बांग्लादेश की अदालत ने दो अलग-अलग केस में सुनाई सजा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को सरकारी आवास परियोजना में भूमि आवंटन से जुड़ी अनियमितताओं से संबंधित भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को 10 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई।

ढाका की विशेष अदालत ने 79 वर्षीय शेख हसीना को सरकारी पद का गलत इस्तेमाल कर पुरबाचोल स्थित राजधानी उन्नयन कर्तृपक्ष (राजुक) न्यू टाउन परियोजना में अपनी भतीजी एवं ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सांसद व वहां की पूर्व मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक सहित अन्य लोगों को आवासीय भूखंड दिलाने के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश रोबी-उल आलम ने इसी मामले में शेख हसीना की दो भतीजियों और एक भतीजे को भी अलग-अलग अवधि की जेल की सजा सुनाई। सिद्दीक की छोटी बहन आजमान सिद्दीक और भाई रदवान मुजीब सिद्दीक बॉबी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। अपदस्थ प्रधानमंत्री और उनके रिश्तेदारों को यह सजा उनकी अनुपस्थिति में हुई सुनवाई के बाद दी गई। 16 आरोपियों में से केवल एक, भूखंड आवंटित करने वाली संस्था राजुक के वरिष्ठ अधिकारी खुर्शीद आलम पर ही व्यक्तिगत रूप से मुकदमा चला और फैसले के समय वह अदालत में मौजूद थे।

## वैज्ञानिक रामनाथन को क्रैफोर्ड पुरस्कार

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल के जलवायु वैज्ञानिक वीरभद्रन रामनाथन को रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने भू-विज्ञान में 2026 का क्रैफोर्ड पुरस्कार देने की घोषणा की है। भू-विज्ञान का नोबेल कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत रामनाथन को सुपर-प्रदूषकों और वायुमंडलीय ब्राउन क्लाउड्स पर शोध के लिए सम्मानित किया गया है, जिसने ग्लोबल वॉर्मिंग की समझ को नई दिशा दी।

रामनाथन (82) ने 1975 में नासा में काम करते हुए एक ऐतिहासिक खोज की थी। उन्होंने बताया कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी), जो एरोसोल और रेफ्रिजरेशन में व्यापक रूप से इस्तेमाल होते थे, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 10,000 गुना अधिक प्रभावी तरीके से गर्मी खींचते हैं।

## आर्मेनिया से सुरक्षा सहयोग को मजबूत करेगा भारत

- आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे सीडीएस जनरल चौहान

नई दिल्ली/यरेवन, एजेंसी

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल आर्मेनिया की आधिकारिक यात्रा पर है। इस दौरे को दोनों देशों के साझा रणनीतिक हितों और दीर्घकालिक रक्षा व सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया गया है।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय (आईडीएस एचक्यू) ने एक्स पर इस चार दिवसीय दौरे से जुड़ी कुछ जानकारी और तस्वीरें साझा कीं। आईडीएस एचक्यू ने एक पोस्ट में लिखा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में भारतीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल एक फरवरी को आर्मेनिया पहुंचा। यह दौरा दोनों देशों के साझा रणनीतिक हितों और दीर्घकालिक रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को मजबूत बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत यरेवन में भारत की राजदूत नीलाक्षी साहा सिन्हा और आर्मेनिया गणराज्य की सशस्त्र सेनाओं के उप प्रमुख मेजर जनरल टेमूर शहनजरयान ने किया।

आईडीएस एचक्यू ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि जनरल चौहान ने यरेवन में आर्मेनियाई जनसंहार स्मारक और संग्रहालय पर पुष्पांजलि अर्पित कर जनसंहार में जान गंवाने वाले 15 लाख आर्मेनियाई नागरिकों को श्रद्धांजलि दी।

## एआई के लिए ऑप्टिकल चिप्स बना रहा चीन

**बीजिंग।** आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेज़ी से बढ़ते इस्तेमाल और उसकी बढ़ती ऊर्जा खपत के बीच चीन अब पारंपरिक इलेक्ट्रॉनिक चिप्स के विकल्प के रूप में ऑप्टिकल चिप्स पर बड़ा दांव लगा रहा है। इन चिप्स को फ़ोटोन चिप्स भी कहा जाता है। ये चिप्स भविष्य में एआई की प्रोसेसिंग रफ्तार बढ़ाने और बिजली की खपत कम करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। ऑप्टिकल चिप्स ऐसे सेमीकंडक्टर होते हैं, जो बिजली (इलेक्ट्रॉन्स) की बजाय रोशनी (फोटॉन्स) के ज़रिए सूचना को प्रोसेस करते हैं। फोटॉन्स बहुत तेज़ गति से चलते हैं और इनमें गर्मी के रूप में ऊर्जा का नुकसान नहीं होता, इसलिए ये चिप्स पारंपरिक चिप्स से ज्यादा तेज़ हो सकते हैं।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 4 फरवरी 00 .40 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** — आज अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में किसी कारण दबाव रहेगा। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दांपत्य संबंधों में स्वार्थ की भावना को न आने दें। करियर में नए प्रयोग कर सकते हैं। दिनचर्या अस्त-व्यस्त न रखें।

**वृष** — आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक अनुशासित रहेगी। सभी कार्यों को सुनियोजित तरीके से करने से सफलता मिलेगा। जॉब में मनोनुकूल स्थानांतरण हो सकता है। व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए तत्पर रहेंगे।

**मिथुन** — आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। संतान की उन्नति से मन उत्साहित रहेगा, लेकिन आपको उन पर अधिक दबाव नहीं बनाना चाहिए। महत्वपूर्ण कार्य किसी कारणवश टल सकते हैं। पुराने मित्रों से चर्चा होगी।

**कर्क** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यय की तुलना में आपकी आय बढ़ेगी। रुकी हुई परियोजनाओं को प्रारंभ कर सकते हैं। जीवनसाथी को करियर में बड़ी सफलता मिल सकती है।

**सिंह** — आज बिना पूछे दूसरों को ज्ञान न दें। गर्भवती स्त्रियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से बहस न करें।

**कन्या** — आज स्थायी संपत्ति प्राप्त होने की संभावना है। अपने काम पर फोकस करेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**तुला** — आज नए काम में मन लगेगा। व्यवसाय में सुगमता रहेगी। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। आपकी सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में परस्पर सम्मान का भाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी होगा। छात्र पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मन में आध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे।


**धनु** — आज आपको धन हानि होने की आशंका है। इसीलिए उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों। वरना मुख्य बातों से आपका ध्यान भटक सकता है। अधिक गर्म व ठंडे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।

**मकर** — आज व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। विलासिता के साधनों में आप धन खर्च करेंगे। धन की कमी दूर होगी। कार्यक्षेत्र में सभी कार्य आपके अनुसार होते जाएंगे। आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — आज सहकर्मियों के माध्यम से आपको धन लाभ होगा, लेकिन आपको सभी कार्य अपने दम पर करने चाहिए। दूरस्थ क्षेत्र की यात्रा हो सकती है। दूसरों के मामलों में टांग न अड़ाएं। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मीन** — आज महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को जॉब के अवसर प्राप्त होने की संभावना है। नई विद्या या स्किल्स को सीखने का प्रयास करेंगे। नई परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। लंबित कानूनी मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 22 .10 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | 7 | | 1 | |
| | 6 | | 2 | | | | 9 | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | 2 | | 1 |
| | | | 3 | | 6 | 5 | | |
| 8 | | 1 | | | | | | |
| | 9 | | 1 | | | | | 6 |
| | 5 | | | | 3 | | 4 | |
| | 4 | | 5 | 7 | 8 | | 2 | |

### सुडोकू - 49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 |



पाकिस्तान के बहिष्कार पर आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है और हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं। जब तक हम आईसीसी से बात नहीं कर लेते। बीसीसीआई इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेगा।
–राजीव शुक्ला


# स्टेडियम

लखनऊ, मंगलवार,3 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### हरमनप्रीत, मंधाना और दिव्या अवाड्‌र्स के लिए नामांकित

**नई दिल्ली।** भारत की महिला विश्व कप 2025 की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख '2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

### अब्दुसत्तोरोव ने मास्टर्स खिताब जीता


**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने खराब फॉर्म से जूझ रहे अर्जुन एरिगेसी को हराकर सोमवार को यहां टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीत लिया। जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश संयुक्त आठवें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। गुकेश ने अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर से ड्रॉ खेला और 6.5 अंक के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने हालांकि प्रतियोगिता के दौरान आधे अंक जुटाकर उम्मीद से खराब प्रदर्शन किया और 2750 रेटिंग अंक से नीचे खिसक गए। आर प्रज्ञानानंद ने भी नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला व 5.5 अंक के साथ टूर्नामेंट खत्म किया।

### फार्मूला वन फिर शुरू करना चाहता है मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय भविष्य में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फार्मूला वन फिर शुरू करने का इच्छुक है और 2013 में आखिरी बार भारत में हुई रेस फिर शुरू करने के लिये ट्रैक अधिकारियों से बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि खेलमंत्री मनसुख मांडविया पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में ट्रैक का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से बात भी की है जिसने अब दिवालिया को चुके ट्रैक के मालिक जेपी समूह से परिसर अपने नियंत्रण में ले लिया है। अडानी समूह जेपी समूह खरीदने की दौड़ में है और अगर ऐसा हो गया तो भारत में रेस को वापिस लाने की कोशिशों को बल मिलेगा।

### भारत बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों का भरोसेमंद मेजबान : मांडविया

**नई दिल्ली।** ओलंपिक 2036 की मेजबानी के इच्छुक भारत को अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिये भरोसमंद और सफल मेजबान बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि पिछले एक साल में 20 से अधिक खेलों में 45 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करके भारत ने यह साबित कर दिया है। पिछले महीने इंडिया ओपन बैडमिंटन के आयोजन से जुड़े मसलों के लिये हुई आलोचना के बीच खेलमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय महासंघों से मिले समर्थन का हवाला दिया। भारत में 2030 राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में होंगे और इसी शहर को ओलंपिक 2036 की मेजबानी के दावेदार के रूप में चुना गया है।



दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स व गुजरात की कप्तान एश्ले गार्डनर।

# दिल्ली की नजरें लगातार चौथी बार फाइनल के टिकट पर

**वडोदरा, एजेंसी**

लगातार तीन बार उपविजेता रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में मंगलवार को यहां जब पहली बार प्लेऑफ में पहुंची गुजरात जाएंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश चौथी बार फाइनल में पहुंचने की होगी।

डब्ल्यूपीएल के छोटे से इतिहास में सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल दिल्ली कैपिटल्स ने एक बार फिर लीग चरण को सफलतापूर्वक पार करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाई। इसके साथ ही वह अब तक के सभी चार सत्रों में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र टीम बन गई है। मौजूदा सत्र में हालांकि दिल्ली का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें दबदबे वाले प्रदर्शन के साथ-साथ गिरावट भी देखने को मिली। टीम ने अब तक चार मैच जीते हैं और उसे इतने में हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली की गेंदबाजी की अगुवाई तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने की है। मौजूदा सत्र में 14 विकेट लेने वाली इस गेंदबाज ने आखिरी ओवरों में काफी प्रभावित किया है। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरनी (14 विकेट) का अच्छा साथ मिला है, जबकि दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी हरफनमौला मारिजेन कैप (10 विकेट) ने गेंदबाजी में नियंत्रण और भरोसेमंद प्रदर्शन जारी रखा है। बल्लेबाजी में कैप की हमवतन लौरा वोल्वार्ट (241 रन) और लिजेल ली (240 रन) ने शीर्ष क्रम में मजबूती प्रदान की है। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (208 रन) के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी हालांकि चिंता का विषय बनी हुई है।पिछले मैच में कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने दबाव की स्थिति में अपनी फॉर्म दोबारा हासिल की। वह इससे पहले पूरे सत्र में निरंतरता के लिए जूझती नजर आई थीं। गुजरात जायंट्स की टीम दूसरी ओर एलिमिनेटर में जबरदस्त आत्मविश्वास के साथ उतरेंगी। उन्होंने लगातार तीन मैचों की हार के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई। टीम ने इस दौरान गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 रन की अहम जीत भी हासिल की। यह दो बार की चैंपियन टीम के खिलाफ उनकी पहली जीत थी। टीम ने जीत से ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की की।

**महिला प्रीमियर लीग : एलिमिनेटर मुकाबला**

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रॉड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लौरा वोल्वार्ड्ट, लुसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, अलाना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मिन्नू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी, एड्डुला स्रुजना।

**गुजरात जायंट्स :** एश्ले गार्डनर (कप्तान), कनिका आहूजा, सोफी डिवाइन, भारती फुलमाली, किम गार्थ, काशवी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड़, हैप्पी कुमारी, जिंतिमनी कलिता, तनुजा कंवर, बेथ मूनी (विकेटकीपर), रेणुका सिंह, अनुष्का शर्मा, शिवानी सिंह, आयुषी सोनी, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

● **गुजरात जाएंट्स के खिलाफ भिड़ंत आज शाम 7:30 बजे से**

# भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार पर आईसीसी ने पाक को दी चेतावनी

## प्रतिबंध और राजस्व पर रोक सहित अन्य कड़े कदम उठाए जाने की संभावना

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान सरकार द्वारा भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच के बहिष्कार ''चुनिंदा भागीदारी'' की घोषणा के बाद कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा। ऐसा माना जा रहा है कि आईसीसी इस मुद्दे पर जल्द ही बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में आईसीसी भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने पर प्रतिबंध लगा सकता है और आईसीसी की ओर से पाकिस्तान के राजस्व पर भी रोक सहित अन्य कड़े कदम उठा सकता।

15 फरवरी को होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला टूर्नामेंट का सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से लाभदायक ग्रुप मैच माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट के कुछ ही घंटों बाद आईसीसी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आईसीसी की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस निर्णय से पीसीबी अपने देश पर होने वाले क्रिकेट के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने की संभावना है, जिसका पाकिस्तान स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार किसी मैच का बहिष्कार होने की स्थिति में पाकिस्तान को अपने अंक गंवाने पड़ेगे और उसके नेट रन रेट पर असर पड़ेगा, लेकिन भारत के नेट रन रेट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा भारत को जीत के दो अंक भी मिलेंगे। बयान में कहा गया कि आईसीसी को अब तक इस मामले पर पीसीबी से कोई औपचारिक संवाद प्राप्त नहीं हुआ है। आईसीसी के बयान में कहा गया आईसीसी पाकिस्तान सरकार द्वारा दिए गए उस बयान को संज्ञान में ले रहा है, जिसमें उन्होंने 2026 आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम को चुनिंदा मैचों में भाग लेने का निर्देश दिया है। आईसीसी अभी भी इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आधिकारिक संवाद की प्रतीक्षा कर रहा है। हालांकि चयनात्मक भागीदारी की यह स्थिति किसी वैश्विक खेल आयोजन की मूल भावना से मेल नहीं खाती, जहां सभी क्वालिफाई कर रही टीमों से तय कार्यक्रम के अनुसार समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने कहा आईसीसी के टूर्नामेंट खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, निरंतरता और निष्पक्षता पर आधारित होते हैं और चयनात्मक भागीदारी प्रतियोगिताओं की भावना और पवित्रता को कमजोर करती है। हालांकि आईसीसी राष्ट्रीय नीति से जुड़े मामलों में सरकारों की भूमिका का सम्मान करता है, लेकिन यह निर्णय वैश्विक खेल या पाकिस्तान के लाखों प्रशंसकों सहित दुनिया भर के प्रशंसकों के हित में नहीं है।

आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी अपने देश में क्रिकेट पर पड़ने वाले इसके महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करेगा, क्योंकि इसका असर वैश्विक क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ सकता है, जिसका वह स्वयं सदस्य और लाभार्थी है। आईसीसी की प्राथमिकता में आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप का सफल आयोजन करना है और यह पीसीबी सहित उसके सभी सदस्यों की जिम्मेदारी भी होनी चाहिए। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए आपसी सहमति से कोई समाधान तलाशेगा।

पाकिस्तान ग्रुप ए में भारत, नामीबिया, नीदरलैंड्स और अमेरिका के साथ है। वे अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेंगे, जो भारत के साथ टूर्नामेंट का सह-मेजबान है। पाकिस्तान सात फरवरी को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन दिन नीदरलैंड्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा।

**टी-20 विश्व कप**
**4 दिन शेष**

● **15 फरवरी को तय है भारत-पाकिस्तान का मुकाबला**

### सरकार का फैसला मानेगा पीसीबी : सूत्र

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के बहिष्कार के सरकार के फैसले पर चुप्पी साध रखी है लेकिन उच्च पदस्थ सूत्रों ने स्वीकार किया कि उनके पास सरकार के निर्देश मानने के अलावा कोई चारा नहीं है। तमाम नाटकीयता के बीच पाकिस्तानी टीम सात फरवरी से शुरू हो रहा विश्व कप खेलने कोलंबो रवाना हो गई है। पीसीबी के एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि अगर भारत के खिलाफ नॉकआउट चरण में कोई मैच खेलना पड़ता है तो बोर्ड सरकार का फैसला मानेगा। सूत्र ने कहा सरकार ने बोर्ड को भी बता दिया है कि टीम भारत के खिलाफ विश्व कप का मैच नहीं खेलेगी और अंक जाने देगी। अगर नॉकआउट चरण में भारत से खेलने की नौबत आई तो उस समय सरकार के फैसले पर अमल किया जाएगा।

## आईसीसी को करनी चाहिए कार्रवाई : गावस्कर, भज्जी

**नई दिल्ली, एजेंसी**





भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का अनुमान है कि पाकिस्तान 'यू टर्न' लेगा, लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को टी-20 विश्व कप के मैच का बहिष्कार करने पर आईसीसी को उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया है कि उसकी टीम कोलंबो में भारत के खिलाफ यह मैच नहीं खेलेगी और इसका कोई आधिकारिक कारण भी नहीं दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह कदम उठाया गया है। बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया गया है जिसने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार किया था।

गावस्कर ने कहा मुझे लगता है कि अगले चार या पांच दिन में दुनिया भर से प्रतिक्रिया आने लगेगी तो संभव है कि पाकिस्तान अपना फैसला बदल ले। टूर्नामेंट सात फरवरी से शुरू होगा और पाकिस्तान को सारे मैच श्रीलंका में खेलने हैं। गावस्कर ने कहा इसमें क्या नया है। हम सभी को पता है कि पाकिस्तानी क्रिकेटर रिटायर होते हैं और चार दिन बाद फैसला बदलकर कहते हैं कि हमारे प्रशंसकों ने और खेलने के लिए कहा है। उन्होंने कहा पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मिसाल कायम की है। वे संन्यास का फैसला बदलते रहते हैं लिहाजा 15 फरवरी से पहले ऐसा कुछ हो सकता है। गावस्कर और हरभजन सिंह दोनों ने कहा कि अगर आईसीसी पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करती है तो यह सही होगा। उन्होंने कहा पाकिस्तान के पास भारत के खिलाफ बड़े मैच से पीछे हटने का कोई कारण नहीं है। अनुबंध का उल्लंघन करने का कारण नहीं बता पाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा पहले उन्हें कोई दिक्कत नहीं थी लेकिन बांग्लादेश के मसले के बाद वे इसमें कूद पड़े। इस फैसले का असर आईसीसी पर पड़ सकता है लिहाजा आईसीसी को कानूनी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। इससे पूरे टूर्नामेंट पर असर पड़ सकता है।

# 25 करोड़ डॉलर के नुकसान की आशंका

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मुकाबला अनुमान के मुताबिक करीब 25 करोड़ डॉलर (2200 करोड़ रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा करता है और ऐसे में आगामी टी20 विश्व कप में इस अहम मुकाबले के नहीं होने से सभी हितधारकों को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है।

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के चलते भारत और पाकिस्तान केवल बहु-टीम टूर्नामेंटों में ही आमने-सामने होते हैं, लेकिन इस मुकाबले को लेकर रोमांच इतना जबरदस्त होता है कि आईसीसी हर वैश्विक आयोजन में दोनों टीमों को एक ही ग्रुप में रखता है। पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस बहु-प्रतीक्षित मुकाबले के बहिष्कार की घोषणा की। पाकिस्तान अगर अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे करोड़ों डॉलर के राजस्व नुकसान का जोखिम उठाना पड़ेगा। मैच नहीं होने की स्थिति में आईसीसी के खजाने और भारतीय मीडिया अधिकार धारक जियोस्टार को भी भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। जियोस्टार पहले से ही विश्व क्रिकेट संस्था के साथ अपने तीन अरब डॉलर के करार पर फिर से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है। वॉकओवर की स्थिति में हालांकि भारत को पूरे अंक मिल जाएंगे, लेकिन आईसीसी के पास पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर वित्तीय जुर्माना लगाने का अधिकार बरकरार रहेगा।

● **भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले में जमकर बरसता है धन**

प्रतिबंध या नुकसान की बात है, जैसा कि मैंने कहा, एक मैच की लागत 25 करोड़ डॉलर है (इसमें केवल प्रसारक का नुकसान नहीं, बल्कि सभी पहलू शामिल हैं)। पाकिस्तान की सालाना आय 3.55 करोड़ डॉलर है, इसलिए अंतर बहुत, बहुत बड़ा है।

**समी-उल-हसन बर्नी, आईसीसी और पीसीबी के पूर्व संचार प्रमुख**

### 10 सेकेंड के स्लॉट की कीमत 40 लाख तक

मेजबान प्रसारक को इस बड़े मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक के विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो सकता है। जबकि इस मैच के दौरान 10 सेकंड के विज्ञापन स्लॉट की कीमत 40 लाख रुपये तक होती है।

### अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी

**दुबई।** आईसीसी ने टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दो से छह फरवरी तक कुल 16 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका के चार शहरों में यह अभ्यास मैच खेले जाएंगे। भारत में, बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के दो ग्राउंड मैचों की मेजबानी करेंगे, जबकि भारत में शेष अभ्यास मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई के एम.ए चिदंबरम स्टेडियम में होंगे। श्रीलंका में कोलंबो में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, आर.प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड की मेजबानी करेंगे।

# तिलक वर्मा व मयंक यादव भारत ए टीम में

**मुंबई, एजेंसी**

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को सोमवार को टी-20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया, जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई। तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे।यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाया था जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था। बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।

# सिंधु बगैर एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत के सामने कड़ी चुनौती

**किंगदाओ (चीन), एजेंसी**



स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को यहां मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी। भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं। उन्होंने सत्र की शानदार शुरुआत की। इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी और दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी को तीन गेम तक चुनौती पेश की जिससे यह साबित हुआ कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सकती हैं। उन्नति हुड्डा भी 2025 के सफल सत्र के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही हैं। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। उन्होंने चीन ओपन में सिंधु को भी हराया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय उन्नति ने 2025 में ओडिशा मास्टर्स का खिताब भी जीता। एकल में जिम्मेदारी अब मालविका बंसोड़ और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी।

● **पुरुष बैडमिंटन टीम की नजरें पोडियम पर**

**उत्साह**

**अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया को महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर में भारतीय टीम की जीत पर यकीन**

# मनचाहा कोच व ट्रेनर मिला, टीम का अच्छा हुआ माहौल : सविता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने स्वीकार किया कि अगले महीने हैदराबाद में होने वाला महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर भारतीय टीम के लिए करो या करो की तरह है, लेकिन उन्हें यकीन है कि कोच शोर्ड मारिन की टीम जीत के साथ इस चुनौतीपूर्ण वर्ष का आगाज करेगी। इस साल पद्मश्री सम्मान के लिये चुनी गई सविता ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा हमारी टीम पहले भी अच्छी थी और आज भी अच्छी है। हमने जो ट्रेनर मांगा, वह हमें मिला और जो कोच चाहा, वह भी मिला और टीम का माहौल बहुत अच्छा है। तीन सौ से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुकी इस गोलकीपर ने कहा पूरी टीम को पता है कि विश्व कप क्वालीफायर हमारे लिये ''करो या मरो'' की तरह है लेकिन इतना यकीन है कि हमें उस तरह की हॉकी खेलनी आती है कि इसे जीत सकें।

एशिया कप के जरिये अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारतीय टीम को अब हैदराबाद में आठ से 14 मार्च तक क्वालीफायर खेलना होगा जिसमें इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरूग्वे, वेल्स और आस्ट्रिया भी शामिल है। प्रत्येक क्वालीफायर में शीर्ष तीन टीमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी, साथ ही दोनों प्रतियोगिताओं में चौथे स्थान पर रहने वाली उच्च रैंकिंग वाली टीम भी क्वालीफाई करेगी। आगे की चुनौतियों के बारे में उन्होंने कहा कि प्रो लीग के लिये क्वालीफाई करना बहुत जरूरी है जिसके लिये नेशंस कप जीतना होगा। उन्होंने कहा प्रो लीग से बाहर होना बड़ा झटका है और अब नेशंस कप जीतकर इसके लिये क्वालीफाई करना है। हम इसके जरिये विश्व की शीर्ष आठ टीमों के खिलाफ खेल सकते हैं जिससे काफी अच्छा अनुभव मिलता है। पैतीस वर्ष की इस पूर्व कप्तान ने कहा इस साल विश्व कप और एशियाई खेल भी हैं। दोनों टूर्नामेंटों के बीच में काफी कम समय है लिहाजा फिटनेस पर काम करना होगा। एशियाई खेलों में रजत और कांस्य है लेकिन अब नजरें स्वर्ण पर है ताकि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई कर सकें। उन्होंने कहा एशियाई खेलों में चीन से चुनौती मिलेगी लेकिन हमें उनकी और अपनी ताकत पता है। हमें विरोधी टीम की नहीं बल्कि अपनी ताकत पर फोकस करना है और इसी फलसफे से हमने नेशंस कप जीतकर प्रो लीग के लिये क्वालीफाई किया था और आगे भी करेंगे। टोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रदर्शन में पिछले साल आई गिरावट के लिये सविता ने फिटनेस के खराब स्तर को कसूरवार ठहराया।

उन्होंने कहा खेल में उतार-चढाव आते रहते हैं और पिछले साल ऐसा ही एक दौर था। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि हमारी फिटनेस में कहीं न कहीं कमी रह गई थी। टोक्यो ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन के पीछे फिटनेस बहुत बड़ा कारण था।

### नए कोच के आने से हुई प्रेरित

पूर्व कोच हरेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद शोर्ड 2017 से 2021 तक कोच रहने के बाद एक बार फिर भारतीय टीम से जुड़े हैं। सविता ने कहा शोर्ड हमें काफी प्रेरित करते हैं और सकारात्मक माहौल रखते हैं। मैदान पर वह काफी डिमांडिंग कोच हैं और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं। फिटनेस समस्याओं से उबरकर हॉकी इंडिया लीग के जरिये वापसी करने वाली इस धुरंधर ने कहा अगर मैं अपनी बात करूं तो 2017 में मेरा कैरियर लगभग खत्म होने वाला था क्योंकि रियो ओलंपिक में प्रदर्शन अच्छा नहीं था। उन्होंने मुझे एक मौका दिया और वहीं से मैंने अपनी गोलकीपिंग का मजा लेना शुरू किया। उनके भरोसे से मुझे अच्छे प्रदर्शन में काफी मदद मिली।